   Definite Article 'The' generally points out a particular person, place or thing.
   मुख्यतः "THE" का प्रयोग किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु के साथ होता है, जिसके बारे में पहले से ही जानकारी हो।

2) **Indefinite Article [A/An]-**
   Indefinite Article 'A/An' does not point out any particular person or thing.
   मुख्यतः "A/An" का प्रयोग किसी ऐसे व्यक्ति, स्थान या वस्तु के साथ होता है जिसके बारे में पहले से जानकारी न हो।

Read the following. *(नीचे दिये गये तथ्य को समझिए)*
मान लीजिए, आप घर पर हैं। अचानक एक लड़का दरवाजा खटखटाता है। आप दरवाजे पर गये और देखा कि वो लड़का आपके पापा से बात करना चाहता है। आप पापा के पास जाकर कुछ यूँ कहेंगे "पापाजी, दरवाजे पर एक/कोई लड़का है, जो आप से बात करना चाहता है।" इस वाक्य से ये पता चलता है कि आपके पापा ने आपको उस लड़के के बारे में पहले से कुछ नहीं बताया था इसीलिए आपने कहा " एक/कोई लड़का "। अच्छा सोचिए, अगर आपके पापा ने आपको पहले ही बताया हुआ होता कि कोई लड़का उनसे बात करने आने वाला है तो आप "एक/कोई" का प्रयोग नहीं करते बल्कि आप तो फिर कुछ इस तरह कहते न कि "पापा, दरवाजे पर वो लड़का आ गया है जो आप से बात करने आने वाला था।"

एक/कोई लड़का – A boy
वो लड़का – The boy

जब किसी अनजान व्यक्ति, स्थान या वस्तु के बारे में पहली बार बात हो रही हो, तो "एक/कोई" के लिए A/An का प्रयोग होता है और जब किसी ऐसे व्यक्ति, स्थान या वस्तु की बात हो जिसके बारे में पहले भी बात हो चुकी हो, तो ऐसे में The का प्रयोग होता है।

Assume that You are at home. Suddenly, a boy knocks at the door and wants to talk to your dad. You go to your dad and say 'Dad, a boy is at the door, who wants to talk to you.' Since your father hadn't told you beforehand that there was some boy about to come, that's why you used 'a'. Just imagine, if your father had already told you about that boy then you would have instead said 'Dad, the boy is at the door, who had to come to talk to you.'

If the person, place or thing is unknown or being talked about for the first time, then we need to use indefinite article i.e. "a" or "an", however if the person, place or thing is known and already been talked about, then we need to use definite article i.e. "the".

कुछ उदाहरण देखिए –

1) This is the book I was talking about. यही तो किताब है जिसके बारे में मैं बात कर रहा था।
2) This is a book. यह एक किताब है।

पहले वाले वाक्य में उस किताब के बारे में पहले भी बात हो चुकी है, इसीलिए किताब से पहले 'The' का प्रयोग किया गया है।

3) A Mr. Rahul is at the door. कोई मि0 राहुल दरवाज़े पर हैं।
4) Mr. Rahul is at the door. मि0 राहुल दरवाज़े पर हैं।

दूसरे वाक्य में मि0 राहुल से पहले 'The' इसलिए नहीं लगाया क्योंकि व्यक्तिवाचक संज्ञा के साथ 'The' नहीं लगता।

महत्वपूर्ण तथ्य (An important fact)
हमने अक्सर पढ़ा है कि 'an' का प्रयोग तब किया जाता है जब अगले शब्द की शुरुआत स्वर (a, e, i, o, u) से हो और 'a' का प्रयोग तब किया जाता है जब अगले शब्द की शुरुआत व्यंजन (b, c, d, f, g, h, j, k, l, m, n, p, q, r, s, t, v, w, x, y, z) से हो। अगर ये सच है तो फिर 'hour' के साथ 'an' का प्रयोग क्यों किया जाता है जबकि 'hour' एक ऐसा शब्द है जिसकी शुरुआत व्यंजन (h) से होती है। और 'University' के साथ 'a' का प्रयोग क्यों किया जाता है जबकि 'University' एक ऐसा शब्द है जिसकी शुरुआत स्वर (u) से होती है। सच तो ये है कि बात स्वर या व्यंजन से शुरु होने की नहीं बल्कि स्वर या व्यंजन की ध्वनि से शुरु होने की है।
We have often been taught that 'an' is used when the next word starts with a vowel and 'a' is used when the next word starts with a consonant. If it is true, then why do we say 'An hour' or 'A university'; 'h' is a consonant, why don't we use 'a' before it & 'u' is a vowel, why don't we use 'an'. The fact is; it's not about starting of next word with a vowel or a consonant, rather it's all about the starting of next word with a vowel sound or a consonant sound.

स्वर की ध्वनि (vowel sound) - अ आ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ अं अः।
व्यंजनों की ध्वनि (consonant sound) - क ख ग ....क्ष त्र ज्ञ।

कहाँ पर "A" और कहाँ पर "An"
(When to use "A" and when to use "An")

An का प्रयोग	अगर अगले शब्द की शुरुआत स्वर की ध्वनि से हो।
An will be used	if the next word starts with a vowel sound.
A का प्रयोग	अगर अगले शब्द की शुरुआत व्यंजन की ध्वनि से हो।
A will be used	if the next word starts with a consonant sound.

Examples:

A boy	बॉय	व्यंजन (ब) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (ब) so used 'a'
A pen	पैन	व्यंजन (प) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (प) so used 'a'
A university	यूनिवर्सिटी	व्यंजन (य) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (य) so used 'a'
A year	यीयर	व्यंजन (य) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (य) so used 'a'
An ear	इअर	स्वर (इ) की ध्वनि है इसलिए **an** लगाया।	Vowel sound (इ) so used 'an'
A bucket	बकैट	व्यंजन (ब) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (ब) so used 'a'
An honest	ऑनैस्ट	स्वर (अ) की ध्वनि है इसलिए **an** लगाया।	Vowel sound (अ) so used 'an'
An hour	आवर	स्वर (अ) की ध्वनि है इसलिए **an** लगाया।	Vowel sound (अ) so used 'an'
An MLA	एम एल ए	स्वर (ए) की ध्वनि है इसलिए **an** लगाया।	Vowel sound (ए) so used 'an'
A union	यूनियन	व्यंजन (य) की ध्वनि है इसलिए **a** लगाया।	Consonant sound (य) so used 'a'
An orange	ऑरेन्ज	स्वर (अ) की ध्वनि है इसलिए **an** लगाया।	Vowel sound (अ) so used 'an'

"the" को कहाँ पर "द" और कहाँ पर "दी" बोलें
(When to pronounce "the" and when to pronounce "thee")

The को 'दी' बोलेंगे	अगर अगले शब्द की शुरुआत स्वर की ध्वनि से हो।
The will be pronounced as 'thee'('दी')	if the next word starts with a vowel sound.
The को 'द' बोलेंगे	अगर अगले शब्द की शुरुआत व्यंजन की ध्वनि से हो।
The will be pronounced as 'the'('द')	if the next word starts with a consonant sound.

Examples:

the boy	बॉय	व्यंजन (ब) की ध्वनि है इसलिए **द** कहेंगे।	Consonant sound (ब) so pronounce as 'the'
the pen	पैन	व्यंजन (प) की ध्वनि है इसलिए **द** कहेंगे।	Consonant sound (प) so pronounce as 'the'
the university	यूनिवर्सिटी	व्यंजन (य) की ध्वनि है इसलिए **द** कहें।	Consonant sound (य) so pronounce as 'the'
the year	यीयर	व्यंजन (य) की ध्वनि है इसलिए **द** कहेंगे।	Consonant sound (य) so pronounce as 'the'
the ear	इअर	स्वर (इ) की ध्वनि है इसलिए **दी** कहेंगे।	Vowel sound (इ) so pronounce as 'thee'
the bucket	बकैट	व्यंजन (ब) की ध्वनि है इसलिए **द** कहेंगे।	Consonant sound (ब) so pronounce as 'the'
the hour	आवर	स्वर (अ) की ध्वनि है इसलिए **दी** कहेंगे।	Vowel sound (अ) so pronounce as 'thee'
the MLA	ऐम ऐल ए	स्वर (ऐ) की ध्वनि है इसलिए **दी** कहेंगे।	Vowel sound (ए) so pronounce as 'thee'
the orange	ऑरेन्ज	स्वर (अ) की ध्वनि है इसलिए **दी** कहेंगे।	Vowel sound (अ) so pronounce as 'thee'
the end	एन्ड	स्वर (ए) की ध्वनि है इसलिए **दी** कहेंगे।	Vowel sound (ए) so pronounce as 'thee'

'The' का प्रयोग कहाँ पर (Where to use 'The'):

Few Cases:

- **With unique People/objects.** (यूनीक लोगों या वस्तुओं के साथ जो एक ही हैं)
  The Sun, The Earth, The Moon, The president, The CEO, The world, The sky etc.

- **With adjectives referring to a whole group of people.**
  (जो विशेषण पूरे एक ग्रुप या जाति का बोध करायें)
  The old, The young, The rich, The poor, etc.

- **With famous buildings, museums and monuments.**
  (प्रसिद्ध भवन, संग्रहालयों व स्मारकों के साथ)
  The Taj Mahal, The Qutub Minar, The Lal Quila, The Eiffel Tower, The Globe etc.

- **With superlative degrees of an adjective.**
  (किसी विशेषण की **superlative degrees** के साथ)
  The highest, The most, The lowest, The youngest, The oldest, The poorest etc.

- **With ordinal numbers.** (क्रमवाचक संख्याओं से पहले)
  The last chapter, The first time, The second occasion, The third member etc.

- **With countries whose names include words like kingdom, states or republic.**
  (जिन देशों के नाम में किंगडम, स्टेट्स या फिर रिपब्लिक आये।)
  The United States, The United Kingdom, The Republic of Ireland etc.

- **With rivers, canals & oceans.** (नदी, नहर व सागरों के साथ)
  The Gangas, The Nile, The Atlantic, The pecific etc.

- **With countries that have plural names.**
  (उन देशों के साथ जिनके नाम बहुवचन हों यानि अन्त में s लगा हो)
  The Netherlands, The Philippines etc.

- **With the names of families.** (परिवारों के नामों के साथ)
  The Ranas, The Khans, The Rawats, The Guptas, The Jacksons etc.

- **Before the word 'only' if in the sentence the meaning of 'only' is 'only one'.**
  (**the** का प्रयोग **only** से पहले केवल तब किया जाता है जब वाक्य में **only** का मतलब 'इकलौता' हो)
  The only son, The only friend, The only batsman etc.

- **'The'** का प्रयोग **'whole'** से पहले व **'all'** के बाद होता है।
  'The' is used before the word 'whole' and after the word 'all'.

I am reading whole book.	(Incorrect)
I am reading the whole book.	(Correct)
All books are kept on the table.	(Incorrect)
All the books are kept on the table.	(Correct)

<u>'The' का प्रयोग कहाँ पर नहीं (Where not to use 'The'):</u>

<u>Few Cases:</u>

- **'The'** का प्रयोग किसी बीमारी के नाम से पहले नहीं किया जाता।
  'The' is not used before the name of any disease.

  He is suffering from <u>the</u> fever. (Incorrect)
  He is suffering from fever. (Correct)

- **'The'** का प्रयोग किसी देश के नाम से पहले नहीं किया जाता।
  'The' is not used before the name of any country.

  I live in <u>the</u> India. (Incorrect)
  I live in India. (Correct)

- **'The'** का प्रयोग किसी भाषा के नाम से पहले नहीं किया जाता।
  'The' is not used before the name of any language.

  I speak <u>the</u> Hindi. (Incorrect)
  I speak Hindi. (Correct)

- **'The'** का प्रयोग **Breakfast, Lunch, Dinner** से पहले नहीं किया जाता।
  'The' is not used before Breakfast, Lunch, Dinner.

  I had <u>the</u> breakfast at 7 o'clock. (Incorrect)
  I had breakfast at 7 o'clock. (Correct)

- **'The'** का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा से पहले नहीं किया जाता।
  'The' is not used before proper noun.

  <u>The</u> Ram, <u>The</u> Delhi, <u>The</u> India, <u>The</u> Rahul (Incorrect)

> अंग्रेज़ी सिर्फ एक विषय नहीं, एक भाषा भी है और केवल नियम सीख लेना ही काफी नहीं बल्कि प्रैक्टिस करने से ही आपकी समझ और बेहतर होती जायेगी। धैर्य रखिए और अपने सभी चैप्टर एक के बाद एक पूरी तरह समझते हुए पढ़ते जाइये।
>
> **English is not only a subject, but also a language, hence you can't learn everything just using certain rules. There is a saying, practice makes a man perfect. We request you to practice as much as possible. Read newspapers, learn new words, try to use learned**

Lesson – 14

Prepositions – सम्बन्ध सूचक अव्यय/पूर्वसर्ग {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

"Preposition वो शब्द या शब्दों का समूह है जो किसी संज्ञा या सर्वनाम और वाक्य के दूसरे भाग के बीच के सम्बन्ध को दर्शाता है। आमतौर पर इसे किसी संज्ञा या सर्वनाम से पहले स्थित किया जाता है। एक बात और, जिस संज्ञा या सर्वनाम के साथ Preposition का प्रयोग किया जाता है, वह संज्ञा या सर्वनाम इसका Object कहलाता है।"

"Preposition is the word or group of words that is generally placed before a noun or a pronoun to express its relation with other part of the sentence. The noun or pronoun used with the preposition is called its object."

Examples:

1. **I am coming from Delhi. (मैं दिल्ली से आ रहा हूँ।)**
   यहाँ पर Preposition है – "from". Noun है – "Delhi", जो कि "from" का "object" कहलाता है।
2. **Ram depends on you. (राम तुम पर निर्भर है।)**
   यहाँ पर Preposition है – "on". Pronoun है – "You", जो कि "on" का "object" कहलाता है।

आइए सभी Prepositions को एक एक करके पढ़ें व समझे।

इस चैप्टर में शामिल किये गये वाक्य आगे आने वाले चैप्टर जैसे Simple Sentences, Tenses, Modals, There, It आदि से लिये गये हैं। हमारी सलाह है कि आप जब आने वाले इन चैप्टरों को पढ़ लेंगे तो इस चैप्टर को एक बार फिर पढ़ियेगा। इससे वाक्यों को आप और बेहतर समझ पायेंगे।

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
From (से)	*किसी जगह से (From some place)*	1. I am coming from Dehradun. (मैं देहरादून **से** आ रहा हूँ।) 2. They came from park. (वे पार्क **से** आये।)
	किसी समय से (Point of time)	1. I will work from tomorrow. (मैं कल **से** काम करूँगा।) 2. Ram will work from 10 o'clock. (राम दस बजे **से** काम करेगा।)
	किसी स्रोत से (From any source)	1. I heard it from Ram. (मैंने राम **से** ये सुना।) 2. I wrote it from the book. (मैंने ये किताब **से** लिखा।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Off (से)	***किसी सतह से अलग होना।*** अगर मैं कहूँ कि पैन को टेबल से उठा लो तो जब पैन उठाया जायेगा तो वो टेबल की सतह से अलग होगा। इसी तरह, माना मैं कहूँ कि बन्दर पेड़ से कूदा तो बन्दर पेड़ की सतह को छोड़ेगा। वाहन से उतरने को "Get off" कहते हैं। कभी सोचा है कि off क्यों लगाया? क्योंकि उतरते वक्त हम वाहन की सतह को छोड़ते हैं। इसी तरह, किसी हवाईजहाज के एयरपोर्ट से उड़ने को "Take off" कहते हैं। इसलिए क्योंकि एयरपोर्ट से उड़ान भरते वक्त हवाईजहाज एयरपोर्ट की सतह को छोड़ता है। ***Leaving a surface.*** It may be a pen leaving the surface of table while being picked up, a monkey leaving the surface of tree while jumping from there, we leaving the surface of a vehicle while getting off or a plane leaving the surface of airport while taking off.	1. I picked the mobile off the bed. (मैंने मोबाइल को बिस्तर **से** उठाया।) 2. I am wiping the dust off the screen. (मैं स्क्रीन **से** धूल हटा रहा हूँ।) 3. Monkey jumped off the tree. (बन्दर पेड़ **से** कूदा।) 4. Move the cup off the table. (टेबल **से** कप हटा दो।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Since (से)	'since' का प्रयोग निश्चित समय के साथ होता है जब भी कभी वाक्य में रहा, रही, रहे का प्रयोग भी हो। ('since' is used for point of time when the sentence is in continuous form) उदाहरण – 1. Since 2 AM/ 2 PM/ 2 o'clock/ 3 o'clock 2. Since 1998/ 2005/ 2009/ 2012 3. Since Monday, Tuesday,……., Sunday 4. Since morning/ evening/afternoon/night 5. Since yesterday(कल)/day before yesterday(परसों) 6. Since childhood(बचपन से)/ Since birth (जन्म से)	1. I have been working since morning. (मैं सुबह **से** पढ़ रहा हूँ।) 2. He has been trying since Monday. (वो सोमवार **से** कोशिश कर रहा है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
For	<u>(से)</u> 'For' का प्रयोग अनिश्चित समय यानि समय की अवधि के साथ होता है जब भी कभी वाक्य में रहा, रही, रहे का प्रयोग भी हो। ('For' is used for duration of time when the sentence is in continuous form) 1. For 2 seconds/ 2 minutes/ 2 hours / 2 days/ 2 weeks/ 2 months/ 2 years / 2 centuries 2. For a long (काफी देर से) 3. For a while (कुछ देर से) 4. For many days/hours/months/years	1. I have been studying for 2 hours. (मैं 2 घंटे **<u>से</u>** पढ़ रहा हूँ।) 2. He has been trying for many days. (वो कई दिनों **<u>से</u>** कोशिश कर रहा है।)
	<u>के लिए (For any purpose)</u> ***<u>उदाहरण</u> –*** पढ़ने के लिए, देखने के लिए, पैसे के लिए, किताब के लिए।	1. I did it for you. (मैंने ये तुम्हारे **<u>लिए</u>** किया।) 2. He came to me for money. (वो मेरे पास पैसे के **<u>लिए</u>** आया।)
	<u>किसी चीज़ के बदले कुछ और (For exchange)</u> अगर मैं कहूँ कि मैंने 20 रु की किताब खरीदी तो इसका मतलब यह है कि मैंने 20 रु के बदले में किताब ली। सोचो अगर किसी ने मुझे मेरे दो मोबाईलों के बदले में मुझे एक कम्प्यूटर दे दिया तो यह भी तो किसी चीज़ के बदले कुछ और लेना ही है।	1. I gave a mobile for Rs. 500. (मैंने 500 रु **<u>में</u>** मोबाईल दिया।) 2. He bought a pen for Rs. 5. (उसने 5 रु **<u>में</u>** एक पैन खरीदा।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
In	**<u>(में) समय के साथ (With time)</u>** ***<u>उदाहरण</u> –*** दो साल में (in 2 years) , एक दिन में (in one day) 2006 में (in 2006), 2012 में (in 2012) गर्मियों में (in summers), सर्दियों में (in winters) सुबह में (in the morning), शाम में (in the evening) किसी महीने में (in any month) ***जैसे*** – जनवरी में (in January), मार्च में (in March)	1. I was born in January. (मैं जनवरी में पैदा हुआ था।) 2. He will come home in 2015. (वो 2015 में घर आयेगा।) 3. I left the company in June 2009. (मैंने जून 2009 में कम्पनी छोड़ी।) 4. I will leave in half an hour. (मैं आधे घंटे में निकलूँगा।)
	<u>(में) बडी जगह के साथ (किसी देश में, किसी शहर में आदि)</u> **<u>(में) With large places (Country, city, town etc)</u>** ***<u>उदाहरण</u> –*** लन्दन में , शाहदरा में, बाज़ार में, देहरादून में, दिल्ली में। (in London, in Shahdara, in Dehradun, in Delhi)	1. I live in Delhi. (मैं दिल्ली में रहता हूँ।) 2. He will study in America. (वो अमेरिका में पढ़ाई करेगा।)
	<u>(में) किसी वस्तु के अन्दर</u> **<u>(में) In some object</u>** ***<u>उदाहरण</u> –*** जग में , किताब में, मोबाइल में। (in Jug, in book, in mobile)	1. I found no songs in this mobile. (मुझे इस मोबाईल में गाने नहीं मिले।) 2. We have read it in book. (हमने ये किताब में पढ़ा है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Into	**(में) गतिशील अवस्था (motion)** अगर मैं कहूँ कि मैं कमरे में जा रहा हूँ तो अन्दर घुसते वक्त की स्थिति को 'into' कहेंगे क्योंकि उस वक्त मैं गतिशील अवस्था में होऊँगा।	1. Pour the coffee into the cup. (कॉफी को कप में डालो) 2. He is going into the room. (वो कमरे में जा रहा है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Before	**पहले** 2 बजे से पहले, शाम से पहले, मुझसे पहले, मेरे कहने से पहले (before 2 o'clock, before evening, before me, before I say)	1. This train will reach before time. (यह ट्रेन समय से पहले पहुँचेगी।) 2. I will come before you leave. (मैं तुम्हारे निकलने से पहले आऊँगा।)
	सामने आपको ताज्जुब हुआ होगा क्योंकि सामने को तो "in front of" कहते हैं। पर अब जान लीजिए कि before भी कहते हैं।	1. Now I am standing before you. (अब मैं आपके सामने खड़ा हूँ।) 2. He was sitting before his dad. (वो अपने पापा के सामने बैठा था।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
After	**बाद में**	1. I will meet you after 10. (मैं तुमसे 10 बजे के बाद मिलूँगा।) 2. I reached after them. (मैं उनके बाद पहुँचा।)
	किसी के पीछे पड़ना जैसे – पुलिस का चोर के पीछे पड़ना, किसी को पाने के लिए पीछे पड़ना। Example – Police chasing thief, chase someone/ something to acquire.	1. I was after my professor for getting some help. (मैं मदद पाने के लिए अपने प्रोफेसर के पीछे पड़ गया था।) 2. He was unnecessarily after that girl. (वो बेवजह उस लड़की के पीछे पड़ा हुआ था।) 3. My father has denied thrice but I am still after him. (मेरे पापा ने तीन बार मना कर दिया है पर मैं अभी भी उनके पीछे पड़ा हुआ हूँ।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
By	**<u>द्वारा (In passive voice)</u>** *<u>उदाहरण –</u>* राम के द्वारा , किसी के द्वारा। (by Ram, by someone)	1. I was stopped by someone. (मुझे किसी के द्वारा रोका गया।) 2. He can be sent by his father. (उसे अपने पापा द्वारा भेजा जा सकता है।)
	<u>से</u> (किसी वाहन से सफर करना) (travel by some vehicle) *उदाहरण –* बस से, कार से, प्लेन से। (by bus, by car, by plane)	1. I travelled by bus. (मैंने बस से यात्रा की।) 2. He is coming by noon flight. (वो दोपहर की फ्लाइट से आ रहा है।
	<u>तक</u> (समय के साथ–केवल future indefinite tense में) (With time – only in future indefinite tense) *उदाहरण –* 2 बजे तक, सुबह तक। (by 2 o'clock, by morning)	1. I will leave by 4 o'clock. (मैं 4 बजे तक निकल जाऊँगा।) 2. We will finish it by morning. (हम सुबह तक ये खत्म कर देंगे।)
	<u>बगल में</u> "बगल में" के लिए by के अलावा beside, next to, adjacent भी प्रयोग करते हैं जो आप आगे पढ़ने वाले हैं।	1. I was standing by him. (मैं उसके बगल में खड़ा था।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
With	**<u>से</u>** **<u>(किसी चीज का प्रयोग करके कुछ करना)</u>** (Perform a task with the help of something) *<u>उदाहरण –</u>* चाकू से, पैन से, तलवार से। (with a knife, with a pen, with a sword)	1. I cut the cake with a knife. (मैंने चाकू से केक काटा।) 2. He wrote the letter with a blue pen. (उसने नीले पैन से पत्र लिखा।) 3. He killed the bird with a stone. (उसने पत्थर से चिड़िया मारी।)
	<u>साथ</u> **<u>(किसी के साथ)</u>** (accompany someone or something) *<u>उदाहरण –</u>* राम के साथ, तुम्हारे साथ, किसी वस्तु के साथ आदि। (with Ram, with you, with a thing etc.)	1. I am with Ram in this matter. (इस मामले में मैं राम के साथ हूँ।) 2. We will be with you. (हम आपके साथ रहेंगे।) 3. My dad went to his office with the laptop. (मेरे पापा अपने ऑफिस लैपटॉप ले के गये।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
	<u>निश्चित समय के साथ (With point of time)</u> **उदाहरण –** दो बजे (at 2 o'clock) , शाम 4 बजे (at 4 PM)	1. I was born at 2. (मैं 2 बजे पैदा हुआ थां) 2. He will come home at 10 AM. (वो सुबह 10 बजे घर आयेगा।)
	<u>(में/पर) छोटी जगह के साथ (with small places)</u> **उदाहरण –** बस स्टाप में/पर , कुर्सी में/पर। (at bus stop, at the chair) अगर छोटी और बड़ी दोनों जगहों के बारे में बताया गया है तो पहले छोटी जगह at के साथ और फिर बड़ी जगह in के साथ लिखेंगे। अगर मैं कहूँ कि मैं रोहिणी में रहता हूँ जो दिल्ली में है, तो ध्यान दीजिए कि पहले छोटी जगह Rohini "at" के साथ और फिर बड़ी जगह Delhi "in" के साथ लिखेंगे। कुछ इस तरह – I live at Rohini in Delhi. पर अगर मैं ये कहूँ कि मैं रोहिनी में रहता हूँ तो रोहिनी अपने आप में एक बड़ी जगह ही है इसलिए मैं कहूँगा – I live in Rohini.	1. I stayed at a hotel. (मैं एक होटल में रुका।) 2. He was standing at the bus stop. (वो बस स्टाप पर खड़ा था।) 3. Rahul works at a store. (राहुल एक स्टोर में/पर काम करता है।)
At	**<u>रात और दोपहर के साथ (With night/noon)</u>**	1. I was there at noon. (मैं दोपहर में वहाँ था।) 2. We study at night. (हम रात मे पढ़ते हैं।)
	<u>मूल्य बताने में (to tell the cost of something)</u>	1. This fruit is selling at Rs. 10 per kg. (यह फल 10 रु किलो बिक रहा है।) 2. I am buying onion at Rs 20 per kg. (मैं प्याज़ 10 रु किलो खरीद रहा हूँ।)
	<u>किसी त्योहार या खास अवसर पर (in any festival / event)</u> **उदाहरण –** होली पर, दीवाली पर, जन्मदिन पर, पार्टी में (at holi, at diwali, at birthday, at the party)	1. I will come home at Holi. (मैं होली पर घर आऊँगा।) 2. I will come home at Diwali. (मैं दीवाली पर घर आऊँगा।) 3. He will go there at his birthday. (वो उसके जन्मदिन पर वहाँ जायेगा।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Through	<u>से (किसी चीज़ के आर पार देखना)</u> **<u>(to see through some object)</u>** अगर मैं कहूँ कि मैं खिड़की से तुम्हें देख रहा हूँ, तो वास्तव में मैं खिड़की के पार ही तो देख रहा हूँ क्योंकि मैं इस तरफ हूँ और तुम उस तरफ। If I am in a room and you are outside. I am able to watch you through a window. I am this side and you are the other side of the window so it is basically a see through.	1. I can see through the glass as it is transparent. (मैं ग्लास से देख सकता हूँ क्योंकि ये पारदर्शी है।) 2. I can see inside through this hole. (मैं इस छेद के जरिये अन्दर देख सकता हूँ।)
	<u>किसी ऐसी चीज से गुजरना जो ऊपर, नीचे और किनारों से बन्द हो</u> **<u>To move through a structure with limits on top, bottom and both sides</u>** जैसे– किसी गली से गुजरना – through a street किसी पाइप से गुजरना – through a pipe किसी संकरे रास्ते से गुजरना – through a narrow passage	1. I was passing through a street. (मैं एक गली से गुजर रहा था।) 2. We went through the underground way. (हम भूमिगत रास्ते से गये।) 3. Water is passing through this pipe. (पानी इस पाइप से गुजर रहा है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Beyond	**के पार (जो दिख न रहा हो) (very far; not visible)** अगर मैं आपसे कहूँ कि इस पहाड़ के उस पार एक मन्दिर है। मन्दिर हमें दिख नहीं रहा। या फिर मैं पूछूँ कि नील नदी के पार कौन सा देश है ? यहाँ पर भी देश हमें दिख नहीं रहा। ऐसी जगहों पर beyond का प्रयोग होता है।	1. There is a temple beyond this mountain. (इस पहाड़ के उस पार एक मन्दिर है।) 2. What is there beyond that river? (उस नदी के पार क्या है ?)
	ऐसी चीज़ के पार जिसे छू या देख नहीं सकते (beyond something that is abstract; neither touch nor see) अगर मैं आपसे पूछूँ कि इस जीवन के पार क्या है ? जीवन को छू या देख नहीं सकते। या फिर मैं कहूँ कि उम्मीदों के पार भी एक दुनिया है। उम्मीद को भी हम छू या देख नहीं सकते।	1. There is something beyond this universe. (इस ब्रहमाण्ड के पार कुछ है।) 2. There is nothing beyond love. (प्यार के पार कुछ नहीं है या प्यार के बराबर कुछ नहीं है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Via	विया /वाया (के रास्ते, से) ब्लूटूथ के रास्ते या ब्लूटूथ से, कानपुर के रास्ते या कानपुर से होते हुए। (via Bluetooth, via Kanpur)	1. This train will go to Delhi via Kanpur. (यह ट्रेन कानपुर से होते हुए दिल्ली जायेगी।) 2. I sent him my picture via bluetooth. (मैंने उसे अपनी फोटो ब्लूटूथ से भेजी।) 3. He came to Delhi via Bijnor. (वो बिजनौर के रास्ते दिल्ली आया।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Opposite	ठीक सामने दूसरी तरफ अगर मैं कहूँ "सामने", तो Opposite, in front of या before; इन तीनों में से किसी का भी प्रयोग किया जा सकता है। मैं तुम्हारे सामने हूँ। I am in front of you. I am before you. I am opposite you.	1. My home is opposite your shop. (मेरा घर तुम्हारी दुकान के ठीक सामने है।) 2. He was standing opposite you. (वो तुम्हारे सामने खड़ा था)
	विपरीत (उल्टा) अगर मैं कहूँ कि आप अच्छे हो पर राम कहे कि आप अच्छे नहीं हो, तो इसका मतलब है कि आपके प्रति राम की सोच मेरी सोच के विपरीत है। If I say "You are good" but Ram says "You are not good", that means Ram thinks opposite to what I think about you.	1. Ram does opposite what you say. (जो तुम कहते हो राम उसका उल्टा करता है।) 2. His thinking is opposite yours. (उसकी सोच तुम्हारी सोच से ठीक उल्टी है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Above **(ऊपर)**	1. लिस्ट में ऊपर। (up in a list) 2. ऐसी चीज से ऊपर जिसे छू या देख नहीं सकते जैसे प्यार, ईमानदारी आदि। (above the abstract noun; such as love, honesty, cruelty etc) 3. किसी सतह के स्तर से ऊपर। (above the level of some surface)	1. My name is above your name in the list. (मेरा नाम लिस्ट में तुम्हारे नाम के ऊपर है।) 2. Money is above love. (पैसा प्यार से ऊपर है। यानि पैसा पहले, प्यार बाद में) 3. Only his eyes were above water. (केवल उसकी आँखे पानी के ऊपर थी।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Under (नीचे)	**किसी के नीचे पर बिना पूरी तरह छुए** **(Subject & object not fully touched)** अगर मैं पेड़ के नीचे बैठा हूँ तो पेड़ की साख मुझे छू नहीं रही हैं। इसी तरह अगर मैं टेबल के नीचे छिपा हुआ हूँ तो टेबल मुझे पूरी तरह छू नहीं रहा। हाँ अगर मैं कहूँ कि पत्र तकिये के नीचे है तो इसमें पत्र तकिये को पूरी तरह छू रहा है। यहाँ under नहीं बल्कि beneath/underneath आयेगा। If I say I am sitting under the tree, then the branches of the tree are not touching me. Similarly, I am hidden under the table, again the table is not touching me fully. But, if I say “A letter is under the pillow.” It would be correct because letter and pillow are being fully touched so the correct sentence would be “A letter is beneath/underneath the pillow.”	1. Ram is hidden under the bed. (राम बिस्तर (खाट) के नीचे छिपा हुआ है।) 2. Ram lives under the roof but Shyam doesn’t even have a house. (राम छत के नीचे रहता है पर श्याम के पास तो घर ही नहीं है।) 3. Mom is sitting under the tree. (मम्मी जी पेड़ के नीचे बैठी हैं।)
Beneath/ Underneath (नीचे)	**किसी के नीचे पर पूरी तरह छूते हुए** **(Subject & object fully touched)**	1. My house is underneath your house. (मेरा घर आपके घर के नीचे है।) 2. Her photograph is beneath my book. (उसकी तस्वीर मेरी किताब के नीचे है।)
Below (नीचे)	1. लिस्ट में नीचे। (below in a list) 2. ऐसी चीज से नीचे जिसे छू या देख नहीं सकते जैसे प्यार, ईमानदारी आदि। (below the abstract noun; such as love, honesty, cruelty etc) 3. किसी सतह के स्तर से नीचे। (below the level of some surface)	1. My name is below your name in the list. (मेरा नाम लिस्ट में तुम्हारे नाम के नीचे है।) 2. Money is below love. (पैसा प्यार के नीचे है। यानि प्यार पहले, पैसा बाद में) 3. His mouth was below water but nose was above. (उसका मुँह पानी के नीचे था पर नाक ऊपर।)
Down (नीचे)	**नीचे की दिशा को दर्शाना** **(indicate the downwards movement)**	1. Prices are going down. (कीमतें नीचे जा रही हैं।) 2. Water level is going down. (पानी का स्तर नीचे जा रहा है।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Between (बीच में)	<u>दो के बीच में</u> **<u>(between two objects)</u>**	1. She is sitting between Yash & Vaibhav. (वो यश और वैभव के बीच में बैठी है।) 2. Pen is lying between two computers. (पैन दो कम्प्यूटरों के बीच में पड़ा हुआ है।)
Among (बीच में)	<u>दो से अधिक के बीच में, पर तब जब ये बताया गया हो कि कितनों के बीच में</u> **<u>(more than two objects but given; how many)</u>** अगर मैं कहूँ कि राम 20 लोगों के बीच बैठा है तो यहाँ पर बताया गया है कि लोग कितने हैं। इसलिए मैं among का प्रयोग करुँगा। पर यदि मैं कहूँ कि राम कुछ लोगों के बीच बैठा है तो यहाँ पर बताया नहीं गया है कि लोग कितने हैं। इसलिए मैं among का नहीं बल्कि amongst का प्रयोग करुँगा।	1. I was among 50 people. (मैं 50 लोगों के बीच में था।) 2. Her photograph was kept among 3 other items. (उसकी तस्वीर तीन और चीजों के बीच रखी हुई थी।)
Amongst (बीच में)	<u>दो से अधिक के बीच में, पर तब जब ये बताया नहीं गया हो कि कितनों के बीच में</u> **<u>(more than two objects but not given; how many)</u>** ये कहना कि मैं भीड़ के बीच में हूँ, यह नहीं बताता कि लोग कितने हैं इसलिए हमें amongst का प्रयोग करना होगा।	1. I was amongst the crowd. (मैं भीड़ के बीच था।/मैं भीड़ में था) 2. My dad was amongst many people. (मेरे पापा कई लोगों के बीच थे।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Out of	बाहर निकलना, किसी जगह को छोड़ना **(to go out/leave some place)**	1. I am getting out of my home. (मैं घर से बाहर निकल रहा हूँ।) 2. He has gone out of Delhi. (वह दिल्ली से बाहर जा चुका है।)
	<u>इतनी संख्या में से</u> **(out of certain numbers)**	1. Rahul scored 90 out of 100. (राहुल ने 100 में से 90 नम्बर प्राप्त किये।) 2. There are only 2 students out of 15. (15 में से केवल 2 ही विधार्थी हैं।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
On	<u>ऊपर या पर, रखा हुआ होना</u> **एक बड़े object के ऊपर एक छोटे object का रखा होना (a smaller object on a bigger one)** जैसे – मोबाइल का टेबल के ऊपर रखा होना। मोबाइल टेबल की तुलना में एक छोटा object है। पैन का किताब के ऊपर होना। पैन किताब की तुलना में एक छोटा object है।	1. Pen is kept on the table. (पैन टेबल पर रखा हुआ है।) 2. Rohit is sitting on the Elephant. (रोहित हाथी के ऊपर बैठा हुआ है।)
	<u>Day और Date के साथ</u> On Monday, Tuesday,......., Sunday etc On 25th Aug, on 15th, on 20th etc.	1. I went on Sunday. (मैं संडे को गया।) 2. He came on 20th Dec'12. (वो 20 दिसम्बर 2012 को आया)
	<u>किसी तरफ (certain side)</u> जैसे – दाँयी तरफ (on the right) बाँयी तरफ (on the left)	1. I was standing on the right. (मैं दाँयी ओर खड़ा था।) 2. I was standing on the left. (मैं बाँयी ओर खड़ा था।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Upon/ Onto	<u>ऊपर</u> **एक छोटे object का ऊपर की दिशा में गतिशील होकर के एक बडे object के ऊपर आना (a smaller object showing upwards movement to come on a bigger object)** अगर मैं कहूँ कि एक बिल्ली टेबल के ऊपर कूदी तो बिल्ली ने ऊपर की तरफ छलाँग लगाई फिर वो टेबल के ऊपर आ गयी। एक और बात। माना कि एक बन्दर ज़मीन पर बैठा था और उसने ऊपर की ओर छलाँग लगाई और पेड़ के ऊपर आ गया।	1. I jumped onto the horse. (मैं कूद कर घोड़े पर बैठ गया।) 2. Broom came upon the table by itself. (झाड़ू अपने आप टेबल पर आ गया।)

	नियम (Usage)	उदाहरण (Example)
Against	**विरुद्ध, विरोध में (opposite)**	Why is Ram against you? (राम तुम्हारे विरुद्ध क्यों है?)
About	**बारे में**	He is talking about me. (वो मेरे बारे में बात कर रहा है।)
Of	**का (show the relation)**	He is the brother of Ram. (वो राम का भाई है।)
To	**को (किसी जगह को)** एक जगह से दूसरी जगह को From one place to another	1. I am going to school. (मैं स्कूल जा रहा हूँ।) 2. Seeta is coming to our home. (सीता हमारे घर आ रही है।)
Towards	**की तरफ** अगर मैं कहूँ कि मैं स्कूल की तरफ जा रहा हूँ तो ये ज़रुरी नहीं कि मैं स्कूल जाऊँ। हो सकता है कि स्कूल के रास्ते में ही आगे मेरे दोस्त का घर भी हो और मैं वहीं जा रहा हूँ। इसलिए 'to school' मतलब स्कूल जाना और 'towards school' मतलब स्कूल की तरफ जाना पर पता नहीं कहाँ।	1. I am going towards school. (मैं स्कूल की तरफ जा रहा हूँ।) 2. He was coming towards you. (वो तुम्हारी तरफ आ रहा था।)
Over	**ऊपर बिना छुए (Above without touch)**	1. I jumped over the rope. (मैं रस्सी के ऊपर से कूदा।) 2. There is a roof over our heads. (हमारे सिर के ऊपर छत है।) 3. There is a bridge over the river. (नदी के ऊपर एक पुल है।)
Within	**समयावधि के अन्दर** **Within a time period**	1. I will come within 5 minutes. (मैं 5 मिनट में आ जाऊँगा।) 2. He has come back within just 2 days. (वो 2 दिन में ही वापस आ गया है।)
Than	**तुलना के लिए प्रयोग होता है।** **(used for comparison)**	1. I am better than you. (मैं तुमसे बेहतर हूँ।) 2. We are taller than he. (हम उससे लम्बे हैं।)
Throughout	**सारा, पूरा** जैसे – सारे दिन भर, पूरी ज़िन्दगी भर Throughout the day, throughout the life	1. I loved him/ her throughout my life. (मैंने ज़िन्दगी भर उसे प्यार किया।) 2. We worked throughout the night.(हमने रात भर काम किया।)

Without	बिना	1. I am nothing without you. (मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं हूँ।)
Up	ऊपर	1. Prices are rising up. (कीमतें बढ़ रहीं हैं।) 2. Baloon is going up. (गुब्बारा ऊपर जा रहा है।)
Upwards	ऊपर की तरफ	1. He threw the stone upwards. उसने पत्थर ऊपर की तरफ फेंका।
Downwards	नीचे की तरफ	1. He threw the stone downwards. उसने पत्थर नीचे की तरफ फेंका।
Ago	पहले (समय के साथ)	1. He came 2 years ago. (वो 2 साल पहले आया।) 2. Ram had done B. Tech 6 years ago. (राम ने बी टेक 6 साल पहले किया था।)
Inside	अन्दर की तरफ, किसी बन्द आकृति के अन्दर। **(be in an enclosed structure)** अगर मैं कहूँ कि आप घर के अन्दर हैं तो भी आप "inside" ही हैं क्योंकि घर भी एक बन्द आकृति है। Home is also a kind of enclosed structure so if you are in, means you are actually inside.	1. What is inside the computer? (कम्प्यूटर के अन्दर क्या है ?) 2. He was inside and I was outside. (वो अन्दर था और मैं बाहर था।)
Outside	बाहर की तरफ, किसी बन्द आकृति से बाहर। **(be out of an enclosed structure)**	1. He was standing outside the home. (वो घर के बाहर खड़ा था।) 2. He was outside the school premises. (वो स्कूल परिसर के बाहर था।)
Next to, Adjacent, Beside, By	बगल में	वो मेरे बगल में खडा था। He was standing next to me. He was standing adjacent me. He was standing beside/by me.
Behind	पीछे	1. I was behind Ram in the queue. (मैं लाइन में राम के पीछे था।) 2. There is nobody standing behind him. (उसके पीछे कोई नहीं खड़ा है।)

Ahead of	**आगे;** लोग अक्सर confuse रहते हैं कि in front of और ahead का प्रयोग कहाँ पर करना है। सोचो आप एक लाइन में खड़े है और आपके आगे एक आदमी खड़ा है, उसकी पीठ आपकी तरफ है इसलिए वो आपके आगे है, इसे ahead कहेंगे और आप उसके पीछे यानि Behind। पर अगर आप किसी से बात कर रहे हैं उसको देखते हुए तो आप उसके in front of यानि सामने हैं।	1. I was ahead of Ram in the queue. (मैं लाइन में राम के आगे था।) 2. There is no one standing ahead of him. (उसके आगे कोई नहीं खड़ा है।)
Except	**को छोड़कर, के अलावा**	1. This shop opens every day except Sunday. (यह दुकान रविवार को छोड़कर सभी दिन खुलती है।) 2. I can scold anyone except you. (तुम्हारे अलावा मैं किसी को भी डाँट सकता हूँ।)
Besides	**के अतिरिक्त (Extra)**	1. Do you eat anything else besides this? (इसके अतिरिक्त कुछ और खाते हो क्या ?)
During	**के दौरान (in a particular duration of time)**	1. I was in Delhi during vacations. (छुट्टियों के दौरान मैं दिल्ली में था।) 2. We can meet Sachin during the break. (हम ब्रेक के दौरान सचिन से मिल सकते हैं।)
Till/ Until	**तक** **समय के साथ, दिन के साथ आदि।** **with time, with a day etc.**	1. I will work till 9. (मैं 9 बजे तक काम करुँगा।) 2. We stayed till Monday. (हम सोमवार तक ठहरे।) 3. I was there until Saturday. (मैं शनिवार तक वहाँ था।)
Up to	**तक** किसी दूरी तक (up to certain distance) या किसी जगह तक (up to certain place) या किसी उम्र तक (up to certain age)	1. I just went up to Dehradun. (मैं बस देहरादून तक गया।) 2. Seeta ran up to 5 kms. (सीता 5 किलोमीटर तक दौड़ी।) 3. You shouldn't keep mobile up to 18. (तुम्हें 18 की उम्र तक मोबाईल नहीं रखना चाहिए।)

Around	**चारों ओर** **(covered in all the directions)**	1. The People were around me, yet I was lonely. (लोग मेरे चारों ओर थे, फिर भी मैं तन्हा था।) 2. The Earth is revolving around the Sun. (पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूम रही है।)
Along	**साथ में** **(with a person/thing)**	1. Will you come along? (क्या तुम साथ आओगे ?) 2. You will get this pen along the mobile. (तुम्हें ये पैन मोबाइल के साथ मिलेगा।)
Alongside	**किनारे साथ में** जैसे – नदी के साथ में लगी हुई एक रोड (A road alongside the river) सड़क के किनारे साथ में लगी हुई एक कार (A car parked alongside the road)	1. There is a road alongside the river. (नदी के साथ साथ एक रोड है।) 2. A truck is parked alongside the road. (रोड के किनारे एक ट्रक खड़ा है।)
Across	**के पार (किसी चीज़ के पार)** **(across something)**	1. Can you swim across the river? (क्या तुम नदी तैर कर पार कर सकते हो ?) 2. There was a man standing across the road. (एक आदमी सड़क के पार खड़ा था।) 3. My shop is across the road. (मेरी दुकान सड़क के उस पार है।)

अगर किसी भी प्रकार का कोई प्रश्न हो या आपको कोई भी संदेह हो तो बेझिझक <u>www.englishwale.com</u> पर लॉग ऑन करिए। स्टूडैन्ट हैल्पडैस्क में इंग्लिश स्पींकिंग फोरम में अपना प्रश्न रखिए। आप हमें अपनी समस्या मेल पर भी भेज सकते हैं, हमारा ई मेल आई डी है – englishwale12@gmail.com.
If you face any problems understanding anything at all or you have any doubt or clarification needed, kindly logon to <u>www.englishwale.com</u> and place your query/doubt in English Speaking Forum of our Student Helpdesk. You can also mail us your query/doubt on <u>englishwale12@gmail.com</u>.

Lesson – 15

Determiners (डिटरमिनर्स) – निर्धारक {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

Determiners ऐसे शब्द होते हैं जो किसी वाक्य में संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये जाते हैं और इस बात का निर्धारण करते हैं कि किसकी बात हो रही है या फिर कितनी बात हो रही है। चूँकि यह भी संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं इसीलिए ये भी विशेषण कहलाते हैं।
A Determiner is a word that is placed just before a noun to give additional information about that noun and that's why they are also classified as Adjectives.

मान लीजिए आप कहना चाहते हैं 'यह लड़का राम है।' यहाँ पर 'लड़का' एक संज्ञा है। 'लड़का' से तुरंत पहले 'यह' का प्रयोग किया गया है। 'यह' एक **Determiner** है क्योंकि ये इस बात को निर्धारित करता है कि किस लड़के की बात हो रही है – इस लड़के की या उस लड़के की।
इस लड़के की बात हो रही है इसलिए आप 'यह लड़का' कहते हैं वरना अगर उस लड़के की बात हो रही होती तो आप 'वह लड़का' कहते।

इसी तरह,

अगर एक लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते –	**A boy**	अ बॉय
अगर किसी विशेष लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते –	**The boy**	द बॉय
अगर सभी लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते –	**All the boys**	ऑल द बॉइज़
अगर 5 लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते –	**5 boys**	फाइव बॉइज़

ऊपर दिये गये वाक्यों में **Determiners हैं – A, The, All, 5**

Determiners के चार प्रकार हैं (Determiners are of four types):

1. Articles (A, An, The)

A/An - अ/ऐन
The - द या दी

आप 'Articles' चैप्टर में इनके बारे में पढ़ चुके हैं कि किसी भी संज्ञा से तुरंत पहले किस तरह और कब प्रयोग किये जाते हैं, ये भी Determiners हैं।
You've already read about Articles & its usage just before a noun, these are also known as Determiners.

2. Demonstratives (This, That, These, Those)

अंग्रेज़ी में This, That, These और Those को **Demonstratives** कहते हैं।
This, That, These and Those are called **Demonstratives**.

This -	दिस	–	यह, ये (एक व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है।)
That -	दैट	–	वह, वे, वो (एक व्यक्ति के लिए प्रयोग होता है।)
These-	दीज़	–	यह, ये (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के लिए प्रयोग होता है।)
Those-	दोज़	–	वह, वे, वो (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के लिए प्रयोग होता है।)

ये demonstratives दो तरह से प्रयोग में आते हैं – सर्वनाम की तरह या फिर determiners की तरह।
These demonstratives are used as - either Pronoun or Determiners.

जब किसी संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये गये हों तो ये Determiners कहलाते हैं। और जब भी बिना संज्ञा के प्रयोग किये जायें तो ये Pronouns कहलाते हैं।
If a demonstrative is followed by a noun it modifies, it's called a determiner; however, if it's not followed by a noun, it's called a pronoun.

समझने का प्रयास करिए –
Try to understand –

This is a book. ***सर्वनाम की तरह (As a Pronoun)***
इस वाक्य में this के तुरंत बाद कोई संज्ञा नहीं है। इसलिए this एक demonstrative pronoun है।
In this sentence, 'this' is not followed by any noun, hence it's a demonstrative pronoun here.

This book is mine. ***Determiner की तरह (As a Determiner)***
इस वाक्य में this के तुरंत बाद book का प्रयोग हुआ है जो कि एक संज्ञा है। इसलिए this एक demonstrative determiner है।
Here, 'this' is followed by 'book', which is a noun, hence it's a demonstrative determiner here.

कुछ उदाहरण (Few Examples)

I love this. सर्वनाम की तरह (As a Pronoun) (not followed by a noun)
This is a cute baby. सर्वनाम की तरह (As a Pronoun) (not followed by a noun)
These are my books. सर्वनाम की तरह (As a Pronoun) (not followed by a noun)
That man is my dad. Determiner की तरह (As a Determiner) (followed by a noun: MAN)
Those people are mad. Determiner की तरह (As a Determiner)(followed by a noun: PEOPLE)

3. Possessives (His, Her, Your, Our, My, Their, its)

His, Her, Your, Our, My, Their, Its को determiners कहते हैं। इन शब्दों के तुरंत बाद हमेशा एक संज्ञा होती है।
His, Her, Your, Our, My, Their, Its are known as determiners. These words are always followed by a noun.

उदाहरण (Example):

His friend is a teacher.
My brother will not go.
Our books are kept on the table.
Their parents were not present.

4. Quantifiers

Quantifiers ऐसे शब्द या शब्दों का समूह होते हैं जो किसी संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये जाते हैं व संज्ञा की मात्रा (amount) के बारे में बताते हैं।
Quantifiers are Such words or group of words, which are used before a noun to indicate the amount or quantity of that noun.

1. Few थोड़ा, कुछ (जिन्हें गिना जा सकता है) जैसे कुछ लड़के, कुछ बच्चे आदि। Few boys
2. Less, Little थोड़ा, कुछ (जिन्हें गिना नहीं जा सकता) जैसे थोड़ा पानी, कुछ पैट्रोल आदि। Little water
3. Some थोड़ा, कुछ (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है और जिन्हें गिना नहीं जा सकता) Some boys/ water
4. Any कोई, कुछ (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है और जिन्हें गिना नहीं जा सकता) Any boys/water

नोट – 'some' का प्रयोग प्रायः सकारात्मक वाक्यों में जबकि 'any' का प्रयोग प्रायः नकारात्मक वाक्यों में होता है।
Note: 'some' is mostly used in positive sentences while 'any' is often used in negative sentences.

5. Every हर कोई Every person/Every book/Every boy
6. All सभी, सब All the friends/All the people/All the books
7. Each प्रत्येक, हर एक Each friend/Each book/Each boy
8. Both दोनों Both the friends/Both the books
9. Enough काफी Enough money/Enough people
10. Full पूरा Full glass
11. Half (1/2) आधा Half the glass
12. Quarter(1/4) एक चौथाई Quarter the glass
13. Whole पूरा Whole world/Whole the day
14. More ज़्यादा (दोनों के साथ – जिन्हें गिना जा सकता है व जिन्हें गिना नहीं जा सकता) More boys/water
15. Less कम (जिन्हें गिना नहीं जा सकता) Less water
16. Many कई (जिन्हें गिना जा सकता है) Many boys
17. Much ज़्यादा (जिन्हें गिना नहीं जा सकता है) Much water
18. 1,2,3,4,5 etc एक, दो, तीन, चार, पाँच आदि। 2 friends/ 2 laptops/ 50 people etc

Lesson – 16

Simple Sentences (सरल वाक्य) {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

"सरल वाक्य उन्हें कहते हैं जिनमें या तो क्रिया होती ही नहीं और अगर होती भी है तो Subject उस क्रिया को नहीं करता।"
"Simple Sentences are those in which either there is no action (verb) at all or even if there is an action, Subject doesn't perform that action."

अगर हम कहें कि "राम अच्छा लड़का है।" Subject है राम। क्या राम कोई काम कर रहा है? नहीं। राम के बारे में तो सिर्फ बताया गया है कि वो अच्छा लड़का है इसलिए ये एक Simple Sentence है। इसमें कोई क्रिया नहीं है। आइए, अब दूसरा वाक्य देखते हैं "किताब टेबल पर रखी हुई है"। इस वाक्य में Subject है किताब और "रखना" एक क्रिया है। भले ही इस वाक्य में क्रिया है पर क्या Subject इस क्रिया को कर रहा है? नहीं क्योंकि किताब तो खुद रखी हुई है, वो कोई काम नहीं कर सकती इसलिए ये भी एक Simple Sentence है। एक और वाक्य देखिए– "राम किताब पढ़ रहा है।" इस वाक्य में Subject है राम और "पढ़ना" एक क्रिया है। क्या Subject इस क्रिया को कर रहा है? हाँ, पढ़ने का काम राम ही तो कर रहा है जो कि इस वाक्य का Subject है। यानि ये Simple Sentence नहीं है। ये तो एक Tense Sentence है जो कि आप आगे आने वाले चैप्टर में पढ़ेंगे।

If we say 'Ram is a good boy'. Subject is Ram. Is Ram doing something? No, subject is performing no action, means there is no verb, hence it's a simple sentence. Let's see another example 'Book is kept on the table'. Subject is 'book' & verb is to 'keep'. Is subject doing something? No. Book itself is kept, hence it can't perform an action. So this is also a simple sentence. Let's see one more sentence – 'Ram is reading the book'. In this sentence, Subject is 'Ram' & verb is to 'read'. Since Ram is performing the action of 'reading', hence it's not a simple sentence. It's actually a tense, which you will be taught in later respective lesson.

ऑडियो लैक्चर भी ध्यानपूर्वक सुनिए ताकि बेहतर समझ सकें।

कुछ उदाहरण (Few examples):

वाक्य Sentence	Subject	क्या वाक्य में कोई क्रिया है? Is there a verb?	स्पष्टीकरण Explanation
संदीप मेरा भाई है।	संदीप	क्रिया नहीं है। No verb	संदीप के बारे में सिर्फ बताया गया है। संदीप कोई क्रिया नहीं कर रहा। Only been told about Sandeep, he is performing no task (verb).
तुम मेरे कौन हो ?	तुम	क्रिया नहीं है। No verb	Subject है "तुम" पर Subject कोई काम नहीं कर रहा।
उसके पास पैन है।	वो	क्रिया नहीं है। No verb	उसके बारे में सिर्फ बताया गया है कि उसके पास पैन है। वो कोई काम नहीं कर रहा है।

बच्चे अच्छे थे।	बच्चे	क्रिया नहीं है।	बच्चों के बारे में सिर्फ बताया है। बच्चे कोई काम नहीं कर रहे।
राम सोया हुआ है।	राम	क्रिया है – सोना Verb is there - Sleep	क्रिया तो है पर क्या Subject क्रिया को कर रहा है ? नहीं क्योंकि वो तो खुद ही सोया हुआ है, वो काम नहीं कर रहा।
मेरे दो भाई थे।	मैं	क्रिया नहीं है। No verb	मेरे बारे में सिर्फ बताया गया है। मैं कोई काम नहीं कर रहा। Only been told about me, I am performing no task(verb).
अमन घर पर होगा।	अमन	क्रिया नहीं है। No verb	अमन के बारे में सिर्फ बताया गया है। अमन कोई काम नहीं कर रहा।

Simple Sentences तीन तरह के होते हैं– (Simple Sentences are of three types):

1. Simple Present – इन वाक्यों के अन्त में है, हैं, हो, हूँ का प्रयोग होता है।
2. Simple Past – इन वाक्यों के अन्त में था, थे, थी का प्रयोग होता है।
3. Simple Future – इन वाक्यों के अन्त में होगा का प्रयोग होता है।

Simple Present

Category I : ***Helping Verb – Is/Am/Are***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में है, हैं, हो, हूँ का प्रयोग होता है।

Third Person Singular Subject के साथ – Is
I (First Person Singular Subject) के साथ – Am
बाकी सभी Subjects के साथ – Are

(अगर First Person, Second Person या Third Person के Singular-Plural कॉन्सेप्ट में कोई दिक्कत हो तो Lesson-2 दोबारा पढ़िए।)

Hindi Sentence	**English Sentence**	**Comment**
राम एक अच्छा लड़का है।	Ram is a good boy.	Subject (Ram) 'Third Person Singular' है इसलिए is का प्रयोग हुआ है।
लोग पागल हैं।	People are mad.	Subject (People) 'Third Person Plural' है इसलिए are का प्रयोग हुआ है।
हम लोग तुम्हारे साथ हैं।	We people are with you.	Subject (We People) 'First Person Plural' है इसलिए are का प्रयोग हुआ है।
सभी मेरे प्रिय हैं।	All are my dear.	Subject (All) 'Third Person Plural' है इसलिए are का प्रयोग हुआ है।
मैं तुम्हारे लिए अच्छा हूँ।	I am good for you.	"I" First Person Singular subject है इसलिए इसके साथ "am" का प्रयोग हुआ है।

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	उदाहरण 1 **Example-1**	उदाहरण 2 **Example-2**	उदाहरण 3 **Example-3**
Affirmative (सकारात्मक)	राम एक अच्छा लड़का है। Ram is a good boy.	मैं तुम्हारे लिए अच्छा हूँ । I am good for you.	लोग पागल हैं। People are mad.
Negative (नकारात्मक)	राम एक अच्छा लड़का नहीं है। Ram is not a good boy.	मैं तुम्हारे लिए अच्छा नहीं हूँ । I am not good for you.	लोग पागल नहीं हैं। People are not mad.
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या राम एक अच्छा लड़का है? Is Ram a good boy?	क्या मैं तुम्हारे लिए अच्छा हूँ? Am I good for you ?	क्या लोग पागल हैं ? Are People mad?
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या राम एक अच्छा लड़का नहीं है? Is Ram not a good boy?	क्या मैं तुम्हारे लिए अच्छा नहीं हूँ? Am I not good for you ?	क्या लोग पागल नहीं हैं ? Are People not mad?

अगर वाक्य में कोई WH family है जैसे – कैसे (How), क्यों (Why), कब (When) कहाँ (Where) आदि तो वो Interrogative Sentences के शुरुआत में लगेगी और उसके तुरंत बाद helping verb का प्रयोग किया जाता है।

Hindi Sentence	**English Sentence**
मैं तुम्हारे लिए अच्छा क्यों हूँ ?	Why am I good for You?
लोग ऐसे क्यों हैं ?	Why are people so?
बच्चे किसके साथ हैं ?	With whom are children?

Category II : ***Helping Verb – Has/Have***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में पास है या फिर भाई/बहन/दोस्त आदि हैं का प्रयोग होता है।

Third Person Singular Subject के साथ – Has
बाकी Subjects के साथ – Have

Hindi Sentence	**English Sentence**	**Explanation**
पूजा के पास एक किताब है।	Pooja has a book.	Subject (Pooja) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरे दो भाई हैं।	I have two brothers.	Subject (I) 'First Person Singular Subject' है इसलिए have का प्रयोग हुआ है।
कुल्दीप का एक भाई है।	Kuldeep has one brother.	Subject (Kuldeep) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरी सास के दो भाई हैं।	My mother in law has two brothers.	Subject (My mother in law) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरे पापा के 5 भाई हैं।	My father has five brothers.	Subject (My father) 'Third Person Singular Subject'है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।

Negative Sentences : Doesn't have/Don't have (पास नहीं है)

'Third Person Singular Subject' के साथ - *Doesn't have* का प्रयोग
बाकी Subjects के साथ - *Don't have* का प्रयोग

Hindi Sentence	**English Sentence**	**Explanation**
राम के पास किताब नहीं है।	Ram doesn't have a book.	Subject (Ram) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए doesn't have का प्रयोग हुआ है।
मेरे दो भाई नहीं हैं।	I don't have two brothers.	Subject (I) 'First Person Singular Subject' है इसलिए don't have का प्रयोग हुआ है।
उसकी तीन बहनें नहीं हैं।	He/She doesn't have three sisters.	Subject (He/She) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए doesn't have का प्रयोग हुआ है।

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	**उदाहरण 1 Example-1**	**उदाहरण 2 Example-2**
Affirmative (सकारात्मक)	राम के पास किताब है। Ram has a book.	मेरे दो भाई हैं। I have two brothers.
Negative (नकारात्मक)	राम के पास किताब नहीं है। Ram doesn't have a book.	मेरे दो भाई नहीं हैं। I don't have two brothers.
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब है ? Does Ram have a book ?	क्या मेरे दो भाई हैं ? Do I have two brothers?
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब नहीं है ? Does Ram not have a book ?	क्या मेरे दो भाई नहीं हैं ? Do I not have two brothers?
With 'Wh' family	राम के पास किताब क्यों नहीं है ? *Why* does Ram not have a book ?	मेरे कितने भाई हैं ? *How many brothers* do I have?

Simple Past

Category I : ***Helping Verb – Was/Were***
पहचान – इन वाक्यों के अन्त में था, थे, थी का प्रयोग होता है।

Singular Subject के साथ – Was   Plural Subject के साथ – Were

Hindi Sentence	**English Sentence**	**Explanation**
राम एक अच्छा लड़का था।	Ram was a good boy.	Subject (Ram) 'Singular Subject' है इसलिए was का प्रयोग हुआ है।
सब पागल थे ।	All were mad.	Subject (All) 'Plural Subject' है इसलिए were का प्रयोग हुआ है।

मैं हमेशा तुम्हारे साथ था ।	I was always with you.	'I' एक 'Singular subject' है इसलिए was का प्रयोग हुआ है।
सभी मेरे दुश्मन थे।	All were my enemies.	Subject (All) 'Plural Subject' है इसलिए were का प्रयोग हुआ है।

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	**उदाहरण 1 Example-1**	**उदाहरण 2 Example-2**
2. Who is sitting next to Seema?	Soni.
3. Who is sitting immediate right to Kalpana?	Nobody.
4. Who is sitting adjacent Kuldeep?	Amit and Dimpal.
5. Where is Pooja Madam standing?	In front of students
6. How many people are sitting right to Bikrant?	Aditya, Archana and Yashi.
7. Who is sitting behind Archana?	Kuldeep.
8. Who is sitting right to Binita?	Aman, Amit, Kuldeep and Dimple.
9. Who is sitting immediate left to Yashi?	Archana.
10. Who is sitting beside Aman?	Binita and Amit.
11. Who are sitting at corners?	Anjali, Yashi, Seema & Kalpana.
12. Who are sitting at the extreme right?	Yashi, Dimple and Kalpana.
13. Who are sitting at the extreme left?	Anjali, Binita and Seema.
14. Where is Anjali Sitting?	1st row extreme left corner.
15. Who is sitting right to Dimpal?	Nobody.
16. Who is sitting immediate left to Abhishek?	Ayushi.
17. Who is sitting left to Soni?	Seema.
18. Who are sitting in row number 2?	Binita, Aman, Amit, Kuldeep & Dimple
19. Who are sitting in column number 4?	Archana, Kuldeep & Abhishek.
20. Who are sitting in column number 1?	Anjali, Binita and Seema

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. Be nice to people on your way up, because you meet them on your way down.
   उपलब्धियों की तरफ बढ़ते हुए जो भी मिले उसे इज़्जत दो क्योंकि अगर कभी नीचे आना पड़ा तो आप उन्हीं से मिलोगे।

2. Never waste what you have, for something that you don't have today. Remember, what you have now, you had desired some day.
   जो आज है उसे व्यर्थ मत जाने दो उसकी चाहत में जो आज नहीं है। क्योंकि याद रहे जो आज है उसकी चाहत भी आपने कभी की थी।

3. It doesn't matter how much you possess, what matters is, who earned it, you or your ancestors.
   ये मायने नहीं रखता कि आपके पास कितना है, मायने ये रखता है कि कमाया किसने, आपने या आपके पूर्वजों ने।

Lesson – 19

Tense (काल)

{ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

Tense किसी भी वाक्य में क्रिया का वह रुप है जिसके माध्यम से यह पता चलता है कि वाक्य में किये कार्य का समय के साथ क्या सम्बन्ध है; कार्य वर्तमान में हो रहा है, बीते हुए समय में हुआ था या भविष्य में होने वाला है। यही कारण है कि वर्तमान, भूतकाल व भविष्य काल के वाक्यों में सहायक क्रियाएँ भिन्न होती है।

ये एक महत्वपूर्ण टॉपिक है। इस चैप्टर को अच्छी तरह समझे बिना आप अंग्रेज़ी में कभी पकड़ नहीं बना सकते। हमने प्रयास किया है कि हम आपको हर रुल बारीकी से समझाए और आपसे यही उम्मीद है कि आप कोई कसर न छोड़ें।

ऑडियो लैक्चर को ध्यान से सुनते हुए इस चैप्टर के हर कॉन्सेप्ट को बारीकी से समझें।

शुरुआत करने से पहले आपको पता होना चाहिए –

1. वाक्य(Sentence) के तीन भाग होते हैं: Subject, Verb और Object.
2. 1st Person, 2nd Person और 3rd Person के Singular-Plural Subject का Concept
3. Sentences के Types: Affirmative, Negative, Interrogative & Negative Interrogative
4. Main verbs(मुख्य क्रिया) की 3 forms होती हैं
5. 'WH' Family

ऊपर दिये गये पहले तीन कॉन्सेप्ट Lesson No. 2 में विस्तार से समझाये गये हैं, चौथा कॉन्सेप्ट "Verbs" चैप्टर में और आखिरी कॉन्सेप्ट "WH Family" चैप्टर में विस्तार से समझाये गये हैं। पहले इन्हें अच्छी तरह समझ लें फिर इस चैप्टर में आगे बढ़ें ताकि आपको इस चैप्टर में दिये गये नियम आसानी से समझ आ सकें।
नीचे दी गयी दोनों Table इन्हीं कॉन्सेप्ट के उदाहरण हैं।

Table 1:
Examples: Sentences & Their Parts: ***"Subject", "Main Verb" & "Object"***

Sentence	***Subject***	***Main Verb***	***Object***
राम घूमता है।	राम	घूमना	-
लोग नाच रहे हैं।	लोग	नाचना	-
हम लोग टीवी देख रहे हैं।	हम लोग	देखना	टीवी
मुझे एक घड़ी मिली है।	मुझे	मिलना	घड़ी
गिलास से पानी निकल रहा है।	पानी	निकलना	गिलास

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. We must win the final war irrespective of how many battles we've lost before.
   फर्क नहीं पड़ता कि कितनी लड़ाईयाँ हम पहले हार चुके हैं, हमें अंतिम युद्ध जीतना है।

Table 2:
Examples: Sentence Types

Sentence Type	Example 1	Example 2	Example 3
Affirmative (सकारात्मक)	मुझे घड़ी मिली है।	लोग नाच रहे हैं।	राम घूमता है।
Negative (नकारात्मक)	मुझे घड़ी नहीं मिली है।	लोग नाच नहीं रहे हैं।	राम नहीं घूमता है।
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या मुझे घड़ी मिली है?	क्या लोग नाच रहे हैं?	राम किसके साथ घूमता है?
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या मुझे घड़ी नहीं मिली है?	क्या लोग नहीं नाच रहे हैं?	क्या राम नहीं घूमता है?
"WH Family" Interrogative Sentences	1. मुझे घड़ी कहाँ मिली है? 2. मुझे घड़ी कैसे मिली है?	1. लोग क्यों नहीं नाच रहे हैं? 2. लोग कब से नाच रहे हैं?	1. राम किसके साथ घूमता है? 2. राम क्यों नहीं घूमता है?

Tenses –Types

Tense तीन प्रकार के होते हैं। (There are three types of Tenses)

1) Present (प्रैज़ेंट) – वर्तमान काल
2) Past (पास्ट) – भूत काल
3) Future (फ्यूचर) – भविष्यत् काल

प्रत्येक के चार प्रकार होते हैं। (Each one has four sub types)

1) Indefinite 2) Continuous 3) Perfect 4) Perfect continuous.

सहायक क्रियाएँ उस वाक्य में किये गये कार्य के समय के बारे में बताती हैं, इस आधार पर इन्हें तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है (Helping verbs refer to the time of the action in a sentence, hence it can be classified in 3 categories) –

Tense	*Helping Verbs*
Present Tense Helping Verbs	do, does, is, am, are, has, have, has been, have been.
Past Tense Helping Verbs	did, was, were, had, had been
Future Tense Helping Verbs	will, will be, will have, will have been

नोट – अब Helping Verb "Shall" का प्रयोग Future Tense Helping Verbs के रुप में प्रायः नहीं किया जाता है।

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

Good things come to people who wait, but better things come to those who go out and get them.

Present Indefinite Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ ता, ते, ती का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूम**ता** है, सीता नाच**ती** है, लोग घूम**ते** हैं, वो नहीं जा**ता** आदि।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + verb 1st form+ s, es (3rd Person singular subject के साथ) + object.

अगर Subject "**3rd Person singular"** है तो मुख्य क्रिया के साथ s या es का प्रयोग होता है अन्यथा नहीं होता।
Only if the subject is "**3rd Person singular",** we must use **'s' or 'es'** with the main verb or else we mustn't.

(अगर First Person, Second Person या Third Person के Singular-Plural कॉन्सेप्ट में आपको कोई दिक्कत आये तो Lesson-2 दोबारा पढ़िए।)

अब ये जानना ज़रुरी है कि किन मुख्य क्रियाओं के साथ ***'s'*** और किन मुख्य क्रियाओं के साथ ***'es'*** का प्रयोग होगा। अगर आप ये जान लें कि किन मुख्य क्रियाओं के साथ ***'es'*** का प्रयोग होगा तो ये स्पष्ट हो जायेगा कि बाकी बची हुई सभी मुख्य क्रियाओं के साथ ***'s'*** का प्रयोग होगा।
Now the question is; when to put 's' & when to put 'es' with the main verb. If we let you know when to put 'es' with the main verb, then it would be understood that the rests would put 's'….

Let's understand with the help of following table:

When to put 'es' with main verb मुख्य क्रिया के साथ 'es' कब लगायें	
Rule	***Examples***
With the main verbs ending with letter **'o'** जिन मुख्य क्रियाओं के अन्त में अक्षर **'o'** हो	Go**es**, Do**es** etc.
With the main verbs ending with **'ss'** or **'sh'** जिन मुख्य क्रियाओं के अन्त में **'ss'** या **'sh'** हो	Kiss**es**, Miss**es**, Pass**es**, Push**es**, Rush**es** etc.
With the main verbs ending with **'x'**, **'zz'** or **'ch'** जिन मुख्य क्रियाओं के अन्त में **'x'**, **'zz'** या **'ch'** हो	Fix**es** , Relax**es** , Buzz**es** , Catch**es** , Reach**es** etc.
With the main verbs ending with **'Consonant + y'**. Such main verbs end with 'y' but 'y' is preceded by a consonant i.e. b, c, d, f, g etc. In such cases, we first change 'y' to 'i', and then put 'es'. जिन मुख्य क्रियाओं के अन्त में **'व्यंजन + y'** हो यानि मुख्य क्रिया का अन्त तो y से हो लेकिन y से पहले कोई व्यंजन हो जैसे b, c, d, f, g आदि। ऐसे में होता यह है कि सबसे पहले तो **'y'**को बदला जाता है **'i'** में, उसके बाद ***'es'*** का प्रयोग होता है।	Cry – Cr**ies** Marry – Marr**ies** Try – Tr**ies** Fly – Fl**ies**

A Special Case of not using 'es'	
When not to put 'es' with main verb (मुख्य क्रिया के साथ 'es' कब न लगायें)	
With the main verbs ending with **'Vowel + y'**. Such main verbs end with 'y' but 'y' is preceded by a vowel i.e. a, e, i, o, u. In such cases, we simply put 's'. जिन मुख्य क्रियाओं के अन्त में **'स्वर + y'** हो यानि मुख्य क्रिया का अन्त तो y से हो लेकिन y से पहले कोई स्वर हो जैसे a, e, i, o, u. ऐसे में **'y'** के बाद केवल ***'s'*** का प्रयोग होता है।	Say – Say**s** Play – Play**s**

आइए अब शुरुआत करें वाक्यों की।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	राम घूमने जाता है।	Ram goes for a walk.	Subject(Ram) '3rd Person Singular' है, इसलिए go के साथ es लगा है।
2.	मैं खेलता हूँ।	I play.	Subject(I) '1st Person Singular' है, इसलिए play के साथ s नहीं लगा है।
3.	अमन मेरे साथ रहता है।	Aman lives with me.	Subject(Aman) '3rd Person Singular' है, इसलिए live के साथ s लगा है।
4.	हम हँसते हैं।	We laugh.	Subject(We) '1st Person Plural' है , इसलिए laugh के साथ s नहीं लगा है।
5.	घाव से खून निकलता है।	Blood oozes from the wound.	Subject(Blood) '3rd Person Singular' है, इसलिए ooze के साथ s लगा है।

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + does/do + not + verb 1st form + object.

अगर Subject **"3rd Person singular"** है तो does not का प्रयोग होता है अन्यथा do not का प्रयोग।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	राम घूमने नहीं जाता है।	Ram does not go for a walk.	Subject(Ram) '3rd Person Singular' है, इसलिए does not का प्रयोग किया है।
2.	मैं नहीं खेलता हूँ।	I do not play.	Subject(I) '1st Person Singular' है, इसलिए do not का प्रयोग किया है।
3.	वे लोग मेरे साथ नहीं रहते हैं।	They people do not live with me.	Subject(They people) '3rd Person Plural' है, इसलिए do not का प्रयोग किया है।
4.	अंकल मुझसे नहीं मिलते हैं।	Uncle doesn't meet me.	Subject(Uncle) '3rd Person Singular' है, इसलिए does not का प्रयोग किया है।
5.	उसके माता पिता उस पर भरोसा नहीं करते।	His parents do not trust him.	Subject(His parents) '3rd Person Plural' है, इसलिए do not का प्रयोग किया है।

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + does/do + subject + verb 1st form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (do, does) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने जाता है?	Does Ram go for a walk?
2.	क्या मैं स्कूल जाता हूँ?	Do I go to school?
3.	क्या वह स्टेज़ पर नाचती है?	Does she dance on the stage?
4.	अमन तुम्हारे साथ क्यों रहता है?	Why does Aman live with you?
5.	वे बच्चे तुम्हारे साथ कब से रहते है?	Since when do they children live with you?
6.	हम कब तक साथ खेलते हैं?	Until when do we play together?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + does/do + subject + not + verb 1st form + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने नहीं जाता है?	Does Ram not go for a walk?
2.	पंकज तुम्हारे साथ क्यों नहीं पढ़ता?	Why does Pankaj not study with you?
3.	तुम कौन सा खेल नहीं खेलते?	Which game do you not play?
4.	मम्मी उसे क्यों नहीं डाँटती?	Why does mom not scold him/her?

Present Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा है, रही है, रहे हैं, रहा हूँ** का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूम **रहा है**, सीता नाच **रही है**, लोग घूम **रहें हैं**, मैं घूम **रहा हूँ**। आदि

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + is/am/are + verb 1st form+ ing + object.

‘3rd Person Singular Subject’ के साथ – is का प्रयोग
‘1st Person Singular Subject’ यानि ‘I’ के साथ – am का प्रयोग
बाकी Subjects के साथ – are का प्रयोग

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	राम स्कूल जा रहा है।	Ram is going to school.	Subject(Ram) '3rd Person Singular' है, इसलिए is लगा है।
2.	वह घूमने जा रहा है।	He is going for a walk.	Subject(He) '3rd Person Singular' है, इसलिए is लगा है।
3.	मैं घर आ रहा हूँ।	I am coming home.	Subject(I) '1st Person singular' है, इसलिए am लगा है।
4.	मेरा दिल तुम्हें ढूँढ रहा है।	My heart is looking for you.	Subject(My heart) '3rd Person singular' है, इसलिए is लगा है।
5.	लोग उसका मज़ाक उड़ा रहे हैं।	People are making fun of him.	Subject(People) '3rd Person Plural' है, इसलिए are लगा है।

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + is/am/are + not + verb 1st form+ ing + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम घूमने नहीं जा रहा है।	Ram is not going for a walk.
2.	वो कहीं नहीं जा रहा है।	He is not going anywhere.
3.	मैं आज नहीं पढ़ रहा हूँ।	I am not studying today.
4.	लोग उससे बात नहीं कर रहे हैं।	People are not talking to him.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + is/am/are + subject + verb 1st form+ ing + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (is, am, are) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या वह घूमने जा रहा है?	Is he going for a walk?
2.	क्या लोग स्टेज़ पर नाच रहे हैं?	Are people dancing on the stage?
3.	वो बच्चे तुम्हारे साथ कहाँ पर खेल रहे हैं?	Where are those children playing with you?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + is/am/are + subject + not + verb 1st form+ ing + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने नहीं जा रहा है?	Is Ram not going for a walk?
2.	अमन बात क्यों नहीं कर रहा है?	Why is Aman not talking?
3.	वो स्कूल क्यों नहीं जा रहा?	Why is he not going to school?

Present Perfect Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **चुका है, चुकी है, चुके हैं, चुका हूँ, लिया है, दिया है, ली है, दी है, की है** आदि का प्रयोग होता है।

जैसे - राम घूम **चुका है** , सीता नाच **चुकी है ,** लोग घूम **चुके हैं**, मैं घूम **लिया / चुका हूँ**।, उसने गलती **की है**, हमने किताब **दी है** आदि।

अगर हम कहें कि मुझे घड़ी मिली है तो इसका सीधा सा मतलब है कि मुझे घड़ी मिल चुकी है।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + has/have + verb 3rd form + object.

'3rd Person singular Subject' के साथ – has
बाकी सभी Subjects के साथ – have

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	राम स्कूल जा चुका है।	Ram has gone to school.	Subject(Ram) '3rd Person Singular Subject' है इसलिए has लगा है।
2.	मैं काम कर चुका हूँ।	I have done the work. or I have worked.	Subject(I) '1st Person Singular Subject' है इसलिए have लगा है।
3.	हमने तुम्हें देख लिया है।	We have seen you.	Subject(We) '1st Person Plural Subject' है इसलिए have लगा है।
4.	मैंने उसे एक किताब दी है।	I have given him a book.	Subject(I) '1st Person Singular Subject' है इसलिए have लगा है।
5.	उन बच्चों ने राम से पैसे लिये हैं।	Those children have taken money from Ram.	Subject(Those children) '3rd Person Plural Subject' है इसलिए have लगा है।
6.	उस लड़की ने स्कूटी खरीदी है।	That girl has purchased a scooty.	Subject(That girl) '3rd Person Singular Subject' है इसलिए has लगा है।

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + has/have+ not + verb 3rd form + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	हमने तुम्हें नहीं देखा है।	We have not seen you.
2.	मैंने उसे कोई किताब नहीं दी है।	I haven't given him any book.
3.	अरनवी ने पैसे नहीं लिये हैं।	Arnavi has not taken the money.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + has/have + subject + verb 3rd form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (has, have) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने गया है?	Has Ram gone for a walk?
2.	अमन ने किताब क्यों ली है?	Why has Aman taken the book?
3.	वे दोनों कहाँ गये हैं?	Where have they both gone?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + has/have + subject + not + verb 3rd form + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	मैंने क्या किया है?	What have I done?
2.	क्या तुमने आज खाना नहीं बनाया है?	Have you not cooked the food today?
3.	अमन ने अब तक किताब क्यों नहीं खरीदी है?	Why has Aman not purchased the book yet?

Present Perfect Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा है, रही है, रहे हैं, रहा हूँ** का प्रयोग होता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे Continuous tense में होता है।
फर्क सिर्फ इतना है कि यहाँ पर समय के बारे में भी बताया जाता है। और ध्यान रहे **समय के साथ 'से'** का प्रयोग होता है।
जैसे - राम 2 घंटे से घूम रहा है, सीता 4 दिन से नाच रही है, लोग 10 बजे से घूम रहे हैं, मैं सुबह से रो रहा हूँ। आदि

समय के बारे में बताये जाने पर Since या For का प्रयोग होता है।
Since का प्रयोग निश्चित समय के लिए और For का प्रयोग अनिश्चित समय के लिए यानि अवधि (Duration) के लिए।

	नियम (Usage)	*उदाहरण (Example)*
Since (से)	निश्चित समय के साथ प्रयोग होता है जब भी कभी वाक्य में रहा, रही, रहे का प्रयोग होता है। ('since' refers to point of time when the sentence is in continuous form) उदाहरण – 1. Since 2 AM/ 2 PM/ 2 o'clock/ 3 o'clock etc. 2. Since 1998/ 2005/ 2009/ 2012 etc. 3. Since Monday/ Tuesday…… Sunday 4. Since morning/ evening/ afternoon/ night 5. Since yesterday/day before yesterday 6. Since childhood/birth 7. Since that day 8. Since my dad was born	1. I have been studying since morning. (मैं सुबह **से** पढ़ रहा हूँ।) 2. He has been trying since Monday. (वो सोमवार **से** कोशिश कर रहा है।)

For (से)	अनिश्चित समय यानि समय की अवधि के साथ प्रयोग होता है जब भी कभी वाक्य में रहा, रही, रहे का प्रयोग होता है। (For is used for duration of time when the sentence is in continuous form) उदाहरण – 1. For 2 seconds/ 2 minutes/ 2 hours / 2 days/ 2 weeks/ 2 months/ 2 years / 2 centuries etc. 2. For a long (काफी देर से) 3. For a while (कुछ देर से) 4. For many days/ hours/ months/ years etc.	1. I have been studying for 2 hours. (मैं 2 घंटे **से** पढ़ रहा हूँ।) 2. He has been trying for many days. (वो कई दिनों **से** कोशिश कर रहा है।)

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule:

Subject + has/have been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>.

‘3rd Person singular Subject’ के साथ – has been
बाकी सभी Subjects के साथ – have been

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*	*Comments*
1.	राम 2 घंटे से घूम रहा है।	Ram has been walking for 2 hours.	Subject(Ram) ‘3rd Person Singular Subject’ है इसलिए has been लगा है।
2.	वह 4 बजे से पढ़ रहा है।	He has been studying since 4 o’clock.	Subject(He) ‘3rd Person Singular Subject’ है इसलिए has been लगा है।
3.	मैं सुबह से गाने गा रहा हूँ।	I have been singing songs since morning.	Subject(I) ‘1st Person Singular Subject’ है इसलिए have been लगा है।
4.	वो कल शाम से मुझसे लड़ रहा है।	He has been fighting with me since yesterday evening.	Subject(He) ‘3rd Person Singular Subject’ है इसलिए has been लगा है।
5.	बच्चे कई दिनों से ये नाटक देख रहे हैं।	Children have been watching this serial for many days.	Subject(Children) ‘3rd Person Plural Subject’ है इसलिए have been लगा है।

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Subject + has/have + not been+verb 1st form+ ing+ object+ since/for + <point of time/duration>.

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम 2 घंटे से नहीं घूम रहा है।	Ram has not been walking for 2 hours.
2.	वह 4 बजे से नहीं पढ़ रहा है।	He has not been studying since 4 o’clock.
3.	मैं सुबह से गाने नहीं गा रहा हूँ।	I have not been singing songs since morning.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + has/have + subject + been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (has, have) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम 2 घंटे से क्यों घूम रहा है?	Why has Ram been walking for 2 hours?
2.	मैं कब से गाने गा रहा हूँ?	Since when have I been singing songs?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + has/have + subject + not + been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	वो सुबह से क्यों नहीं पढ़ रहा है?	Why has he not been studying since morning?
2.	क्या वह 4 बजे से नहीं पढ़ रहा है?	Has he not been studying since 4 o'clock?

Past Indefinite Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **गया, लिया, दिया, सोया, दी, ली, की** आदि का प्रयोग होता है। इस Tense में कभी भी है, हैं, हो, हूँ या फिर था, थे, थी का प्रयोग नहीं होता।
जैसे - राम घूमने **गया**, सीता रोने **लगी**, लोगों ने चाय **पी**, मैं घूमने **गया** आदि।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + verb 2nd form + object.

Subject चाहे singular हो या Plural, Rules एक जैसे हैं।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	राम घूमने गया।	Ram went for a walk.	'Went' is the 2nd form of 'go'.
2.	उसने एक पत्र लिखा।	He wrote a letter.	'Wrote' is the 2nd form of 'write'.
3.	मैंने उसे प्यार किया।	I loved him/her.	'Loved' is the 2nd form of 'love'.
4.	उसने गलती की।	He/she made a mistake.	'Made' is the 2nd form of 'make'. (गलती के साथ make का प्रयोग होता है।)
5.	लोगों ने हमसे बात की।	People spoke with us.	'Spoke' is the 2nd form of 'Speak'.
6.	हमने किया।	We did.	'Did' is the 2nd form of 'do'.
7.	तुमने खाना खाया।	You ate the food.	'Ate' is the 2nd form of 'eat'.

Negative (नकारात्मक वाक्य)
Rule: Subject + did not + verb 1st form + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम घूमने नहीं गया।	Ram did not go for a walk.
2.	उसने एक पत्र नहीं लिखा।	He did not write a letter.
3.	मैंने उसे प्यार नहीं किया।	I did not love him/her.
4.	लोग स्टेज़ पर नहीं गये।	People did not go on stage.
5.	उसने गलती नहीं की।	He/she did not make a mistake.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)
Rule: <Wh Family> + did + subject + verb 1st form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (did) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने गया?	Did Ram go for a walk?
2.	उसने पत्र क्यों लिखा?	Why did he write the letter?
3.	हमने गलती कब की?	When did we make a mistake?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)
Rule: <Wh Family> + Did + Subject + not + Verb 1st form + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या मैंने उसे प्यार नहीं किया?	Did I not love her?
2.	लोग स्टेज़ पर कब तक नहीं आये?	Until when did people not come on stage?
3.	उसने ऐसा क्यों नहीं किया?	Why did he not do so?

Past Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा था, रही थी, रहे थे** का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूम **रहा था**, सीता नाच **रही थी**, लोग घूम **रहे था**, मैं घूम **रहा था**। आदि

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)
Rule: Subject + was/were + verb 1st form+ ing + object.

Singular Subject के साथ – was
Plural Subject के साथ –were

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences	Comments
1.	मैं घूमने जा रहा था।	I was going for a walk.	Subject(I) '1st Person Singular Subject' है, इसलिए was लगा है।

2.	लोग स्टेज़ पर नाच रहे थे।	People were dancing on the stage.	Subject(People) '3rd Person Plural Subject' है, इसलिए were लगा है।
3.	वह पत्र लिख रही थी।	She was writing a letter.	Subject(She) '3rd Person Singular Subject' है, इसलिए was लगा है।

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + was/were + not + verb 1st form+ ing + object.

S.No	***हिन्दी वाक्य***	***English Sentences***
1.	राम घूमने नहीं जा रहा था।	Ram was not going for a walk.
2.	वह तुम्हारे बारे में नहीं सोच रहा था।	He was not thinking about you.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh Family> + was/were + subject + verb 1st form+ ing + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (was, were) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	***हिन्दी वाक्य***	***English Sentences***
1.	राम कहाँ जा रहा था?	Where was Ram going?
2.	वह क्या कर रही थी?	What was she doing?
4.	क्या लोग स्टेज़ पर नाच रहे थे?	Were People dancing on the stage?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh Family> + was/were + subject + not + verb 1st form+ ing + object?

S.No	***हिन्दी वाक्य***	***English Sentences***
1.	मम्मी क्यों नहीं डाँट रही थी?	Why was Mom not scolding?
2.	क्या वह घूमने नहीं जा रहा था?	Was he not going for a walk?
5.	क्या यशी नहीं लिख रही थी?	Was Yashi not writing?

Past Perfect Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **चुका था, चुकी थी, चुके थे, लिया था, दिया था, दी थी, ली थी, की थी** आदि का प्रयोग होता है।

जैसे - राम घूम **चुका था** , सीता नाच **चुकी थी ,** लोग घूम **चुके थे**, मैं घूम **चुका था** आदि

अगर मैं कहूँ – मुझे घड़ी मिली थी तो इसका सीधा सा मतलब है कि मुझे घड़ी मिल चुकी/गयी थी।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + had + verb 3rd form + object.

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', 'had' का प्रयोग होता है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम घूमने जा चुका था।	Ram had gone for a walk.
2.	मैं घूमने गया था।	I had gone for a walk.
3.	लोग स्टेज़ पर नाचे थे।	People had danced on the stage.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + had + not + verb 3rd form + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	अभिषेक स्कूल नहीं गया था।	Abhishek had not gone to school.
2.	मैंने तुम्हें नहीं देखा था।	I had not seen you.
3.	बच्चों ने होमवर्क नहीं किया था।	Students hadn't done the homework.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh Family> + had + subject + verb 3rd form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (had) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम जा चुका था?	Had Ram left?
2.	उसने पत्र क्यों लिखा था?	Why had she written a letter?
3.	मैंने काम किसके लिए किया था?	For whom had I done the work?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh Family> + had + subject + not + verb 3rd form + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम घूमने नहीं गया था?	Had Ram not gone for a walk?
2.	क्या लोग स्टेज़ पर नहीं नाचे थे?	Had people not danced on the stage?
3.	उसने पत्र कब तक नहीं लिखा था?	Until when had she not written the letter?

Past Perfect Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा था, रही थी, रहे थे** का प्रयोग होता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे Continuous tense में होता है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहाँ पर समय के बारे में भी बताया जाता है।

जैसे - राम **2 घंटे से** घूम **रहा था**, सीता **4 दिन से** नाच **रही थी**, लोग **10 बजे से** घूम **रहे थे,** मैं **सुबह से** रो **रहा था** आदि। समय के बारे में बताये जाने पर Since और For का प्रयोग होता है।

Since का प्रयोग निश्चित समय के लिए और For का प्रयोग अनिश्चित समय के लिए अर्थात अवधि(Duration) के लिए। कहाँ पर Since और कहाँ पर For का प्रयोग होगा, यह आपको Present Perfect Continuous Tense पढ़ाते वक्त बताया गया था।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Subject + had been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>.

Subject चाहे Singular हो चाहे Plural, 'Had been' का ही प्रयोग सहायक क्रिया के रुप में होता है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम 2 घंटे से घूम रहा था।	Ram had been walking for 2 hours.
2.	वह 4 बजे से पढ़ रहा था।	He had been studying since 4 o'clock.
3.	मैं सुबह से गाना गा रहा था।	I had been singing a song since morning.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Subject + had not been + verb 1st form+ ing+ object+ since/for + <point of time/duration>.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम 2 घंटे से नहीं घूम रहा था।	Ram had not been walking for 2 hours.
2.	वह 4 बजे से पढ़ नहीं रहा था।	He had not been studying since 4 o'clock.
3.	मैं सुबह से गाने नहीं गा रहा था।	I had not been singing songs since morning.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + had + subject + been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (had) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या वह सुबह से पढ़ रहा था?	Had he been studying since morning?
2.	वो कब से मेरा इन्तज़ार कर रहा था ?	Since when had he been waiting for me?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + had + Subject + not + been + Verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या वह 4 बजे से पढ़ नहीं रहा था?	Had he not been studying since 4 o'clock?
2.	क्या वो पढ़ नहीं रहा था जब से पापा गये?	Had he not been studying since dad left?

Future Indefinite Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **गा, गे, गी** का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूमने जाये**गा**, सीता नाचे**गी**, लोग घूमें**गे**। आदि

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will + verb 1st form + object.

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', 'Will' का ही प्रयोग होता है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम तुमसे मिलेगा।	Ram will meet you.
2.	लोग घूमने जायेंगे।	People will go for a walk.
3.	वह तुम्हें कॉल करेगी।	She will call you.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will not + verb 1st form + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम तुमसे नहीं मिलेगा।	Ram will not meet you.
2.	लोग घूमने नहीं जायेंगे।	People will not go for a walk.
3.	वह तुम्हें कॉल नहीं करेगी।	She will not call you.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + will + subject + verb 1st form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (will) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम तुमसे कब मिलेगा?	When will Ram meet you?
2.	लोग कहाँ जायेंगे?	Where will people go?
4.	वह तुम्हें कॉल कैसे करेगी?	How will she call you?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + Will + Subject + not + Verb 1st form + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम तुमसे क्यों नहीं मिलेगा?	Why will Ram not meet you?
2.	क्या लोग घूमने नहीं जायेगें?	Will people not go for a walk?
4.	क्या वह तुम्हें कॉल नहीं करेगी?	Will she not call you?

Future Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे, रहा हूँगा** का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूम **रहा होगा**, सीता नाच **रही होगी**, लोग घूम **रहे होंगे**, मैं घूम **रहा हूँगा** आदि

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will be + verb 1st form + ing + object.

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', 'Will be' का ही प्रयोग होता है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम घूमने जा रहा होगा।	Ram will be going for a walk.
2.	वह घूम रहा होगा।	He will be walking.
3.	वह प्रतियोगिता में नाच रही होगी।	She will be dancing in the competition.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will not be + verb 1st form + ing + object.

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	वो सो नहीं रहा होगा।	He will not be sleeping.
2.	पापा इस समय अखबार पढ़ रहे होंगे।	Dad will be reading newspaper right now .
3.	वह इस वक्त नहीं खेल रही होगी।	She will not be playing at this moment.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + will + subject + be + verb 1st form + ing + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (will) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	राम कहाँ सो रहा होगा?	Where will Ram be sleeping?
2.	क्या वह घूम रहा होगा?	Will he be walking?
3.	वो कुत्ते को क्या खिला रही होगी?	What will she be feeding the dog?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + will + subject + not + be + verb 1st form + ing + object?

S.No	हिन्दी वाक्य	English Sentences
1.	क्या राम मार्केट नहीं जा रहा होगा?	Will Ram not be going to market?
2.	क्या बच्चे हल्ला नहीं मचा रहे होंगे?	Will children not be making a noise?
3.	क्या मैं सो नहीं रहा हूँगा उस वक्त?	Will I not be sleeping at that time?

Future Perfect Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **चुका होगा, चुकी होगी, चुके होंगे, लिया होगा, दिया होगा, दी होगी, ली होगी, की होगी** आदि का प्रयोग होता है।
जैसे - राम घूम **चुका होगा** , सीता नाच **चुकी होगी,** लोग घूम **चुके होंगे**, मैं घूम **चुका हूँगा** आदि

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will have + verb 3rd form + object.

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', 'Will have' का ही प्रयोग होता है।

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम मार्केट जा चुका होगा।	Ram will have gone to market.
2.	मैं इस समय तक खेल चुका हूँगा।	I will have played by now.
3.	लोग स्टेज़ पर नाच चुके होंगे।	People will have danced on the stage.
4.	वह प्रतियोगिता जीत चुकी होगी।	She will have won the competition.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Rule: Subject + will not have + verb 3rd form + object.

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम मार्केट नहीं गया होगा।	Ram will not have gone to market.
2.	उसने तुम्हें कल नहीं देखा होगा।	He will not have seen you yesterday.
3.	लोग कल्पना से नहीं मिले होंगे।	People will not have met Kalpana.
4.	वह वहाँ नहीं गयी होगी।	She will not have gone there.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + will + subject + have + verb 3rd form + object?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (will) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम मार्केट क्यों गया होगा?	Why will Ram have gone to market?
2.	क्या उसने तुम्हें कल देखा होगा?	Will he have seen you yesterday?
3.	लोग कल्पना से कब मिले होंगे?	When will people have met Kalpana?
4.	वह वहाँ कैसे गयी होगी?	How will She have gone there?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

Rule: <Wh family> + will + subject + not + have + verb 3rd form + object?

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	क्या राम घूमने नहीं गया होगा?	Will Ram not have gone for a walk?
2.	क्या उसने तुम्हें कल नहीं देखा होगा?	Will he not have seen you yesterday?
3.	लोग कल्पना से क्यों नहीं मिले होंगे?	Why will people not have met Kalpana?
4.	क्या वह प्रतियोगिता में नहीं नाची होगी?	Will she not have danced in the competition?

Future Perfect Continuous Tense

इस Tense में मुख्य क्रिया के साथ **रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे, रहा हूँगा** का प्रयोग होता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे Continuous tense में होता है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहाँ पर समय के बारे में भी बताया जाता है।

जैसे - राम **2 घंटे से** घूम **रहा होगा**, सीता **4 दिन से** नाच **रही होगी**, लोग **10 बजे से** घूम **रहे होंगे**, मैं **सुबह से** रो **रहा हूँगा** आदि

समय के बारे में बताये जाने पर Since और For का प्रयोग होता है। Since का प्रयोग निश्चित समय के लिए और For का प्रयोग अनिश्चित समय के लिए अर्थात अवधि (Duration) के लिए। कहाँ पर Since और कहाँ पर For का प्रयोग होगा, यह आपको Present Perfect Continuous Tense पढ़ाते वक्त बताया गया था।

Affirmative (सकारात्मक वाक्य)

Subject + will have been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>.

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', 'Will have been' का ही प्रयोग होता है।

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम 2 घंटे से खेल रहा होगा।	Ram will have been playing for 2 hours.
2.	वह 4 बजे से पढ़ रहा होगा।	He will have been studying since 4 o'clock.

Negative (नकारात्मक वाक्य)

Subject + will not have been +verb 1st form+ ing+ object+ since/for + <point of time/duration>.

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	राम 2 घंटे से नहीं खेल रहा होगा।	Ram will not have been playing for 2 hours.
2.	वह 4 बजे से नहीं पढ़ रहा होगा।	He will not have been studying since 4 o'clock.

Interrogative (प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + will + subject + have been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

प्रश्नवाचक वाक्यों में helping verb (will) subject से पहले आ जाती है। और अगर वाक्य मे Wh family जैसे who, why, when, what, which, until when, since when, how long आदि का प्रयोग हो तो वो तो सबसे पहले ही प्रयोग की जाती है।

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	क्या राम 2 घंटे से खेल रहा होगा?	Will Ram have been playing for 2 hours?
2.	क्या वह 4 बजे से पढ़ रहा होगा?	Will he have been studying since 4 o'clock?

Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्य)

<Wh family> + will + subject + not + have been + verb 1st form+ ing + object+ since/for + <point of time/duration>?

S.No	*हिन्दी वाक्य*	*English Sentences*
1.	क्या राम 2 घंटे से खेल नहीं रहा होगा?	Will Ram not have been playing for 2 hours?
2.	क्या वह 4 बजे से पढ़ नहीं रहा होगा?	Will he not have been studying since 4 o'clock?

Tense – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. मैं नहीं गया।
2. तुम कहाँ जाते हो ?
3. हम किस तरह आयेंगे?
4. मैं कब तक तुम्हारा साथ दूँगा?
5. रोहित की बहन कहाँ जा रही है?
6. वो किस शहर से आया था?
7. राम खेलता है।
8. वो लड़का ऐसा क्यों सोचता है?
9. ये बच्चे कहाँ रहते हैं?
10. लड़कियाँ कल से डाँस का अभ्यास कर रही हैं।
11. राकेश नहीं समझता।
12. घाव से खून निकल रहा है।
13. मैं पढ़ूँगा।
14. वो सभी किसके भाई हैं?
15. वो खिड़की से झाँक रहा था।
16. बच्चे आ रहे होंगे।
17. मैं शिमला अक्सर जाता हूँ।
18. वो खूब पढ़ता है।
19. वो कभी–कभी मेरे घर आता है।
20. बस चली गई होगी।
21. तुम कब तक यहाँ ठहरोगे?
22. माँ अपने बच्चे को दूध पिला रही होगी।
23. हम बहुत देर तक सोते हैं।
24. वो घर से नहीं आया है।
25. वो अपने सपनों को साकार करेगा।
26. मैं किसके बारे में सोचता हूँ?
27. मैं और तुम किसके साथ खेल रहे थे?
28. हम वहाँ गये थे।
29. मेरा दोस्त कौन सी कार चला रहा है?
30. उसने उस आदमी को जान से मार दिया।
31. राम ने लड़की का बलात्कार नहीं किया है।
32. लड़के के परिवार वालों ने उस पर आरोप लगाया है।
33. उस दिन मेरे साथ कई लोग फिल्म देख रहे थे ।
34. हमने टीवी में किसकी लड़ाई देखी?
35. हम राम को बिलकुल नहीं जानते।
36. ये टूटा हुआ दिल कुछ कह रहा है।
37. क्या वो स्कूल से आ गया होगा?
38. तुम बहुत तेज दौड़ रहे थे।
39. कौन जायेगा?
40. किस हीरो का दोस्त तुम्हारे पापा के साथ जॉब करता है?
41. मैं अक्सर उसके घर जाता हूँ।
42. सीमा आये दिन तुम्हें होमवर्क लिखने के लिए बुलाती है।
43. बच्चे सुबह से टी वी देख रहे हैं।
44. उसे किस पार्टी का साथ नहीं मिल रहा है?
45. वो मोबाईल में क्या देख रहा है?
46. मैं किस लड़की का भाई हूँ ?
47. उसके पापा ने मुझसे बात करना पसन्द क्यों नहीं किया?
48. राम मुश्किल से ही कभी मेरे घर आता है।
49. क्या ये बातें याद आयेंगी तुम्हें?
50. हम सभी लोग उस नेता को पसन्द नहीं करते।
51. मेरे भाई ने किसी लड़की को परेशान नहीं किया।
52. उसने देखने की कोशिश नहीं की।
53. वो अधिकतर सीता के साथ खेलता है।
54. उसने मेरे लिए कभी कुछ किया ?
55. उसने कुछ नहीं किया।
56. हम तुम्हारे साथ घूमने जायेंगे।
57. राम उसे बहुत प्यार करता है।
58. तुमने मेरा दिल दुखाया है।
59. आँखें धोखा देती हैं।
60. क्या तुमने सभी को खाना परोस दिया है?
61. किसने तुम्हें देखा था?
62. ये दिल कभी–कभी प्यार के लिए तड़पता है।
63. मैंने भगवान से कुछ माँगा है।
64. उसने गलती की है।
65. हमारी आँखें उसे देख रही थी।
66. किसने तुम्हें चोट पहुँचाई?
67. मैंने ऐसा कभी नहीं सोचा।
68. राम ने मुझे मेरी जीत पर बधाई दी है।
69. दुकानदार ने मुझे लूट लिया।
70. क्या तुम मुझे याद दिलाओगे ?
71. बुरे दौर में तुम्हारा साथ किसने दिया ?
72. माँ बच्चों को जन्म देती है व बदले में कुछ नहीं माँगती!
73. हम दो बजे पार्क में घूम रहे थे।
74. वो किसके लिए इतनी दूर गया ?
75. तुम्हारा चेहरा मुझे किसी की याद दिलाता है।
76. ये कौन करता है?
77. ये साँप सदियों से अपनी साथी की तलाश कर रहा है।
78. उसने किताब ले ली थी।
79. मैं पेन से लिखूँगा।
80. क्या तुम रोज हनुमान जी की पूजा नहीं करती ?
81. वो घूमने गया था।
82. ये काम किसने किया ?
83. ये कहानियाँ मुझे पसंद नहीं।
84. हमने गलती नहीं की।
85. राम मेरे बारे में कुछ न कुछ तो बताएगा।
86. वो दोनों हमें क्या सिखाऐंगे?
87. तुम सभ्य लगते हो।
88. वो तुम्हारे घर पहले ही आ चुका है।
89. मैं तुम्हें रोज देखने आया।

90. तुम अपनी गलती स्वीकार कर चुके हो।
91. मैं तुमसे कभी नहीं मिला।
92. मैं किसी तरह ऑफिस पहुँचा हूँ।
93. क्या आप हमसे कुछ कह रहे हैं।
94. वो तुम्हारे घर की तरफ क्यों आता है ?
95. मैं दीवार के पीछे छुप गया।
96. मैं तुमसे मिलने को पागल हो रहा था।
97. मैं जल्द ही ऑफिस पहुँच रहा हूँ।
98. सीता ने कम्पनी छोड़ी और चली गयी।
99. तुम अच्छे लग रहे हो।
100. तुमने ऐसा क्यों सोचा?
101. उसने गाना कहाँ गाया?
102. प्रिया मेरे दिल को समझ रही थी।
103. मैंने सब कुछ समझ लिया था।
104. लोग मिठाइयाँ खा चुके थे।
105. मुझे उसकी याद आ रही थी।
106. वह दो साल पहले कम्पनी छोड़ चुका है।
107. वो तुम्हें धमकी क्यों देता है?
108. मैं ऑफिस के बाहर पहले ही अच्छी तरह देख चुका हूँ।
109. क्या आप हमसे सहमत हैं ?
110. राम धोखा दे रहा था।
111. वो आदमी मुझसे नहीं मिलता है।
112. तोता छत पर रो रहा था।
113. वो तुम्हारा इन्तज़ार 2 बजे से कर रहा था।
114. मैं तुम्हारे बारे में कुछ नहीं सोच रहा हूँ।
115. मैं तुमसे बात करुँगा।
116. लोग मुझसे मिलने नही आयेंगे।
117. राम कम्प्यूटर सीखता है।
118. तुम्हारे बाल झड़ चुके थे।
119. मैं अपने माता पिता को विदा कर चुका हूँ।
120. 2 घन्टे हो गये, घाव से खून निकल रहा है।
121. मैं अपने माता पिता को भेज चुका था।
122. क्या आप 3 साल से काम कर रहे हैं?
123. क्या आप सुबह से घूम रहे हैं?
124. नल दिखने में अच्छा लग रहा था।
125. उसने तुम्हें धमकी क्यों दी थी?
126. तुम मुझे सुबह से क्यों ढूढ़ रहे हो?
127. राम ऑफिस कब जाता है?
128. उसने मुझे अकेला छोड़ दिया है।
129. तुम ऐसा क्यों सोचते हो?
130. मैं आपके पास कब आया ?
131. मैं तुमसे कभी नहीं मिलूँगा।
132. क्या आपने खाना खाया?
133. सीता भगवान की पूजा कब से कर रही है?
134. तुमने हाल ही में कौन सी फिल्म देखी है?
135. मैं घूमने गया।
136. मैं 2 घंटे से ठंड से काँप रहा हूँ।
137. वह दो साल पहले कम्पनी छोड़ चुका है।
138. तुमने मेरा मूड खराब किया।
139. मैं 2008 से इस कम्पनी में काम रहा हूँ।
140. क्या सीता वहाँ बैठी?
141. वो गाना कहाँ गाता है?
142. वो तुम्हारे घर में खाना खा चुका है।
143. जब मैं आऊँगा, तुम जा रहे होंगे।
144. उसने मुझे माफ किया।
145. मैं ऑफिस परिसर में सिगरेट नहीं पीता।
146. मैं अपनी गलती महसूस कर चुका हूँ।
147. मैंने ये पहेली सुलझा दी।
148. मैं कभी गाना नहीं गाता।
149. मैं आपके पास कब आऊँगा ?
150. दूल्हा अच्छा लगता है।
151. यह सुनने में अच्छा लगता है।
152. क्या सीता वहाँ बैठेगी?
153. सचिन ने पुराने सभी रिकार्डस तोड़े।
154. मैं आपका प्रस्ताव स्वीकार करता हूँ।
155. राम अगले महीने कम्प्यूटर सीखेगा।
156. क्या सीता वहाँ बैठती है?
157. तुम ऐसा क्यों सोच रहे हो?
158. तुम अच्छे लगते हो।
159. बच्चा छत पर रो रहा होगा।
160. मैं तुम्हारे बारे में क्या सोचता हूँ?
161. राम और आदित्य किस ऑफिस से आ रहे हैं?
162. क्या आप उनसे मिले हो?
163. मैंने तुम्हारे लिए प्रार्थना की थी।
164. राम अच्छी तरह से तैयारी कर चुका है।
165. ये किसने किया ?
166. उसने अनजाने में मुझे दुख पहुँचाया।
167. मैंने लोगों से पैसे इकट्ठे कर लिए हैं।
168. मैं कसम खाता हूँ कि मैं वहाँ कभी नहीं जाऊँगा।
169. तुम्हारी किताब किसने ली ?
170. क्या हुआ ?
171. तुम्हारे दिमाग को किसने परेशान किया ?
172. हम बेवजह एक दूसरे के साथ लड़ रहे थे।
173. तुम क्या ढूँढ रहे हो ?
174. उन्होंने पूरे कमरे की सजावट बदल दी।
175. मैंने उसकी आवाज़ पहचान ली।
176. उसने मुझे पूरी तरह से सहयोग का आश्वासन दिया।
177. उसने बर्तन धो लिए हैं।
178. उसने इतने सारे लोगों को कैसे सँभाला ?
179. जो कोई मेरे पास आया, मैंने मदद की।
180. खेल के दौरान वो खोया खोया सा लगा।
181. तुम कहीं खोये से लगते हो।
182. मैंने उसे उतना पैसा नहीं दिया।
183. हज़ारों लोग सड़क पर विद्रोह कर रहे हैं।
184. हस्त रेखा विज्ञान ने उसे पागल कर दिया है।
185. मेरा भाई किसी तरह घर पहुँचा।
186. मैं अपनी सफ़लता का श्रेय तुम्हें देता हूँ।
187. क्या तुममें से कोई पूजा करता है ?
188. तुम इतनी सारी किताबें कैसे लाओगे ?
189. तुममें से कितने ताजमहल गये हो ?
190. उसने षड़यत्र का भांडा फोड़ दिया।

Answers

1. I didn’t go.
2. Where do you go?
3. How will we come?
4. Until when will I support you? / Until when will I stand by you?
5. Where is Rohit’s sister going?
6. From which city had he come?
7. Ram plays.
8. Why does that boy think so?
9. Where do these children live?
10. Girls have been practicing dance since yesterday.
11. Rakesh doesn’t understand.
12. Blood is oozing from the wound.
13. I will study.
14. Whose brothers are they/those all?
15. He was peeping through the window.
16. Children/kids will be coming.
17. I often go to Shimla.
18. He studies a lot/so much.
19. He sometimes come my home.
20. Bus will have left.
21. Until when will you stay here?
22. Mother will be feeding her child.
23. We sleep till late.
24. He has not come from home.
25. He will fulfill his dreams. / He will materialize his dreams.
26. About whom do I think?
27. With whom were I & you playing?
28. We had gone there.
29. Which car is my friend driving?
30. He killed that man.
31. Ram has not raped the girl.
32. Boy’s family has blamed him/her.
33. Many people were watching the movie with me that day.
34. Whose fight did we watch on TV?
35. We don’t know Ram at all. / We have no idea who Ram is.
36. This broken heart is saying something.
37. Will he have come from school?
38. You were running very fast.
39. Who will go?
40. Which actor’s friend works with your dad?
41. I often go his home.
42. Seema often calls you to write homework.
43. Kids have been watching TV since morning.
44. Which party’s support is he not getting? / Which party is not supporting him.
45. What is he watching in Mobile?
46. Which girl’s brother am I?
47. Why did his father not like to talk to me?
48. Ram seldom comes my home.
49. Will you remember these moments?
50. We all people don’t like that leader.
51. My brother didn’t bother any girl.
52. He didn’t try to see.
53. He mostly plays with Seeta.
54. Did he ever do something for me?
55. He did nothing.
56. We will go for a walk with you.
57. Ram loves him/her a lot.
58. You have hurt me.
59. Eyes cheat/ Eyes deceive. / Eyes are deceptive.
60. Have you served the food to all?
61. Who had seen you?
62. This heart sometimes craves for love.
63. I have begged something from God.
64. He has committed / made a mistake.
65. Our eyes were searching him.
66. Who hurt you?
67. I never thought so.
68. Ram has congratulated me on my win/victory.
69. Shopkeeper ripped me off.
70. Will you remind me?
71. Who supported you in bad time? / Who stood by you in bad phase?

72. Mother bears children and demands nothing in return.
73. We were walking in the park at 2 o'clock.
74. For whom did I go this far?
75. Your face reminds me of someone.
76. Who does it?
77. This snake has been searching his partner for centuries.
78. He had taken the book.
79. I will write with pen.
80. Do you not worship Lord Hanuman daily?
81. He had gone for a walk.
82. Who did this work?
83. I don't like these stories.
84. We didn't make a mistake.
85. Ram will tell at least something about me.
86. What will they both teach us?
87. You look civilized.
88. He has already come your home.
89. I came to see you daily.
90. You have accepted your fault.
91. I never met you.
92. I have reached office somehow.
93. Are you saying something to us?
94. Why does he come towards your home?
95. I hid behind the wall.
96. I was craving to meet you.
97. I am reaching office soon.
98. Seeta left the company and went.
99. You are looking good.
100. Why did you think so?
101. Where did he sing the song?
102. Priya was understanding my feelings.
103. I had understood everything.
104. People had eaten the sweets.
105. I was missing him/her.
106. He has left the company 2 years ago.
107. Why does he threaten you?
108. I have already seen properly outside the office.
109. Do you agree with us?
110. Ram was cheating.
111. That man does not meet me.
112. Parrot was crying on the roof.
113. He had been waiting for you since 2 o'clock.
114. I am not thinking anything about you./ I am thinking nothing about you.
115. I will talk to you.
116. People will not come to meet me.
117. Ram learns computer.
118. Your hair were fallen.
119. I have seen off my parents.
120. Blood has been oozing from the wound for 2 hrs.
121. I had sent my parents.
122. Have you been working for 3 years?
123. Have you been walking since morning?
124. Tap was looking good.
125. Why had he threatened you?
126. Why have you been searching me since morning?
127. When does Ram go to office?
128. He has left me alone.
129. Why do you think so?
130. When did I come to you?
131. I will never meet you.
132. Did you eat the food?
133. Since when has seta been worshipping God?
134. Which movie have you recently seen?
135. I went for a walk.
136. I have been shivering with cold for 2 hours.
137. He has left the company 2 years ago.
138. You spoiled my mood.
139. I have been working with this company since 2008.
140. Did Seeta sit there?
141. Where does he sing the song?
142. He has eaten/taken/had the food at your home.
143. When I come, you will be going.
144. He forgave me.
145. I don't smoke in the office premises.

146. I have realized my mistake.
147. I unraveled this enigma. / I solved this puzzle.
148. I never sing a song.
149. When will I come to you?
150. Groom looks good.
151. It sounds good.
152. Will seeta sit there?
153. Sachin broke all the previous records.
154. I accept you proposal.
155. Ram will learn computer next month.
156. Does seeta sit there?
157. Why are you thinking so?
158. You look good.
159. Child will be weeping on the roof.
160. What do I think about you?
161. From which office are Ram & Aditya coming?
162. Have you met them?
163. I had prayed for you.
164. Ram has prepared well.
165. Who did it?
166. He unknowingly hurt me.
167. I have collected the money from people.
168. I swear that I will never go there again.
169. Who took your book?
170. What happened?
171. What disturbed your mind?
172. We were unnecessarily fighting with each other.
173. What are you looking for?
174. They changed the entire room decoration.
175. I recognized his voice.
176. He assured me of full cooperation.
177. He has washed the utensils.
178. How did he handle these many people?
179. Whoever came to me, I helped.
180. During the game, he seemed to be lost.
181. You seem to be lost somewhere.
182. I didn't give him that much money.
183. Thousands of people are protesting on roads.
184. Palmistry has made him crazy.
185. My brother somehow reached home.
186. I ascribe my success to you.
187. Does any of you worship?
188. How will you bring these many books?
189. How many of you have visited the Taj?
190. He unearthed the conspiracy.

5. सबसे पहले मैं तुमसे एक सवाल पूछना चाहूँगा। — First of all, I would like to ask you a question.
6. मैं आपको तहे दिल से धन्यवाद देना चाहूँगा। — I would like to thank you from the core of my heart.

Very Important Rule for changing 'will' to 'must' or 'may/might' (Don't miss it)

अगर किसी भी Future Indefinite, Future Continuous या Future Perfect Tense के वाक्य में 'पक्का' या 'ज़रुर' लिखा हो और आपको हिन्दी में अनुवाद करना हो तो ज़्यादा कुछ करने की ज़रुरत नहीं, सिर्फ 'will' को 'must' में बदल दीजिए और इसी तरह अगर 'शायद' लिखा हो, तो 'will' को 'might' या 'may' में बदल दीजिए।

राम जायेगा।	Ram will go.
राम पक्का/ज़रुर जायेगा।	Ram must go. (Ram will definitely go.)
शायद राम जायेगा। /शायद राम जाये।	Ram may/might go. (Maybe Ram will go.)

राम जा रहा होगा।	Ram will be going.
राम पक्का जा रहा होगा।	Ram must be going.
शायद राम जा रहा होगा।/शायद राम जा रहा हो।	Ram may/might be going.

राम जा चुका होगा।	Ram will have gone.
राम पक्का जा चुका होगा।	Ram must have gone.
शायद राम जा चुका होगा। /शायद राम जा चुका हो।	Ram may/might have gone.

अब कुछ उदाहरण देखिए –
Have a look at a few examples now –

1. शायद बस आ रही हो। — Bus might/may be coming.
2. वो पक्का घर पहुँच चुका होगा। — He must have reached home.
3. मैं उससे ज़रुर मिलूँगा। — I must meet him/her.
4. शायद लोग चले गये हों। — People might have left/gone.
5. वो पक्का उससे मिलने जा रहा होगा। — He must be going to meet her/him.

Used to (किया करता था, करता था)

1. मैं सुबह ज़ल्दी उठता था। — I used to get up early in the morning.
2. तुम मुझे उठाते थे। — You used to wake me up.
3. हम बचपन में साथ साथ खेलते थे। — We used to play together in childhood.
4. वो स्कूल नहीं जाता था। — He didn't use to go to school.
5. क्या वो केवल दो घंटे सोता था ? — Did he use to sleep only for two hours?

Important Rule:

अगर वाक्य में एक बार 'used to' आ जाये तो 'used to' दोबारा प्रयोग नहीं करना चाहिए, उसकी जगह पर हर बार 'would' का प्रयोग बेहतर विकल्प है।

1. मैं आता था और वो जाता था। — I used to come and he would go.
2. मैं 5 बजे उठता था। फिर मैं दो घंटे पढ़ता था। — I used to get up at 5. Then, I would study for 2 hours.
3. वो आती थी। मैं भाग जाता था। फिर वो मुझे बुलाती थी। — She used to come. I would run. Then, she would call me.

Important Rule:

अगर पैराग्राफ किसी बीती बात के बारे में बता रहा हो तो 'used to' की जगह हर बार 'would' का प्रयोग होता है।
If the paragraph is in past, then 'would' replaces 'used to'.

1. एक राजा था। वो रोज़ 6 बजे उठता था। There was a king. He would get up daily at 6.
2. मैं बहुत बुरा था पर मैं अपनी मम्मी को बहुत प्यार करता था। I was very bad but I would love my mom a lot.

Would

(बीते हुए कल में कही हुई भविष्य की बात – will की जगह would का प्रयोग)

(Something related to future but spoken in past)

1. उसने कहा कि वो हमारी मदद करेगा। He said that he would help us.
2. मुझे मालूम था कि वह जीतेगा। I knew that he would win.
3- मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतना स्वार्थी होगा। I had never thought that he would be this much selfish.
4. मुझे संदेह नहीं था कि तुम जीतोगे। I had no doubt that you would win.
5. मुझे लगा कि वो कभी नहीं आयेगा। I thought that he would never come.

Would

निवेदन करने के लिए (For request)

1. क्या तुम कृपया मेरी मदद करोगे? Would you please help me?
2. क्या तुम कृपया दरवाजा खोल दोगे? Would you please open the door?

Is/Am/Are/Was/Were + Used to

(किसी चीज़ की आदत हो जाना या उसका आदी हो जाना)

(to become comfortable/habitual to something)

1- मुझे गाली सुनने की आदत है। I am used to listen to abuses. / I am habitual to listen to abuses.
2. मुझे इस कार की आदत हो गई है। I am used to this car./ I am habitual to this car.
3. तुम्हें झूठ बोलने की आदत थी। You were used to tell a lie./ You were habitual to tell a lie.
4. राम को रात भर जगे रहने की आदत है। Ram is used to wake up for the whole night.

Need(s) + Noun/Pronoun
Need(s) to + verb 1st form

(ज़रुरत है, आवश्यकता है, चाहिए)

Rule:

Need के आगे ब्रैकेट में 's' लगाने का मतलब है कि Singular Subject के साथ 'needs' जबकि Plural Subject के साथ केवल 'need' लगेगा।

किस चीज़ की ज़रुरत है, क्या चाहिए ? अगर कुछ ऐसा चाहिए जो कि एक Noun या Pronoun हो तो Need के साथ 'to' नहीं लगेगा। अगर मैं कहूँ कि मुझे जाना चाहिए। यहाँ पर मुझे किस चीज़ की ज़रुरत है, क्या चाहिए ? जाने की ज़रुरत है यानि जाना चाहिए। जाना एक क्रिया है इसलिए Need के साथ 'to' लगेगा।

Using 's' in bracket with 'need' means that Singular subject will be followed by 'needs' and plural subject will be followed by 'need'.

Another point is that if we need a noun or a pronoun, then we don't use 'to' with need otherwise in case of a verb, we use 'need to' or we can also use 'should' instead of 'need to'.

हिन्दी वाक्य	English Sentence	Comments
राम को पैन चाहिए।/ राम को पैन की ज़रुरत है।	Ram needs a pen.	पैन चाहिए। पैन कोई क्रिया नहीं है, पैन तो एक संज्ञा है इसलिए Need के साथ 'to' नहीं लगेगा। ('Pen' is not a verb; it is a noun so 'need' will not be followed by 'to'.)
राम को जाना चाहिए।	Ram needs to go. / Ram should go.	जाना चाहिए। जाना यानि go एक क्रिया है इसलिए Need के साथ 'to' लगेगा। ('Go' is a verb so 'need' will be followed by 'to'.)
राम को पैन नहीं चाहिए।/ राम को पैन की ज़रुरत नहीं है।	Ram doesn't need a pen.	
राम को जाना नहीं चाहिए।/ राम को जाने की ज़रुरत नहीं है।	Ram doesn't need to go. / Ram should not go.	
मुझे माँ चाहिए। / मुझे माँ की ज़रुरत है।	I need mom.	माँ चाहिए। माँ कोई क्रिया नहीं है, माँ तो एक संज्ञा है इसलिए Need के साथ 'to' नहीं लगेगा। ('Mom' is not a verb; it is a noun so 'need' will not be followed by 'to'.)

Needed+ Noun/Pronoun
Needed to + verb 1st form
(ज़रुरत थी, आवश्यकता थी, चाहिए था)

1. मुझे तुम्हारी ज़रुरत थी। — I needed you.
2. तुम्हें पैन चाहिए था। — You needed a pen.
3. राम को जाना चाहिए था। — Ram needed to go. / Ram should have gone.
4. हमें सोचना चाहिए था। — We needed to think. / We should have thought.
5. मुझे किसी की ज़रुरत नहीं थी। — I didn't need anyone.
6. क्या उसे प्यार की ज़रुरत नहीं थी ? — Did he not need love?

Dare(s)/ Dared + Noun/Pronoun
Dare(s)/ Dared to + verb 1st form
(हिम्मत करना)

1. वो जाने की हिम्मत करता है। — He dares to go.
2. वो वहाँ जाने की हिम्मत नहीं करता। — He doesn't dare to go there. / He dare not to go there.
3. तुम्हारी यहाँ आने की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare you come here?
4. राम ने खेलने की हिम्मत की। — Ram dared to play.
5. राम ने खेलने की हिम्मत नहीं की। — Ram dared not to play. / Ram didn't dare to play.
6. राम की हिम्मत कैसे हुई ? — How dare Ram?

Modals – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

1. मुझे देखना है ।
2. उसे बताना पड़ा ।
3. राम को खेलना पड़ेगा ।
4. उसे मेरी बात माननी पड़ेगी ।
5. मुझे जाना चाहिए था ।
6. हम खेला करते थे ।
7. लोग मुझे सलमान खान बुलाते थे ।
8. क्या तुम जा पाये ?
9. क्या तुम यहाँ सो पाओगे ?
10. हम कभी नहीं भुला सके ।
11. मुझे अपने आस–पास कोई नहीं चाहिए ।
12. शायद वो जा रहा हो ।
13. उसे मुझे बताना चाहिए था।
14. अब उसके खर्चे तुम्हें उठाने पड़ेंगे ।
15. मैं आता था और वो जाता था ।
16. बच्चे को माँ की जरूरत होती है ।
17. शायद बस आ रही होगी ।
18. किसी को प्यार नहीं चाहिए ।
19. दोनों कभी भी आ सकते हैं ।
20. मैं पक्का जाऊँगा ।
21. ये प्रश्न कोई नहीं कर पायेगा ।
22. मुझे कुछ कहना है ।
23. हम खेलने चले जाते थे ।
24. मुझे किसी की ज़रूरत नहीं है ।
25. मुझे तुम याद करते थे ।
26. सीता पक्का बस पकड़ चुकी होगी ।
27. शायद वो तुमसे मिले ।
28. बचपन में हम दोनों साथ–साथ खेलते थे ।
29. उसे क्या कहना है ?
30. मैं आ सकता था पर मैं नहीं आ पाया ।
31. मैं घूमने कभी नहीं जा सकता।
32. तुम्हें झूठ बोलने की आदत है।
33. तुम नल खोल सकते थे पर तुमने नहीं खोला।
34. कुछ भी हो सकता है। मैं कह नहीं सकता।
35. तुम्हें पहाड़ों में रहना चाहिए क्योंकि तुम्हें दिल की बीमारी है।
36. वो मुझसे दूर कभी नहीं जा सकती।
37. राम मिठाई खा सकता था।
38. विधार्थी स्कूल से घर आ सकते हैं।
39. मैं कभी गाना नहीं गा सका।
40. तुम मुझसे मिलने आ सकते हो।
41. तुम समय पे क्यों नहीं आ सके?
42. तुम कभी किसी को प्यार नहीं कर सकते।
43. राजेश अपने दिल की बात कभी नहीं कह सका।
44. अंगूर खटटे हो सकते थे।
45. तुम्हें मेरा आभारी होना चाहिए।
46. हम तुझे बर्दाश्त कभी नहीं कर सकते।
47. क्या मुझे चेहरे पर कुछ लगाना चाहिए ?
48. राम किसी तरह वहाँ पहुँच सकता था।
49. राम को उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
50. लोग तुम्हारे बारे में सोच सकते थे।
51. ज़िन्दगी आसान होनी चाहिए थी पर नहीं थी।
52. मुझे वक्त का पाबन्द होना चाहिए।
53. उसने कहा कि वो हमारी मदद करेगा।
54. दूल्हा दुल्हन को बात करनी चाहिए थी।
55. लोग तुम्हारे बारे में गलत सोच सकते हैं।
56. राकेश को लड़कियाँ नहीं छेड़नी चाहिए।
57. तुम्हें मुझे याद दिलाना चाहिए था।
58. राम को मुझसे जरुर मिलना चाहिए था।
59. उसे कहाँ जाना है ?
60. वो कहाँ से आता था ?
61. क्या वो जाना चाहता है ?
62. क्या उसे कुछ चाहिए था ?
63. तुम्हें इतनी जल्दी नहीं सोना चाहिए।
64. तुम जब चाहो आ सकते हो।
65. तुम्हें कम से कम वहाँ जाना चाहिए था।
66. तुम जल्द ही अंग्रेज़ी बोल सकोगे ।
67. मैंने कभी नहीं सोचा था कि वह स्वार्थी होगा।
68. तुम जब तक चाहो तब तक काम कर सकते हो।
69. क्या वो ये काम कर सकेगा?
70. बच्चा कुछ दिनों में ही अच्छी तरह बोल सकेगा।
71. तुम्हें उसके घर वापिस जाना चाहिए।
72. मुझे मालूम था कि वो जीतेगा।
73. तुम इम्तिहान पास नहीं कर सकते।
74. मैं आपको धन्यवाद देना चाहूँगा।
75. मुझे संदेह नहीं था कि तुम जीतोगे।
76. तुम खा सकते हो, चाहे ये या चाहे वो।
77. मुझे लगा कि वो कभी नहीं आयेगा।
78. मैं तुमसे सिर्फ एक बार मिलना चाहूँगा।
79. वह पक्का बस से गया होगा।
80. तुम्हारे प्रयत्न सफल होने चाहिए।
81. तुम किससे बात करना चाहोगे?
82. राम पढ़ने के बजाय खेलना पसन्द करेगा।
83. मुझे गाली सुनने की आदत है।
84. तुम्हें इस तरह के माहौल में रहने की आदत हो चुकी है।
85. तुम्हें कल उससे मिलना था।
86. आज मुझे शॉपिंग के लिए जाना चाहिए था।
87. पहले मैं तुमसे एक सवाल पूछना चाहूँगा।
88. तुम्हें मेरे परिवार से मिलना चाहिए था।
89. क्या मुझे रात भर जगे रहने की आदत है ?
90. क्या मैं अंदर आ सकता हूँ ?
91. तुम्हें कम से कम आज तो काम करना चाहिए था।
92. क्या मैं अब जा सकता हूँ ?
93. भगवान हमें माफ करे।
94. क्या राम वहाँ जाता था ?

Answers

1. I have to see.
2. He had to tell.
3. Ram will have to play.
4. He will have to follow my instructions.
5. I should have gone.
6. We used to play.
7. People used to call me Salman Khan.
8. Could you go?
9. Will you be able to sleep here?
10. We could never forget.
11. I don't need anybody around me.
12. He might be going.
13. He must have told me.
14. Now, you will have to bear his expenses.
15. I used to come and he would go.
16. Child needs mother.
17. Bus might be coming.
18. Nobody needs love.
19. Both can come anytime.
20. I must go.
21. Nobody will be able to solve this question.
22. I have to say something.
23. We used to go to play.
24. I don't need anybody.
25. You used to miss/remember me.
26. Seeta must have taken/caught the bus.
27. He might meet you.
28. We both used to play together in childhood.
29. What has he to say?
30. I could have come but I could not come.
31. I can never go for a walk.
32. You are in the habit of telling a lie.
33. You could have turned the tap on but you didn't.
34. Anything can happen. I can't say.
35. You must live in hills because you are suffering from heart disease.
36. She can never go away from me.
37. Ram could have eaten the sweets.
38. Students can come home from school.
39. I could never sing songs.
40. You can come to meet me.
41. Why could you not come in time?
42. You can never love anyone.
43. Rajesh could never say his feelings.
44. Grapes could have been sour.
45. You should be grateful to me.
46. We can never tolerate you.
47. Should I apply something on my face?
48. Ram could have reached there somehow.
49. Ram should never meet him.
50. People could have thought about you.
51. Life should have been easy but wasn't.
52. I must be punctual.
53. He said he would help us.
54. Groom and bride should have talked.
55. People can think wrong about you.
56. Rakesh shouldn't tease girls.
57. You should have reminded me.
58. Ram must have met me.
59. Where has he to go?
60. From where did he use to come?
61. Does he want to go?
62. Did he need something?
63. You should not sleep this early.
64. Whenever you want, you can come.
65. You should have atleast gone there.
66. Soon, you will be able to speak English.
67. I had never thought that he'll be selfish.
68. As long as you want, you can work.
69. Will he be able to do this work?
70. Child will be able to speak within only a few days.
71. You must go back to his home.
72. I knew that he would win.
73. You can't pass the exam.
74. I would like to thank you.
75. I had no doubt that you would win.
76. You can eat; either this or that.
77. I thought that he will never come.
78. I would like to meet you only once.
79. He must have gone by bus.
80. You efforts must be fruitful.
81. Whom would you like to talk?
82. Ram would like to play than study. / Ram would like playing rather than studying. / Ram would prefer to play over study. / Ram would prefer playing over studying.
83. I am used to listen to abuses.
84. You are used to live in such an environment.
85. You had to meet him yesterday.
86. I should have gone for shopping today.
87. First, I would like to ask you a question.
88. You should have met my family.
89. Am I used to be awoken whole night?
90. May I come in?
91. You should have worked at least today.
92. May I go now?
93. May God forgive us!
94. Did Ram use to go there?

Modals – Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into English: 35 x 1 = 35

1. तुम मेरे घर आ सकते थे पर तुम नहीं आये।
2. हमें आज मिलना था।
3. मुझे उससे बात करनी है।
4. उसे किसी भी हालत में वहाँ जाना चाहिए।
5. राहुल को आना पड़ेगा।
6. तुम उसके घर क्यों जाते थे ?
7. क्या तुम मुझसे मिलना चाहोगे ?
8. शायद वो आज आये।
9. क्या उसे जाना है ?
10. अगर मैंने तुम्हें देखा होता, क्या तुमसे बात नहीं करता?
11. मुझे तुम्हारी ज़रुरत नहीं है, बल्कि मुझे तो मेरी माँ चाहिए।
12. उसने कहा था कि वो स्कूल नहीं आयेगा।
13. मैं पढ़ने के बजाय खेलना पसन्द करता हूँ।
14. मैं पक्का जाऊँगा वहाँ।
15. मैं जीतना चाहता था पर कभी जीत नहीं पाया।
16. वो खेलना नहीं चाहता।
17. अगर मैं आया, तो तुमसे मिलूँगा।
18. हमें प्यार चाहिए, कुछ और नहीं।
19. शायद बारिश हो रही हो।
20. उसे किसी की ज़रुरत नहीं है, वो खुद ही काफी है।
21. तुमने हमेशा मुझे सम्मान दिया, मैं भूल नहीं सकता।
22. चाहे जो हो, हमारा प्यार हमेशा जिन्दा रहना चाहिए।
23. मुझे उसे प्यार नहीं करना चाहिए था।
24. शायद वो आयेगी।
25. राम यहाँ क्यों आता था ?
26. मैं स्कूल के दिनों में खूब खेला करता था।
27. राकेश को सोचना चाहिए था।
28. क्या पता बस निकल गयी हो।
29. मैं तुमसे मिलने कभी नहीं आ सकता।
30. मैं तुमसे कभी नहीं कह सका।
31. राम को पैन नहीं चाहिए, बल्कि उसे तो किताब चाहिए।
32. क्या तुम कभी वहाँ जा पाये ? शायद कभी नहीं।
33. क्या तुम मेरे लिए रुक नहीं सकते ?
34. क्या तुम्हें कुछ नहीं चाहिए?
35. तुम्हारा क्या ख्याल है, मुझे वहाँ जाना चाहिए ?

Q 2: Write the meaning of following similar & confusing words: 5 x 1 = 5

i) Cast	ii) Weak	iii) Fond	iv) Story	v) People
Caste	Week	Found	Storey	Pupil

Q 3: Write three forms of the following verbs: 10 x 1 = 10

Drive, Bite, Ride, Hold, Put, Seek, Drink, See, Read, Teach

Answers

Q1:

1. तुम मेरे घर आ सकते थे पर तुम नहीं आये।	You could have come my home but you didn’t.
2. हमें आज मिलना था।	We had to meet today.
3. मुझे उससे बात करनी है।	I have to talk to him.
4. उसे किसी भी हालत में वहाँ जाना चाहिए।	He must go there at any cost.
5. राहुल को आना पड़ेगा।	Rahul will have to come.
6. तुम उसके घर क्यों जाते थे ?	Why did you use to go his home?
7. क्या तुम मुझसे मिलना चाहोगे ?	Would you like to meet me?
8. शायद वो आज आये।	He might come today.
9. क्या उसे जाना है ?	Has he to go?
10. अगर मैंने तुम्हें देखा होता, क्या तुमसे बात नहीं करता?	If I had seen you, wouldn’t I have talked to you?
11. मुझे तुम्हारी ज़रुरत नहीं है, बल्कि मुझे तो मेरी माँ चाहिए।	I don’t need you, rather I need my mom.
12. उसने कहा था कि वो स्कूल नहीं आयेगा।	He had said that he would not come to school.
13. मैं पढ़ने के बजाय खेलना पसन्द करता हूँ।	I prefer playing rather than studying. /I prefer to play rather than to study.
14. मैं पक्का जाऊँगा वहाँ।	I must go there. / I’ll definitely go there.
15. मैं जीतना चाहता था पर कभी जीत नहीं पाया।	I wanted to win but I could never.

16. वो खेलना नहीं चाहता। He doesn't want to play.
17. अगर मैं आया, तो तुमसे मिलूँगा। If I come, I will meet you.
18. हमें प्यार चाहिए, कुछ और नहीं। We need love, nothing else.
19. शायद बारिश हो रही हो। It may/might be raining.
20. उसे किसी की ज़रुरत नहीं है, वो खुद ही काफी है। He doesn't need anyone, he himself is good enough.
21. तुमने हमेशा मुझे सम्मान दिया, मैं भूल नहीं सकता। You always respected me, I can not forget.
22. चाहे जो हो, हमारा प्यार हमेशा जिन्दा रहना चाहिए। No matter what, our love must remain alive forever.
23. मुझे उसे प्यार नहीं करना चाहिए था। I shouldn't have loved her.
24. शायद वो आयेगी। She might/may come.
25. राम यहाँ क्यों आता था ? Why did Ram use to come here?
26. मैं स्कूल के दिनों में खूब खेला करता था। I used to play a lot in school days.
27. राकेश को सोचना चाहिए था। Rakesh should have thought.
28. क्या पता बस निकल गयी हो। Bus may/might have left/gone.
29. मैं तुमसे मिलने कभी नहीं आ सकता। I can never come to meet you.
30. मैं तुमसे कभी नहीं कह सका। I could never say to you./ I could never tell you.
31. राम को पैन नहीं चाहिए, बल्कि उसे तो किताब चाहिए। Ram doesn't need a pen, rather he needs a book.
32. क्या तुम कभी वहाँ जा पाये ? शायद कभी नहीं। Could you ever go there? Never, I think.
33. क्या तुम मेरे लिए रुक नहीं सकते ? Can't you wait for me?
34. क्या तुम्हें कुछ नहीं चाहिए? Don't you need anything?
35. तुम्हारा क्या ख्याल है, मुझे वहाँ जाना चाहिए ? What do you think, should I go there?

Q 2:

i)	Cast	(कास्ट)	- List of people in a drama or film
	Caste	(कास्ट)	- A class (जाति)
ii)	Weak	(वीक)	- कमज़ोर
	Week	(वीक)	- सप्ताह
iii)	Fond	(फॉन्ड)	- शौकीन
	Found	(फाउन्ड)	- Second form of "Find"
iv)	Story	(स्टोरी)	- कहानी
	Storey	(स्टोरी)	- किसी बिल्डिंग की मंजिलें
v)	People	(पीपल)	- लोग
	Pupil	(प्यूपिल)	- शिष्य

Q 3:

Drive	Drove	Driven
Bite	Bit	Bitten
Ride	Rode	Ridden
Hold	Held	Held
Put	Put	Put
Seek	Sought	Sought
Drink	Drank	Drunk
See	Saw	Seen
Read	Read (रैड)	Read(रैड)
Teach	Taught	Taught

Test – II

Q1: Translate the following sentences into Hindi: 50 x 1 = 50

1. Could he achieve what he wanted?
2. She would not like to dance with you.
3. You should have thought about his condition.
4. Does he need your help?
5. Did he use to come to your home?
6. They might have left for school.
7. Seeta must be studying at this point of time.
8. He might be coming.
9. If I had gone there, I would have given him the money.
10. They are used to such a climate.
11. Has he to go?
12. I had told you that I would not go there.
13. He is used to his car now.
14. We ought to respect whoever is older than we.
15. I was watching TV, rather than studying.
16. They should have left by now.
17. There should be good weather.
18. I would rather buy a pen than a pencil.
19. I already knew that he would win.
20. I couldn’t protest against Government’s decision.
21. Can you meet that guy?
22. There can be anybody.
23. I don’t love you; rather I love your sister.
24. I had to fight till the end.
25. You can’t compare love with anything.
26. Could you please spare some time for me?
27. This girl used to meet Ram quite often.
28. Will he be able to come here?
29. It must hail tomorrow.
30. I would rather meet my dad than meet him.
31. Could I speak with Mr. Batra?
32. I would get up at 6 when I was a kid.
33. They didn’t want to meet me.
34. Mom needed help because she was unwell.
35. Shall I go?
36. I wanted my mom not to work.
37. Mobile couldn’t divert me from my study.
38. I was used to his abuses.
39. He prefers singing over dancing.
40. Had he loved me, he would have been here.
41. Seeta used to come. She would prepare food and study here.
42. He must leave.
43. If he meets me, I will tell him about you.
44. Had you known the truth, you would have told me.
45. They might have left.
46. It may rain tomorrow.
47. He prefers me over you.
48. It might be a rumour.
49. May I go now?
50. He used to go and I would come.

Answers

1. Could he achieve what he wanted? क्या वो पा सका जो वो चाहता था ?
2. She would not like to dance with you. वो तुम्हारे साथ डाँस नहीं करना चाहेगी ।
3. You should have thought about his condition. तुम्हें उसकी हालत के बारे में सोचना चाहिए था ।
4. Does he need your help? क्या उसे तुम्हारी मदद की ज़रूरत है ?
5. Did he use to come to your home? क्या वो तुम्हारे घर आता था ?
6. They might have left for school. शायद वो स्कूल के लिए निकल गये हों/होंगे ।
7. Seeta must be studying at this point of time. सीता इस वक्त पढ़ रही होगी ।
8. He might be coming. शायद वो आ रहा हो /होगा ।
9. If I had gone there, I would have given him the money. अगर मैं वहाँ गया होता, मैंने उसे पैसे दे दिये होते।
10. They are used to such a climate. उन्हें इस तरह के मौसम की आदत हो गई है।

11. Has he to go? — क्या उसे जाना है ?
12. I had told you that I would not go there. — मैंने तुम्हें बताया था कि मैं वहाँ नहीं जाऊँगा ।
13. He is used to his car now. — उसे अपनी कार की अब आदत हो गई है ।
14. We ought to respect whoever is older than we. — हमें अपनों से बड़ों का आदर करना चाहिए।
15. I was watching TV, rather than studying. — मैं पढ़ने के बजाय टी वी देख रहा था।
16. They should have left by now. — वो अब तक निकल गये होंगे ।
17. There should be good weather. — वहाँ अच्छा मौसम होना चाहिए ।
18. I would rather buy a pen than a pencil. — मैं पैन्सिल के बजाय पैन खरीदूँगा ।
19. I already knew that he would win. — मैं पहले से ही जानता था कि वो जीतेगा ।
20. I couldn't protest against Government's decision. — मैं सरकार के फैसले के विरूद्ध विद्रोह नहीं कर सका।
21. Can you meet that guy? — क्या तुम उस लड़के से मिल सकते हो ?
22. There can be anybody. — वहाँ कोई भी हो सकता है।
23. I don't love you; rather I love your sister. — मैं तुम्हें नहीं बल्कि तुम्हारी बहन को प्यार करता हूँ।
24. I had to fight till the end. — मुझे अन्त तक लडना था/पड़ा ।
25. You can't compare love with anything. — तुम प्यार की तुलना किसी चीज़ के साथ नहीं कर सकते।
26. Could you please spare some time for me? — क्या आप मेरे लिए थोड़ा समय निकाल सकते हैं ?
27. This girl used to meet Ram quite often. — ये लड़की राम से अक्सर (बहुत ही ज़्यादा) मिलती थी ।
28. Will he be able to come here? — क्या वो यहाँ आ पायेगा ?
29. It must hail tomorrow. — कल पक्का ओले पड़ेंगे ।
30. I would rather meet my dad than meet him. — मैं उससे मिलने के बजाय अपने पापा से मिलूँगा ।
31. Could I speak with Mr. Batra? — क्या मैं मि0 बत्रा से बात कर सकता हूँ ?
32. I would get up at 6 when I was a kid. — मैं 6 बजे उठता था जब मैं एक बच्चा था ।
33. They didn't want to meet me. — वो मुझसे मिलना नहीं चाहते थे ।
34. Mom needed help because she was unwell. — मम्मी को मदद चाहिए थी क्योंकि वो बीमार थीं ।
35. Shall I go? — क्या मुझे जाना चाहिए ?
36. I wanted my mom not to work. — मैं नहीं चाहता था कि मेरी मम्मी काम करें।
37. Mobile couldn't divert me from my study. — मोबाइल मुझे मेरी पढ़ाई से भटका नहीं सका ।
38. I was used to his abuses. — मुझे उसकी गालियों की आदत पड़ गयी थी ।
39. He prefers singing over dancing. — वो डॉंस करने के बजाय गाने को तवज्ज़ो देता है।
40. Had he loved me, he would have been here. — अगर उसने मुझे प्यार किया होता, तो वो यहाँ होता।
41. Seeta used to come. She would prepare food and study here. — सीता आती थी। खाना बनाती थी और यहाँ पढ़ती थी ।
42. He must leave. — उसे पक्का चले जाना चाहिए ।
43. If he meets me, I will tell him about you. — अगर वो मुझसे मिला, तो मैं उसे तुम्हारे बारे में बताऊँगा ।
44. Had you known the truth, you would have told me. — अगर तुम्हें सच्चाई का पता होता, तो तुम मुझे बता चुके होते ।
45. They might have left. — शायद वे चले गये हों/होंगे ।
46. It may rain tomorrow. — शायद कल बारिश हो/होगी ।
47. He prefers me over you. — वो तुम्हारे बजाय मुझे ज़्यादा मानता है।
48. It might be a rumour. — यह एक अफवाह भी हो सकती है।
49. May I go now? — क्या मैं अब जा सकता हूँ?
50. He used to go and I would come. — वो जाता था और मैं आता था ।

Lesson – 22

Conjunctions (कनजंक्शन्स) – समुच्चय बोधक अव्यय {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

"Conjunctions ऐसे शब्द होते हैं जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ देते हैं।" इस तरह वाक्य भी छोटा हो जाता है और अर्थ भी नहीं बदलता।

अगर मैं कहूँ राम अच्छा है और फिर कहूँ मोहन भी अच्छा है। जब दोनों अच्छे हैं तो क्यों न ये कहूँ कि राम और मोहन अच्छे हैं। ऐसा कहने पर वाक्य छोटा हो जाता है और अर्थ भी नहीं बदलता। "और" एक conjunction है।

"Conjunction is the word or set of words that connects two words or sentences or used to coordinate words in the same clause. It shortens the sentences without a change in meaning or sense.

If I say "Ram is good" and then I say "Mohan is also good". I made two sentences. Let me make it one by just saying "Ram and Mohan are good". Using 'and', I shortened the sentence. Hence, 'and' is a conjunction.

Listen to Audio Lecture as well.....

And (और)/Or (या)

राम और श्याम अच्छे दोस्त हैं।
Ram and Shyam are good friends.

आप ये या वो किताब ले सकते हैं।
You may take this book or that book.

But (लेकिन, बल्कि, सिवाय)

लेकिन / पर / परन्तु –

राम और श्याम अच्छे दोस्त हैं लेकिन/पर वे एक दूसरे से लड़ते हैं।
Ram and Shyam are good friends but they fight with each other.

वह बहुत समझदार है लेकिन वो गरीब है।
He is very intelligent but he is poor.

सिवाय / अलावा –

मैं तुम्हारे घर के सिवाय कहीं भी जा सकता हूँ। / मैं कहीं भी जा सकता हूँ पर तुम्हारे घर नहीं।
I can go anywhere but your home.

मैं कुछ भी कर सकता हूँ सिवाय तुम्हें पीटने के।
I can do anything but beat you.

वो चिकन के अलावा (सिवाय) कुछ भी खा सकता है।
He can eat anything but Chicken.
नोट - सिवाय / अलावा वाले वाक्यों (sentences) में but के अलावा except भी लगा सकते हैं जैसे कि माना sentence है –

मैं तुम्हारे घर के सिवाय कहीं भी जा सकता हूँ।
I can go anywhere but your home. (एक तरीका)
I can go anywhere except your home.(दूसरा तरीका)

बल्कि –

ये पैन नहीं बल्कि पैन्सिल है।
This is not a pen, but a pencil.

राम बेवकूफ़ नहीं बल्कि एक समझदार लड़का है।
Ram is not a fool, but a wise guy.

उसे डाँटा नहीं गया बल्कि पीटा गया।
He was not scolded but beaten.

मुझे पैन नहीं बल्कि पैन्सिल दी गयी थी।
I had not been given a pen but a pencil.

For / As / Because / Since (क्योंकि, चूँकि)

जब भी वाक्य में "क्योंकि" या "चूँकि" का प्रयोग होता है तो इन चारों में से किसी भी एक का प्रयोग किया जा सकता है पर एक महत्वपूर्ण बात ये है कि "क्योंकि" या "चूँकि" के लिए "because" का प्रयोग केवल वाक्य के बीच में होता है और "since" का प्रयोग केवल वाक्य के शुरुआत में होता है।
We can use any of these four but an important point is that "because" is to be used only in the middle of the sentence and "since" is only at the beginning.

1. क्योंकि / चूँकि मैं बीमार था, इसलिए मैं नहीं आया।
   Since/As/For I was unwell, hence I didn't come.

2. मैं नहीं आया क्योंकि / चूँकि मैं बीमार था,
   I didn't come because/as I was unwell.
   or
   I didn't come, for I was unwell.

जब भी हम क्योंकि या चूँकि के लिए 'for' का प्रयोग वाक्य के बीच में करें तो हमें 'for' से पहले कौमा लगाना ज़रुरी है।
Note: If we use 'for' in the middle, we need to place a comma just before it.

Also/Even/Either/Too/As well (भी)

सभी पाँचों का एक ही अर्थ है – 'भी' ।

Also, Too और As well का प्रयोग प्रायः पॉजिटिव वाक्यों में होता है।
Generally, '***Also'***, '***Too'***, '***As well'*** are used in positive sentences.

Either का प्रयोग उन नैगेटिव वाक्यों में किया जा सकता है जिनमें **भी** का भाव प्रस्तुत हो। जैसे – मैं **भी** अच्छा नहीं हूँ, तुम **भी** बर्गर नहीं खाते आदि।

Even का प्रयोग प्रायः पॉजिटिव और नैगेटिव दोनों वाक्यों में होता है।
'***Even'*** is generally used in both; positive as well as negative sentences.

नोट : पॉजिटिव वाक्य का मतलब होता है – हर वो वाक्य जिसमें not का प्रयोग न हुआ है, भले ही फिर वो प्रश्नवाचक वाक्य ही क्यों न हो।
Note: Positive sentence simply means the sentence, in which 'not' is not used, even if it's an interrogative sentence.

दूसरी बात ये कि

'Also' का प्रयोग सहायक क्रिया के बाद और क्रिया से पहले होता है।
'Also' is used after the helping verb and before the verb.

Too, As well और Either का प्रयोग वाक्य के अन्त में होता है।
Too, As well & Either are used at the end of the sentence.

'Even' का प्रयोग वाक्य के शुरुआत में होता है।
'Even' is used at the beginning of the sentence.

एक बात और - 'Even' का प्रयोग Interrogative sentences में नहीं होता।

*उदाहरण **(Examples)*** –

1) **मैं भी अच्छा हूँ। (Positive Sentence)**
   I am good ***too***. / I am ***also*** good. / I am good ***as well***. / ***Even*** I am good.

2) **मैं भी अच्छा नहीं हूँ। (Negative Sentence)**
   Even I am not good. / I am not good either.

3) **क्या तुम भी वहाँ नहीं थे ?(Negative Interrogative Sentence)**
   Were you not there either?
   (इस sentence में not है इसलिए मैं या तो even का प्रयोग कर सकता हूँ या फ़िर either का, पर हमें पता है कि 'Even' का प्रयोग Interrogative sentences में नहीं होता इसलिए either का प्रयोग किया गया है।

4) **मैं भी फ़ल पसन्द नहीं करता। (Negative Sentence)**
   I don't like fruits either. / Even I don't like fruits.

5) **वे भी मेरे साथ नहीं हैं। (Negative Sentence)**
   They are not with me either. / Even they are not with me.

So/Hence/Henceforth/That's why/Therefore/That's the reason (इसलिए)

मैं गया इसलिए तुम आये।

I went so you came. *or*
I went hence you came. *or*
I went henceforth you came. *or*
I went that's why you came. *or*
I went that's the reason you came.

As + {an adjective} +As
उतना + { कोई विशेषण } + जितना

1.	As tall as Amit	- उतना लम्बा जितना अमित	या	अमित के जितना लम्बा
2.	As short as Rakesh	- उतना छोटा जितना राकेश	या	राकेश के जितना छोटा
3.	As big as your house	- उतना बड़ा जितना तुम्हारा घर	या	तुम्हारे घर के जितना बड़ा
4.	As black as coal	- उतना काला जितना कोयला	या	कोयले के जितना काला
5.	As red as blood	- उतना लाल जितना खून	या	खून के जितना लाल
6.	As beautiful as you	- उतनी सुन्दर जितनी तुम	या	तुम्हारे जितनी सुन्दर
7.	As strong as my dad	- उतने मजबूत जितने मेरे पापा	या	मेरे पापा के जितना मजबूत

1. तुम मेरे जितने चालाक नहीं हो।
   You are not as clever as I.

2. राम उसके जितना पागल नहीं है।
   Ram is not as mad as he is.

3. क्या तुम मेरे जितना अच्छा गा सकते हो ?
   Can you sing as good as I can?

4. क्या तुम मेरी उम्र के हो ?
   Are you my age? *or* Are you as old as I am?

As (जैसा, के तौर पर, के नाते)

1. जैसा आप कहें।
   As you say.

2. जैसी आपकी मर्ज़ी।
   As you wish.

3. जैसा आपने कहा, मैंने किया।
   I did as you said.

4. मैं यहाँ मैनेजर के तौर पर काम कर रहा हूँ।
   I am working here as a manager.

5. एक टीचर होने के नाते, मेरा फर्ज़ है कि मैं अपने बच्चों को सफलता की राह दिखाऊँ।
   As a teacher, it's my duty that I guide my students to success. *or*
   Being a teacher, it's a responsibility/ an obligation that I guide my students to success.

As well as (साथ ही साथ)

राम पढ़ा लिखा है साथ ही साथ उसके माता पिता भी पढ़े लिखे हैं।
Ram is educated as well as his parents are educated.

An Important Rule:

अगर "as well as" दो subjects के बीच में आया तो helping verb पहले वाले subject के अनुसार ही लगेगी।
If "as well as" is joining two subjects in a sentence, then the helping verb is to be used as per the first subject.

Example:

1, वो साथ ही साथ उसके दोस्त भी अच्छे हैं।
यहाँ पर दो subject हैं – 1. He (वो) 2. His friends (उसके दोस्त).

आपको लगेगा कि helping verb "is" नहीं बल्कि "are" लगनी चाहिए। पर Rule के अनुसार helping verb पहले वाले subject के अनुसार ही लगेगी। पहला subject है "He" इसलिए "is" लगेगा।

He, as well as his friends, is good.

2, मैं साथ ही साथ मेरे दोस्त भी यहाँ हैं। I, as well as my friends, am here.
3. वो साथ ही साथ उसके तीन भाई भी जा रहे हैं। He, as well as his 3 brothers, is going.

As soon as / the moment (जैसे ही)

1. जैसे ही वो आया, मैं चला गया।
   As soon as he came, I left.
   or
   The moment he came, I left.

2. मेरे घर आ जाना जैसे ही पापा आ जायें।
   Come to my home the moment dad comes.
   or
   Come to my home as soon as dad comes.

3. जितनी जल्दी हो सके चले जाओ।
   Leave/go as soon as possible.

As far as (जहाँ तक)

1. जहाँ तक मैं जानता हूँ उसके दो बच्चे हैं।
   As far as I know, he has two children.

2. जहाँ तक मुझे पता है उसकी शादी हो चुकी है।
   As far as I know, he is married.

3. जहाँ तक मेरी पढ़ाई का सवाल है, मैंने सिर्फ 12 वीं पास की है।
   As far as my study is concerned, I am only 12th pass.

4. जहाँ तक मेरे भाई का सवाल है, उसने ग्रैजुएशन कर ली है।
   As far as my brother is concerned, he has done graduation.

5. जहाँ तक मेरे परिवार का सवाल है, मेरी दो बहनें हैं।
   As far as my family is concerned, I have two sisters.

6. जहाँ तक मेरे पापा मम्मी का सवाल है, मैं उनका ख्याल रखने के लिए काफी हूँ।
   As far as my parents are concerned, I am good enough to take care of them.

Although / Though / Even if / Even though (यद्यपि, हालाँकि, भले ही) ***&*** ***Then also / even then / yet / still / however (फिर भी, तब भी, इसके बावजूद भी,)***

Rule: *अगर आपने Although का प्रयोग किया तो आपको Yet का प्रयोग करना ही होगा।*

1. भले ही वो कभी स्कूल नहीं गया, फिर भी उसे सब आता है।
   Even if he never went to school, then also he knows everything.
   or
   Though he never went to school, still he knows everything.
   or
   Although he never went to school, yet he knows everything.
   (Although के साथ Yet का प्रयोग करना ही होगा।)

2. हालाँकि मैं गरीब हूँ, पर इसके बावजूद मैं तुम्हें पैसे से मदद करने की कोशिश करुँगा।
   Although I am poor, yet I will try to help you with money.

3. हाँलाकि ये मैंने नहीं किया है, पर फिर भी आपका जो भी फैसला हो, मैं उसे मानूँगा।
   Though I haven't done it, still whatever you decide, I will accept.

4. हाँलाकि मैं बीमार था, तब भी मैंने काम किया।
   Even if I was unwell, then also I worked.

Such (इस तरह का, ऐसा)/ ***Such as (जैसे कि, उदाहरणतः) /*** ***in such a way (इस तरह से, ऐसे)***

1. ऐसे लोग स्वार्थी होते हैं।
   Such people are selfish.

2. ऐसे बच्चे मुझे पसन्द नहीं।
   I don't like such children.

3. ऐसी कई कहानियाँ मैं सुन चुका हूँ।
   I have heard many such stories.

4. मेरे पास कई चीजें हैं जैसे कि कम्प्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल इत्यादि।
   I have many things such as a computer, a laptop, a mobile etc.

5. उसके साथ कई लोग हैं जैसे कि राम, राहुल, मोहन आदि।
There are many people with him such as Ram, Rahul, Mohan etc.

6. उसने इस तरह से मुझे देखा कि मुझे लगा वो मुझे चाहती है।
She looked at me in such a way that I felt she liked me.

7. तुम ऐसे बात करते हो कि मैं तुम्हारी बात टाल ही नहीं सकता।
You talk in such a way that I can't deny you.

As If / As though (मानो; जैसे कि)

1. तुम ऐसे बात करते हो मानो तुम्हें सब पता हो ।
You talk in such a way as if you know everything.

2. तुम तो ऐसे बात कर रहे हो जैसे मैं तुम्हारा दुश्मन हूँ।
You are talking in such a way as if I am your enemy.

3. राम मुझे डाँटने लगा जैसे कि वो मेरा बॉस हो।
Ram started scolding me as though he was my boss.

4. वो मुझसे इस तरह बात कर रहा था जैसे कि मैं उसका नौकर हूँ।
He was speaking with me in such a way as if I was his servant.

नोट – तीसरे और चौथे वाक्य में was का प्रयोग इसलिए हुआ है क्योंकि वाक्य बीते हुए समय की घटना को बता रहा है।
Note – I have used 'was' in 3rd & 4th sentences just because the sentence demonstrates a past incidence.

Either – or (या तो ये – या तो वो)

1. या तो तुम जाओ या मुझे जाने दो। — Either you go or let me go.
2. या तो राम जायेगा या फिर मैं जाऊँगा। — Either Ram will go or I will. / Either Ram or I will go.
3. मैं या तो दिल्ली जाऊँगा या मुम्बई। — I'll either go Delhi or Mumbai. / I'll go either Delhi or Mumbai.
4. या तो तुम गलत हो या वो। — Either you or he is wrong. / Either you are wrong or he is.

Neither – nor (न ये – न वो)

1. न तुम जाओ न मुझे जाने दो। — Neither you go nor let me go.
2. मैं न दिल्ली जाऊँगा न मुम्बई। — I'll neither go to Delhi nor Mumbai.
3. न तुम गलत हो न वो। — Neither you nor he is wrong. / Neither you are wrong nor he is.
4. न मैंने पूछा और न उसने बताया। — Neither I asked nor she told.

A special case: Not – nor/neither (नहीं – वो भी नहीं)

1. तुम नहीं आते। वो भी नहीं आता। — You don't come. Nor/neither does he.
2. मैंने नहीं पूछा। न उसने पूछा। — I didn't ask. Nor did she.
3. वो नहीं जा पाया। न मैं जा पाया। — He couldn't go. Neither could I.

A special case: So (वो भी)

1. तुम आते हो। वो भी आता है। — You come. So does he.
2. मैंने पूछा। उसने भी। — I asked. So did she/he.
3. वो ये कर पाया। मैं भी। — He could do it. So could I.
4. मैं तुम्हें बहुत प्यार करता हूँ। पापा भी करते हैं। — I love you so much. So does Dad.

Not only – but also (न केवल ये बल्कि वो भी / यही नहीं वो भी)

1. ''वो न केवल मैनेजर है बल्कि विधार्थी भी है।'' या "वो मैनेजर ही नहीं, विधार्थी भी है।''
   He is not only a manager, but also a student.

2. ''वो न केवल अंग्रेज़ी बल्कि पंजाबी बोलना भी जानता है।'' या ''वो अंग्रेज़ी ही नहीं, पंजाबी बोलना भी जानता है।''
   He can speak not only English, but also Punjabi.

If (यदि, अगर)

If के प्रयोग को समझिए और अगली practice exercise के जरिए अपने आप को निखारिए।
Understand the usage of 'if' and through the next practice exercise, polish your learning.

तीन तरह के वाक्यः

1. **अगर ये होता तो वो होता। (If + Past Indefinite Tense/Simple past, would)**
   - ✓ अगर मैं जाता तो उससे मिलता। — If I went, I would meet him.
   - ✓ अगर राम ने देखा होता, तो वो मुझे भी बताता। — If Ram saw, he would also tell me.
   - ✓ अगर पापा घर पर होते, तो वो मुझे जाने नहीं देते। — If Dad was at home, he would not let me go.
   - ✓ अगर मैं तुम्हारा दोस्त होता, तो तुम्हें ज़रुर रोकता। — If I was your friend, I would stop you for sure.
2. **अगर ये हुआ होता तो वो हो चुका होता। (If + Past Perfect Tense/Simple past, would have)**
   - ✓ अगर मैं गया होता, तो उससे मिल लिया होता। — If I had gone, I would have met him.
   - ✓ अगर उसने खाया होता, तो वो मुझे बता चुका होता। — If he had eaten/taken/had, he would have told me.
   - ✓ अगर पापा घर पर होते, तो उन्होंने मुझे जाने नहीं दिया होता। — If Dad was at home, he would not have let me go.
   - ✓ अगर मैं तुम्हारी जगह होता, तो मैंने ये कर लिया होता। — If I was you, I would have done it.
3. **अगर ये हो/होगा, तो वो होगा। (If + Present Indefinite Tense/Simple present, will)**
   - ✓ अगर मैं गया, तो उससे मिलूँगा। — If I go, I will meet him.
   - ✓ अगर राम नहीं आयेगा, तो मैं नहीं आऊँगा। — If Ram doesn't come, I'll not come.
   - ✓ अगर पापा घर पर हुए, तो मैं तुम्हें फोन नहीं करुँगा। — If Dad is at home, I'll not call you.
   - ✓ अगर मैं तुम्हारी जगह पर हुआ, तो पहले ये काम करुँगा। — If I am you, I'll at first do this work.

एक बात और – "तो" के लिए आप चाहें तो 'then' का प्रयोग भी कर सकते हैं।
If I go, <u>then</u> I will meet him.

Lest – should (कहीं ऐसा न हो कि, ये न हो कि)

Rule: ***'Lest' के बाद आने वाले वाक्य में 'should' का ही प्रयोग किया जाता है।***
(The sentence following 'lest' must use 'should' as a helping verb.)

1. मैं मेहनत करुँगा कहीं ऐसा न हो कि मैं फेल हो जाऊँ।
   I'll work hard ***lest*** I should fail.

2. सही पता लिखो कहीं ऐसा न हो कि कूरियर कहीं और चला जाए।
   Write the correct address ***lest*** courier should go somewhere else.

3. वहाँ मत जाओ ये न हो कि वो तुम्हें डाँटें।
   Don't go there ***lest*** he should scold you.

Otherwise/ or else (नहीं तो, वरना)

1. मैं मेहनत करुँगा वरना मैं फेल हो जाऊँगा।
   I'll work hard ***otherwise/or else*** I will fail.

2. सही पता लिखो नहीं तो कूरियर कहीं और जा सकता है।
   Write the correct address ***otherwise*** courier can go somewhere else.

3. वहाँ मत जाओ नहीं तो वो तुम्हें डाँटेगा।
   Don't go there ***or else*** he will scold you.

So that (ताकि)

1. मैं मेहनत करुँगा ताकि मैं पास हो जाऊँ।
   I'll work hard ***so that*** I pass.

2. सही पता लिखो ताकि कूरियर कहीं और न चला जाए।
   Write the correct address ***so that*** courier doesn't go anywhere else.

3. मेरे साथ ही रहो ताकि मैं बोर न होऊँ।
   Be with me ***so that*** I don't feel bored.

4. ये करो ताकि तुम ये कह सको कि तुमने भी कुछ किया है।
   Do it ***so that*** you could also say that you had also done something.

Provided / Providing (बशर्ते, शर्त ये है कि, पर तब जब)

Rule: ***Provided के बाद वाला वाक्य हमेशा 'Present Indefinite Tense' में ही बनता है।***
'Provided' is always followed by 'Present Indefinite Tense sentence'.

1. मैं तुमसे मिलूँगा पर तब जब तुम मुझे वादा करो कि तुम मुझे राम के बारे में नहीं पूछोगे।
   I'll meet you ***provided*** you promise me that you will not ask about Ram.

2. वो आयेगा पर तब जब राम न आये।
   He will come ***providing*** Ram doesn't come.

"WH Family" used as a conjunction

1. What, That – जो (सजीव व निर्जीव दोनों के लिए (for Living & Nonliving both))
2. Where – जहाँ
3. Whom – जिसे
4. Who – जो (सजीव का) (living being)
5. Which – जो (निर्जीव का) (non living)
6. When – जब
7. How / The way – जैसे, जिस तरह से
8. Whose – जिसका (सजीव का) (living being)
9. Of Which – जिसका (निर्जीव का) (non living)
10. With whom – जिसके साथ
11. For whom – जिसके लिए
12. From where – जहाँ से

Example:

1. क्या तुमने सुना जो मैंने कहा। Did you hear what/that/which I said.
2. मैं भी आया जहाँ से तुम आये। Even, I came from where you came.
3. जिसके लिए मैंने सब कुछ किया, वो यहाँ नहीं है। For whom I did everything, is not here.
4. क्या तुम बता सकते हो जिस तरह से तुम वहाँ पहुँचे? Can you tell me how you reached there?
5. राम, जो मेरे साथ था, मेरा दोस्त है। Ram, who was with me, is my friend.
6. पैन जो मेरे पास था तुम्हारा नहीं है। Pen which/that I had is not yours.
7. राम वो है, जिसके पापा पुलिस में हैं। Ram is the one whose father is in police.
8. मैं वो हूँ, जिसका भाई तुम्हारे साथ था। I am the one whose brother was with you.
9. ये वो घर है जिसकी छत कमजोर है। This is the house, the roof of which is weak.
10. ये वो कुर्सी है जिसके चारों पैर टूटे हुए हैं। This is the chair, the all 4 legs of which are broken.

पाँचवे व छठे वाक्यों पर ज़रा ध्यान दीजिए। पाँचवे वाक्य में राम के बाद कौमा लगाया गया है जबकि छठे वाक्य में पैन के बाद कौमा नहीं लगाया गया। तथ्य यह है कि इस तरह के वाक्यों में जब "जो", "जिसे" आदि का प्रयोग होता है, वहाँ व्यक्तिवाचक संज्ञा जैसे राम के बाद कौमा का प्रयोग होना अनिवार्य है लेकिन जातिवाचक संज्ञा जैसे पैन के साथ कौमा का प्रयोग नहीं होता।

Look at the 5th & 6th sentence. In 5th sentence, Ram is a proper noun hence it followed a comma. But in 6th sentence, Pen is a common noun hence it didn't follow comma. The fact is; Proper noun is followed by comma in such kind of sentences whereas common noun is never followed by comma.

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. You are never too old to dream a new dream.
   आप कभी इतने बूढ़े नहीं होते कि कोई नया सपना न देख सकें।
2. A successful person is the one who can lay a firm foundation with the stones thrown on him by others.
   एक सफल व्यक्ति वो है जो दूसरों के द्वारा फेंके गये पत्थरों से एक मजबूत नींव बना सके।
3. A machine can replace an ordinary man but no machine can replace an extraordinary man.
   एक मशीन एक साधारण व्यक्ति की जगह ले सकती है पर कोई भी मशीन एक असाधारण व्यक्ति की जगह नहीं ले सकती।

That's *what /where/why/how/when/who/which*

That's what- **यही तो, वही तो, यही बात तो, वही बात तो**
(किसी मुद्दे की बात हो रही है।) (talking about an issue)

That's where- **यहीं तो, वहीं तो, इसी जगह तो, उसी जगह तो**
(किसी जगह की बात हो रही है।) (talking about a place)

That's why- **इसीलिए, तभी तो**
(किसी कारण की बात हो रही है।) (talking about a reason)

That's when- **उसी समय तो, तभी तो**
(किसी समय की बात हो रही है।) (talking about a time)

That's who/whom-उसी को
(किसी सजीव (living being) की बात हो रही है।)

That's which- **उसी को**
(किसी निर्जीव (non living) की बात हो रही है।)

That's how- **इसी तरह तो, इसी तरह से**
(करने के तरीके की बात हो रही है।) (talking about a way of doing something.)

Example:

1. यही बात तो मैं कह रहा था। — That's what I was saying.
2. यही तो तुम उसे समझा रहे थे। — That's what you were making him understand.
3. मैं वहीं तो जा रहा हूँ। — That's where I am going.
4. राम उसी जगह तो खड़ा था। — That's where Ram was standing.
5. हम यहीं तो मिले थे उस दिन। — That's where we had met that day.
6. मैंने ऐसे ही तो सीखा। — That's how I learned.
7. उसने इसी तरह बात की। — That's how he spoke.
8. मैं उसी वक्त पहुँच गया। — That's when I reached.
9. जब पापा आये, उसी वक्त मम्मी भी आ गयीं। — When dad came, that's when even mom turned up.
10. मैंने उसी को तो डाँटा था। — That's who/whom I had scolded.
11. मैंने इसी पर तो किताब रखी थी। — That's which I had kept the book on.
12. मैंने उसी लड़के को तो डाँटा था। — That's the boy I had scolded.
13. मैंने इसी टेबल पर तो किताब रखी थी। — That's the table on which I had kept the book.

Still / Even now
(अभी भी, आज भी)

Rule:

"still" का प्रयोग helping verb के बाद और verb से पहले होता है, जबकि "even now" का प्रयोग हमेशा वाक्य के अन्त में।
"still" is used after the helping verb and just before the verb, whereas "even now" is used at the end.

1. मैं अभी भी पढ़ रहा हूँ। — I am still studying. / I am studying even now.
2. क्या राम अभी भी खेलता है ? — Does Ram still play? / Does Ram play even now?
3. वो आज भी मुझसे मिलता है। — He still meets me. / He meets me even now.

While + Verb 1st form + ing
(जब दो काम एक साथ किए जा रहे हों)

Rule: ***"while" के बाद आने वाली क्रिया के साथ "ing" का प्रयोग होना अनिवार्य है।***
The verb follows 'while' is always used in 'ing' form.

1. मैं चलते हुए पढ़ रहा हूँ। I am studying while walking./While walking, I am studying.
2. क्या राम पढ़ते हुए खाना खाता है ? Does Ram eat the food while studying ?
3. वो मुझसे बात करते हुए तुम्हें देख रहा था। He was watching you while talking to me.

No sooner had – than
(ही था)

1. मैं पहुँचा ही था कि वो आ गये। No sooner had I reached than they came.
2. राम को मैंने फोन किया ही था कि उसका मैसेज आ गया।No sooner had I called Ram than he messaged me.
3. हम स्टेशन पहुँचे ही थे कि ट्रेन चल दी। No sooner had we reached the station than the train left.
4. हम सोये ही थे कि बारिश आ गई। No sooner had we slept than it started raining.

As yet / yet / till now / by now / so far
(अभी तक, आज तक)

Rule: ***'yet' और 'as yet' का प्रयोग मुख्यतः केवल Present Perfect Tense में होता है।***

1. मैंने अभी तक उसे नहीं देखा है। (Present Perfect Tense)
   I have not seen her yet/ as yet/ till now/ by now/ so far.

2. अभी तक का स्कोर क्या हुआ है ? (Simple Sentence)
   What is the score till now / by now / so far?

Till / Till the time / By the time/As long as (जब तक)

Rule: इन चारों में से कोई भी प्रयोग कर सकते हैं। पर महत्वपूर्ण बात ये है कि इनके बाद का वाक्य या तो Present Indefinite में बनता है या फिर Past Indefinite में। नीचे दिये गये दूसरे और तीसरे वाक्य में "जब तक" के बाद का वाक्य "गा गे गी" वाला है पर फिर भी अंग्रेज़ी में बदला गया तो Present Indefinite का ही प्रयोग किया गया।

1, जब तक मैं नहीं आता, तुम मत जाना। Till/till the time/ by the time I don't come, you don't go.
2, जब तक राम नहीं आयेगा, हम नहीं जायेंगे। Till Ram doesn't come, we will not go.
3, हम नहीं खायेंगे जब तक राम नहीं आयेगा। We will not eat till Ram doesn't come.
4, जब तक वो आया, मैं जा चुका था। By the time he came, I had left/gone.
5, जब तक तुम मेरे साथ हो, मुझे परवाह नहीं। As long as you are with me, I don't care.

Unless / Until (जब तक नहीं)

Rule: इन दोनों में से कोई भी प्रयोग कर सकते हैं। पर महत्वपूर्ण बात ये है कि इनके बाद का वाक्य या तो Present Indefinite में बनता है या फिर Past Indefinite में। नीचे दिये गये दूसरे और तीसरे वाक्य में "जब तक" के बाद का वाक्य "गा गे गी" वाला है पर फिर भी अंग्रेज़ी में बदला गया तो Present Indefinite का प्रयोग किया गया।

1. जब तक मैं नहीं आता, तुम मत जाना। Until/Unless I come, you don't go.
2. जब तक राम नहीं आयेगा, हम नहीं जायेंगे। Until/Unless Ram comes, we will not go.
3. हम नहीं खायेंगे जब तक राम नहीं आयेगा। We will not eat until/unless Ram comes.
4. जब तक वो नहीं आया, मुझे अच्छा नहीं लगा। Until / Unless he came, I didn't feel good.
5. जब तक बच्चों ने नहीं पूछा, मैंने उन्हें नहीं बताया। Until/Unless children asked, I didn't tell them.
6. जब तक अमित अनुमति नहीं देगा, मैं चुप रहूँगा। Until/Unless Amit allows, I'll keep quiet.

Whether – or (चाहे ---- या) (कि -----या)

Rule No 1: (चाहे ---- या)

अगर वाक्य में "चाहे" के साथ "या" आये तो "whether" के साथ "or" का प्रयोग करना ज़रुरी है। लेकिन "whether" के साथ वाला वाक्य जो कौमा से पहले है, Present Indefinite में ही बनेगा।

1. चाहे वो आये या न आये, मैं तो जाऊँगा। Whether he comes or not, I will go.
2. चाहे राम खेले या न खेले, तुम्हें खेलना चाहिए। Whether Ram plays or not, you should play.

Rule No 2: (कि -----या)

अगर वाक्य में "कि" के साथ "या" आये तो "whether" के साथ "or" का प्रयोग करना ज़रुरी है। लेकिन "whether" के साथ वाला वाक्य जो कौमा से पहले है, Tense के अनुसार ही बनेगा।

1. मैं कह नहीं सकता कि वो खेलेगा या नहीं। I can't say, whether he will play or not.
2. वो नहीं जानता था कि लोग आयेंगे भी या नहीं। He didn't know, whether people will come or not.
3. हमें नहीं पता कि वो वहाँ जाता है या कहीं और। We don't know, whether he goes there or somewhere else.

Whereas / While (जबकि)

1. मेरे पास 10 रु हैं जबकि तुम्हारे पास 50।
   I have Rs 10 whereas/while you have 50.

2. जब राम की शादी हुई, वो 25 साल का था जबकि दुल्हन केवल 18 की।
   When Ram got married, he was 25 whereas/while the bride was only 18.

Coniunctions – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. उसने भी नहीं चाहा।
2. हालाँकि मुझे खेलने नहीं दिया जा रहा, फिर भी मैं शान्त हूँ।
3. मैं उसे भिजवा सकता हूँ पर तब जब तुम घर आ जाओ।
4. मैंने न कभी किया न करने की सोच सकता हूँ।
5. चाहे वो बैठे या न बैठे मैं तो ज़रुर बैठूँगा।
6. हमें पढ़ने तक नहीं दिया गया था।
7. मेरी बात किसी ने नहीं सुनी।
8. जिसे तुम याद कर रहे हो, उसे तुम कभी याद नहीं आते।
9. जो तुमने टेबल पर रखा, क्या है वो ?
10. चाहे वो न आये, मैं तो सुबह–2 ही दिल्ली के लिए निकल जाऊँगा।
11. वो भी हमें देखता रहा।
12. क्या वो जानता था कि मैं कौन हूँ ?
13. मैं तुम्हें यही तो समझा रहा हूँ।
14. रिश्ता वो चीज़ है जिसके बिना हम अधूरे हैं।
15. हम वहीं पर तो खड़े होकर पढ़ रहे थे।
16. उसने मुझे सिखाया था कि लड़ते कैसे हैं।
17. या तो अपनी हार पर रोना होगा हमें या फिर लड़ते हुए जान देनी होगी।
18. वो अंग्रेज़ी ही नहीं पंजाबी भी बोलना जानता है।
19. सबको इज्ज़त दो ऐसा न हो तुम्हें भी कोई इज़्ज़त न दे।
20. अब चलते हैं वरना हमें देर हो सकती है।
21. वो पढ़ने के लिए नहीं आया ताकि उसे डाँट न पड़े।
22. मैं कह नहीं सकता कि वो कब तक आयेगा।
4. Nothing in the world is more dangerous than sincere ignorance and conscientious stupidity.

Let – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

1. राम मुझे सोने नहीं देता ।
2. तुम मुझे सोने देते हो ।
3. बच्चे मुझे पढ़ने नहीं देते ।
4. बच्चे पढ़ने नहीं देते।
5. क्या राम तुम्हें जाने देता है ?
6. उसे जाने क्यों नहीं दिया तुमने ?
7. मैं उसे मेरे घर आने दूँगा ।
8. मैं पढ़ने नहीं दूँगा ।
9. मैं तुम्हें पढ़ने नहीं दूँगा ।
10. मैं किसी को भी पढ़ने नहीं दूँगा ।
11. मैं हर किसी को पढ़ने दूँगा ।
12. राम श्याम को आने देगा ।
13. उसने मुझे कुछ नहीं करने दिया ।
14. तुमने मुझे खाने नहीं दिया ।
15. सरकार ने हमें बिल्डिंग नहीं बनाने दी ।
16. माँ ने बच्चे को पिटने नहीं दिया ।
17. मम्मी मुझे टी. वी. देखने देती है।
18. मम्मी मुझे टी. वी. नहीं देखने देती ।
19. क्या तुम मुझे जाने दोगे अगर मैं तुम्हें 10 रू0 दूँ तो ।
20. पापा सोचने नहीं देते और फिर डाँटते हैं।
21. मैं तुम्हें गाने सुनने दूँगा पर पहले पैसे दो।
22. वो हमें घर में नहीं घुसने देगा ।
23. पापा हमें पेड़ पर नहीं चढ़ने देते ।
24. बच्चे मम्मी पापा को सोने नहीं देंगे ।
25. मैं तुम्हें पैन से लिखने नहीं दे सकता।
26. मैं तुम्हें आम तोड़ने दूँगा।
27. उस लड़के ने मुझे वहाँ खेलने नहीं दिया ।
28. इस आदमी ने राम को यहाँ बैठने नहीं दिया ।
29. मैं तुम्हें ये नहीं करने दूँगा।
30. वो अक्सर मुझे जाने देता है।
31. हम कभी–कभी उसे खेलने देते थे ।
32. पापा मुझे स्कूल जाने नहीं देते ।
33. मेरा अकेलापन मुझे जीने नहीं देगा ।
34. मैं तुम्हारे दुख को बढ़ने नहीं दूँगा ।
35. उसने मुझे कार नहीं चलाने दी ।
36. उसने मुझे बाइक नहीं चलाने दी ।
37. उसने मुझे मोबाइल नहीं खरीदने दिया ।
38. उसने मुझे कम्प्यूटर नहीं चलाने दिया ।
39. उसने मुझे पानी नहीं पीने दिया ।
40. उसने मुझे खाना नहीं खाने दिया ।
41. क्या तुमने उसे बैठने दिया ?
42. क्या उसने मुझे फोन करने दिया ?
43. तुमने उसे जाने क्यों दिया ?
44. तुमने उसे खेलने क्यों दिया ?
45. उसकी मम्मी ने उसे घर से निकलने नहीं दिया।
46. वो गरीब था इसलिए लोगों ने उसे जीने नहीं दिया ।
47. क्या तुम मुझे चैन से जीने दे सकते हो।
48. वो राम को लड़ने देगी ।
49. तुम मुझे शायद न जाने दो।
50. वो पक्का मुझे जाने देगा ।
51. भगवान आज बारिश होने देंगे ।
52. कोई मुझे पढ़ने नहीं देता ।
53. मैं तुम्हें बाज़ार जाने दे रहा हूँ।
54. हम सब उसे जीने नहीं देते ।
55. मुझे बर्गर क्यों नहीं खाने देते तुम ?
56. वो मेरा दोस्त है इसलिए मैं उसे गलत नहीं करने देता।
57. पापा मुझे 18 साल से पहले कार नहीं चलाने देंगे ।
58. तुम हमें जाने दो ।
59. मैं तुम्हें जाने क्यों दूँ ?
60. उसने मुझे कभी रोने नहीं दिया ।
61. तुमने मुझे कभी हँसने नहीं दिया ।
62. तुम न सोते हो न मुझे सोने देते हो ।
63. या तो मुझे जाने दो या फिर तुम जाओ ।
64. मैंने उस दिन उसे फोन नहीं करने दिया ।
65. मैंने भी आने नहीं दिया ।
66. तुमने मुझे सोचने तक नहीं दिया ।
67. वो मुझे भी सोने नहीं देता ।
68. मैं न तुम्हें खेलने दूँगा न टी. वी. देखने दूँगा।
69. हम तुम्हें एक सेकण्ड भी सोचने नहीं देंगे ।
70. मैं तुम्हें मिठाई खाने दूँगा पर तब जब तुम मुझे भी दो।
71. मैडम ने क्लास में सिर्फ मुझे बैठने दिया।
72. वो राम को जीने नहीं देता और तुम उसे मरने नहीं देते ।
73. मैं तुम्हें एक्सरसाइज़ नहीं करने दूंगा।
74. मम्मी और पापा हमें खेलने देंगे ।
75. क्या आप मेरे भाई को जाने दोगे?
76. राहुल ने मुझे कोई भी काम कभी अकेले नहीं करने दिया।
77. वो हम बच्चों को मोबाइल नहीं छेड़ने देते हैं।
78. बॉस मुझे सोचने तक नहीं देते ।
79. मै सोचने क्यों दूँ ?
80. राम उसे क्यों जाने दे ?
81. मम्मी मुझे पढ़ने ज़रूर देगी ।
82. वो मुझे पढ़ने देता है ।
83. यहाँ लोग मुझे चैन से जीने नहीं देते।
84. बच्चे पढ़ने नहीं देते।
85. क्या उसने तुम्हें आने दिया ?
86. हमें क्यों नही बोलने दिया तुमने ?
87. राम ने सीता को ज़हर क्यों खाने दिया ?
88. सरकार हमें अपनी बात नहीं कहने देती।
89. मैं तुम्हें उस बच्चे को नहीं पीटने दूँगा ।
90. राम तुम्हें कभी जीतने नहीं देगा ।
91. सीता का भाई मुझे अपने घर में नहीं घुसने देता ।
92. क्या तुम मुझे मिलने दोगे ?
93. राम उसे जाने नहीं देता।
94. लोग उसे मुझसे मिलने नहीं देते।
95. मेरे पापा मुझे आने नहीं देते।
96. सीता राम को वहाँ जाने क्यों नहीं देती?

Answers

1. Ram doesn't let me sleep.
2. You don't let me sleep.
3. Children don't let me study.
4. Children don't let study.
5. Does Ram let you go?
6. Why did you not let him go?
7. I will let him come my home.
8. I will not let study.
9. I will not let you study.
10. I will not let anybody study.
11. I will let everyone study.
12. Ram will let Shyam come.
13. He didn't let me do anything.
14. You didn't let me eat.
15. Government didn't let us construct a building.
16. Mom didn't let child be beaten.
17. Mom lets me watch the TV.
18. Mom doesn't let me watch the TV.
19. Will you let me go if I give you Rs 10?
20. Dad doesn't let think and then scolds.
21. I will let you listen to songs but first, you give me money.
22. He'll not let us enter the house.
23. Dad doesn't let us climb upon the tree.
24. Children will not let mom and dad sleep.
25. I can't let you write with a pen.
26. I'll let you pluck the mangoes.
27. That boy didn't let me play there.
28. This man didn't let Ram sit here.
29. I will not let you do this.
30. He often lets me go.
31. We used to sometimes let him play.
32. Dad doesn't let me go to school.
33. My loneliness won't let me live.
34. I'll not let your pain increase.
35. He didn't let me drive the car.
36. He didn't let me ride the bike.
37. He didn't let me purchase the mobile.
38. He didn't let me operate the computer.
39. He didn't let me drink water.
40. He didn't let me eat the food.
41. Did you let him sit?
42. Did he let me call/phone/ring?
43. Why did you let him go?
44. Why did you let him play?
45. His mother didn't let him go out of home.
46. He was poor that's why people didn't let him live.
47. Can you let me live peacefully?
48. She will let Ram fight.
49. You might not let me go.
50. He must let me go./ He'll definitely let me go.
51. God will let it rain today.
52. Nobody lets me study.
53. I am letting you go to market.
54. We all don't let him live.
55. Why do you not let me eat Burger?
56. He is my friend hence I don't let him do wrong.
57. Dad will not let me drive the car before 18.
58. You let us go.
59. Why do I let you go?
60. He never let me cry.
61. You never let me laugh.
62. You neither sleep nor let me sleep.
63. Either you let me go or you go.
64. I didn't let him call/phone that day.
65. Even I didn't let come.
66. You didn't even let me think.
67. He doesn't let me sleep either.
68. I'll neither let you play nor watch TV.
69. We'll not let you think even for a second.
70. I'll let you eat sweets provided you give me too.
71. Madam let only me sit in the class.
72. He doesn't let Ram live & you don't let him die.
73. I'll not let you exercise.
74. Mom and dad will let us play.
75. Will you let my brother?
76. Rahul never let me do any work alone.
77. He doesn't let we kids touch his mobile.
78. Boss doesn't even let me think.
79. Why do I let think?
80. Who does Ram let him go?
81. Mom must let me study.
82. He lets me study.
83. People here don't let me live peacefully.
84. Children don't let study.
85. Did he let you come?
86. Why did you not let us speak?
87. Why did Ram let Seeta eat poison?
88. Government doesn't let us say what we want.
89. I will not let you beat that child.
90. Ram will never let you win.
91. Seeta's brother doesn't let me enter his home.
92. Will you let me meet?
93. Ram doesn't let him go.
94. People don't let him meet me.
95. My father doesn't let me come.
96. Why does Seeta not let Ram go there?

Let – Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into Hindi: 30 x 1 = 30

1. I will let him meet her.
2. They don't let you work.
3. She doesn't let you write.
4. Dad wasn't letting me go.
5. Will you please let us play?
6. I will let you take this book provided you give money.
7. Then, I might let you go there.
8. Dad doesn't let me sing.
9. I will not let you do this.
10. Why did you let me go?
11. You never let us go.
12. I will not let you beat my brother.
13. They will never let you win.
14. You didn't let him study that's why he failed.
15. Government can never let us do this.
16. Mom didn't let dad scold me.
17. Mom lets me eat whatever I want.
18. You didn't even let us talk.
19. Ram doesn't let me go either.
20. I'll neither let you write nor read.
21. We'll not let you enter even once.
22. I'll let you purchase provided you don't tell you dad.
23. She lets only Ram eat in the class.
24. He doesn't let me eat.
25. Let me go with people.
26. Ram will never let you earn profit.
27. Why did he let me do this?
28. He doesn't let go.
29. Either you do yourself or let me do.
30. My financial problem doesn't let me do business.

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें ***(Quotations)***

1. To succeed in your mission, you must have single-minded devotion to your goal.
2. To live a creative life, we must lose our fear of being wrong.
3. When I dare to be powerful - to use my strength in the service of my vision, then it becomes less and less important whether I am afraid.

Answers

1. I will let him meet her.	मैं उसे उससे मिलने दूँगा।
2. They don't let you work.	वे तुम्हें काम नहीं करने देते।
3. She doesn't let you write.	वो तुम्हें लिखने नहीं देती ।
4. Dad wasn't letting me go.	पापा मुझे जाने नहीं दे रहे थे।
5. Will you please let us play?	क्या तुम प्लीज़ हमें खेलने दोगे ?
6. I will let you take this book provided you give money.	मैं तुम्हें ये किताब लेने दूँगा बशर्ते तुम पैसे दे दो।
7. Then, I might let you go there.	तब शायद मैं तुम्हें वहाँ जाने दूँ।
8. Dad doesn't let me sing.	पापा मुझे गाने नहीं देते।
9. I will not let you do this.	मैं तुम्हें ये नहीं करने दूँगा ।
10. Why did you let me go?	तुमने मुझे जाने क्यों दिया ?
11. You never let us go.	तुम हमें कभी जाने नहीं देते।/तुमने हमें कभी जाने नहीं दिया।
12. I will not let you beat my brother.	मैं तुम्हें अपने भाई को पीटने नहीं दूँगा ।
13. They will never let you win.	वे तुम्हें कभी जीतने नहीं देंगे।
14. You didn't let him study that's why he failed.	तुमने उसे पढ़ने नहीं दिया इसलिए वो फेल हो गया ।
15. Government can never let us do this.	सरकार हमें ये कभी नहीं करने दे सकती ।
16. Mom didn't let dad scold me.	मम्मी ने पापा को मुझे डाँटने नहीं दिया ।
17. Mom lets me eat whatever I want.	मम्मी मुझे खाने देती है जो कुछ मैं चाहता हूँ।
18. You didn't even let us talk.	तुमने हमें बात तक नहीं करने दी।
19. Ram doesn't let me go either.	राम भी मुझे जाने नहीं देता ।
20. I'll neither let you write nor read.	न मैं तुम्हें लिखने दूँगा न पढ़ने ।
21. We'll not let you enter even once.	हम तुम्हें एक बार भी नहीं घुसने देंगे।
22. I'll let you purchase, provided you don't tell dad.	मैं तुम्हें खरीदने दूँगा पर तब जब तुम पापा को न बताओ।
23. She lets only Ram eat in the class.	वो क्लास में केवल राम को खाने देती है।
24. He doesn't let me eat.	वो मुझे खाने नहीं देता ।
25. Let me go with people.	मुझे लोगों के साथ जाने दो ।
26. Ram will never let you earn profit.	राम आपको मुनाफा कभी नहीं कमाने देगा ।
27. Why did he let me do this?	उसने मुझे ये क्यों करने दिया ?
28. He doesn't let go.	वो जाने नहीं देता ।
29. Either you do yourself or let me do.	या तो तुम खुद करो या मुझे करने दो।
30. My financial problem doesn't let me do business.	मेरी आर्थिक परेशानी मुझे व्यवसाय नहीं करने देती।

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें **(Quotations)**

1. If you want to lift yourself up, lift up someone else.

2. If you look at what you have in life, you'll always have more. If you look at what you don't have in life, you'll never have enough. –Oprah Winfrey

3. If you don't go after what you want, you will never have it.

Test – II

Q1: Translate the following sentences into English: 30 x 1 = 30

1. राहुल ने किसी को भी उसकी लाश को छुने नहीं दिया ।
2. मेरे अपनों ने कभी मुझे ये महसूस नहीं होने दिया कि मैं अकेला हूँ।
3. उसने तुम्हें मुझसे क्यों नहीं मिलने दिया ?
4. वक्त ने कभी मुझे इस बारे में सोचने नहीं दिया ।
5. पापा मुझे कार नहीं खरीदने देंगे।
6. मैं वादा करता हूँ, मैं अपने जीते जी तुम्हें कभी रोने नहीं दूँगा।
7. हम सब उसे जाने नहीं देंगे।
8. हमें बच्चों को खेलने देना चाहिए।
9. हमें वहाँ जाने दो।
10. मुझे ये कहने दो ।
11. उसे राहुल के साथ बिल्कुल मत जाने दो।
12. मुझे घड़ी देखने दो।
13. मामाजी को घर वापस आने दो, तब बात करेंगे।
14. लोंगो को जो कहना है, कहने दो।
15. रात को गुज़र जाने दो।
16. सभी को आ जाने दो।
17. एक बार मेरे सपने को सच हो जाने दो।
18. मुझे उस लड़की से शादी करने दो।
19. हमें उसके घर जाने दो।
20. मुझे कम्प्यूटर सीख लेने दो।
21. बच्चों को आ जाने दो।
22. पापा को ऑफिस चले जाने दो। फिर हम खेलेंगे।
23. मुझे उससे मिल लेने दो।
24. उन्हें तैयार हो जाने दो।
25. मैंने तुम्हें उस दिन आने नहीं दिया। मुझे बेहद अफसोस है।
26. बाल्टी में पानी भरने दो।
27. बाल्टी को पूरा भरने दो।
28. जो होता है, होने दो ।
29. यात्रियों को वहाँ पहुँचने तो दो।
30. मेरी बात पूरी होने दो, फिर तुम अपनी बात रखना।

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. A man can be as great as he wants to be. If you believe in yourself and have the courage, the determination, the dedication, the competitive drive and if you are willing to sacrifice the little things in life and pay the price for the things that are worthwhile, it can be done.

2. Always have dreams, because there is no achievement without a dream and an action to materialize the dream.

3. People will always doubt your success but it's not about them, it's all about you; what you dream, what you plan, what you put in & what you believe.

Answers

1. राहुल ने किसी को भी उसकी लाश को छुने नहीं दिया। Rahul didn't let anyone touch his dead body.
2. मेरे अपनों ने कभी मुझे ये महसूस नहीं होने दिया कि मैं अकेला हूँ। My real ones never let me feel that I was alone.
3. उसने तुम्हें मुझसे क्यों नहीं मिलने दिया ? Why didn't he let you meet me?
4. वक्त ने कभी मुझे इस बारे में सोचने नहीं दिया । Time never let me think about it.
5. पापा मुझे कार नहीं खरीदने देंगे। Dad will not let me purchase a car.
6. मैं वादा करता हूँ, मैं अपने जीते जी तुम्हें कभी रोने नहीं दूँगा I promise that I will never let you weep till I live.
7. हम सब उसे जाने नहीं देंगे। We all won't let him go.
8. हमें बच्चों को खेलने देना चाहिए। We should let children play.
9. हमें वहाँ जाने दो। Let us go there.
10. मुझे ये कहने दो । Let me say this.
11. उसे राहुल के साथ बिल्कुल मत जाने दो। Don't ever let him go with Rahul.
12. मुझे घड़ी देखने दो। Let me see the watch.
13. मामाजी को घर वापस आने दो, तब बात करेंगे। Let Maternal uncle return, then we'll talk.
14. लोगों को जो कहना है, कहने दो। Let people say whatever they want to.
15. रात को गुज़र जाने दो। Let the night passby.
16. सभी को आ जाने दो। Let everyone come.
17. एक बार मेरे सपने को सच हो जाने दो। Let my dream come true once.
18. मुझे उस लड़की से शादी करने दो। Let me marry that girl.
19. हमें उसके घर जाने दो। Let us go his home.
20. मुझे कम्प्यूटर सीख लेने दो। Let me learn computer.
21. बच्चों को आ जाने दो। Let children come.
22. पापा को ऑफिस चले जाने दो। फिर हम खेलेंगे। Let Dad go to office. Then we'll play.
23. मुझे उससे मिल लेने दो। Let me meet him/her.
24. उन्हें तैयार हो जाने दो। Let them get ready.
25. मैंने तुम्हें उस दिन आने नहीं दिया। मुझे बेहद अफसोस है। I didn't let you come that day. I am so sorry.
26. बाल्टी में पानी भरने दो। Let bucket be filled.
27. बाल्टी को पूरा भरने दो। Let bucket be fully filled.
28. जो होता है, होने दो । Let happen, whatever happens.
29. यात्रियों को वहाँ पहुँचने तो दो। Let passenger reach there at least.
30. मेरी बात पूरी होने दो, फिर तुम अपनी बात रखना। Let me complete, then you lay/put your point.

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. The measure of who we are is what we do with what we have.

2. You can avoid reality but you can never avoid the consequences of avoiding reality.

3. I can write better than anybody who can write faster, and I can write faster than anybody who can write better.

Lesson – 25

Causative Verbs (Get & Make) {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

"Causative Verbs का प्रयोग तब किया जाता है जब Subject काम को करता नहीं बल्कि करवाता है। अर्थात किसी तीसरे व्यक्ति के माध्यम से।"
यूँ तो 'Get' का मतलब होता है पाना और 'Make' का मतलब होता है बनाना पर **'Get'** और **'Make'** Causative Verbs भी कहलाती हैं।

"Causative Verbs are used when the subject doesn't perform the action (verb) himself but get it done by a third person."
There are two causative verbs in English; Get & Make.

अगर मैं कहूँ 'राम ने मुझे भिजवाया', यहाँ पर राम Subject है। राम मुझे भेज नहीं रहा बल्कि भिजवा रहा है। 'भेजने' का काम कोई और कर रहा है। इस तरह के वाक्यों में मुख्य क्रिया (main verb) 'Get' या 'Make' होगी पर ये जानना बेहद ज़रुरी है कि 'Get' कहाँ पर लगेगा और 'Make' कहाँ पर।

आइए विस्तार से समझें। ऑडियो लैक्चर को भी ज़रुर सुनें।
Let's understand in detail. Do listen to audio lecture as well.

Normal Case	***Causative Case***
मैंने किया ।	मैंने करवाया ।
राम ने भेजा।	राम ने भिजवाया।
बच्चा पढ़ता है।	बच्चा पढ़वाता है।
मैंने पत्र लिखा।	मैंने पत्र लिखवाया।
तुमने बुलाया था।	तुमने बुलवाया था।
मैंने कार सजायी।	मैंने कार सजवायी।
वो भेज सकता है।	वो भिजवा सकता है।

Get

'Get' का प्रयोग निर्जीव चीजों के साथ होगा। ('Get' will be used with non living)

Concept :-
राम ने पत्र लिखवाया। यहाँ पर पत्र निर्जीव (non living) है। इसलिए 'Get' का प्रयोग Main Verb की तरह होगा। दूसरी Main Verb 'लिखना' यानि 'Write' है जिसकी 3rd form प्रयोग होगी। याद रखें Get वाले वाक्यों में दूसरी Main Verb जो भी हो उसकी 3rd Form ही लगती है।

Example:

1. राम पत्र लिखवाता है। — Ram gets the letter written.
2. मैं पत्र लिखवाता हूँ। — I get the letter written.
3. राम पत्र लिखवा रहा है। — Ram is getting the letter written.
4. राम पत्र लिखवा चुका है। — Ram has got the letter written.
5. राम ने पत्र लिखवाया । — Ram got the letter written.
6. राम पत्र लिखवा रहा था। — Ram was getting the letter written.
7. राम पत्र लिखवा चुका था। — Ram had got the letter written.

8. राम पत्र लिखवायेगा। — Ram will get the letter written.
9. राम पत्र लिखवा सकता है। — Ram can get the letter written.
10. राम को पत्र लिखवाना चाहिए। — Ram should get the letter written.

Make

'Make' का प्रयोग सजीव के साथ होगा। ('make' will be used with living being)

Concept :-

राम ने मुझसे लिखवाया। यहाँ पर मैं सजीव (living being) हूँ। इसलिए 'Make' का प्रयोग Main Verb की तरह होगा। दूसरी Main Verb 'लिखना' यानि 'Write' है जिसकी 1st form प्रयोग होगी। याद रखें Make वाले वाक्यों में दूसरी Main Verb जो भी हो उसकी 1st Form ही लगती है। और दूसरी बात ये कि दूसरी Main Verb वो होती है जो subject नहीं बल्कि object करता है। अगर मैं कहूँ कि "राम ने मुझे भिजवाया"। यहाँ पर subject है राम object हूँ मैं। मैंने क्या काम किया "जाने का"। इसलिए दूसरी Main Verb 'send' नहीं बल्कि 'go' है।

Example:

1. राम मुझसे लिखवाता है। — Ram makes me write.
2. मैं तुमसे लिखवाता हूँ। — I make you write.
3. तुम मुझे भिजवाते हो। — You make me go.
4. सीता हमसे किताब पढ़वा रही है। — Seeta is making us read the book.
5. तुम मुझसे पैसे खर्च करवाओगे। — You will make me spend the money.
6. मैं राम को तुमसे पिटवाऊँगा। — I will make you beat Ram. (पीटने का काम तुम करोगे)
7. मैं राम से तुम्हें पिटवाऊँगा। — I will make Ram beat you. (पीटने का काम राम करेगा)
8. मैं तुमसे पिटवाऊँगा। — I will make you beat. (पीटने का काम तुम करोगे)
9. मैं तुम्हें पिटवाऊँगा। — I will make you be beaten.
   (पीटने का नहीं बल्कि पिटने का काम तुम करोगे यानि तुम पिटोगे)

ध्यान रहे कि किसी को पीटने को beat कहते हैं पर किसी से पिटने को be beaten कहते हैं।

थोड़ा और समझिए (Let's understand a bit more)

1. मैं लिखूँगा। — I will write.
2. मैं लिखवाऊँगा। — I will make write.
3. मैं तुमसे लिखवाऊँगा। — I will make you write.
4. मैं तुमसे पत्र लिखवाऊँगा। — I will make you write a letter. / I will get the letter written by you.
5. मैं पत्र लिखवाऊँगा। — I will get the letter written.

4th sentence में 'Get' और 'Make' दोनों में से कोई सा भी प्रयोग कर सकते हैं क्योंकि इसमें living(तुमसे) और non living(पत्र) दोनों हैं।

कुछ महत्वपूर्ण (Something Important)

'smile', 'laugh', 'cry', 'weep', 'understand', 'happy', 'sad' के साथ हमेशा 'Make' का प्रयोग होता है।

1. मैं तुम्हें खुश करुँगा। — I will make you happy.
2. मैं तुम्हें हँसाऊँगा। — I will make you smile/laugh.
3. मैं तुम्हें रुलाऊँगा। — I will make you weep/cry.
4. मैं तुम्हें दुख दूँगा। — I will make you sad. / I will hurt you.
5. मैं तुम्हें समझाऊँगा। — I will make you understand.

Causative Verbs (Get & Make) – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

1. वो मुझसे लिखवाता है।
2. वो मुझे भिजवाता है।
3. वो मुझे भिजवाता है जहाँ मैं वास्तव में जाना नहीं चाहता।
4. वो मुझसे काम करवाती है।
5. वो मुझसे पत्र लिखवाती है।
6. वो मुझे भिजवा रही है।
7. वो मुझे बेवकूफ बना रही है।
8. उसने मुझे समझाया ।
9. मैं तुमसे काम करवाऊँगा ।
10. मैं उसे भिजवा चुका होऊँगा ।
11. तुम मुझे उससे लड़वा रहे हो।
12. तुम मुझे महसूस करवा रही हो कि तुम मुझे प्यार नहीं करती बल्कि मेरे पैसे से प्यार करती हो।
13. बच्चे मुझे बेवकूफ बना रहे हैं।
14. मेरा प्यार मुझे रूला रहा है।
15. तुम हमें हँसाते थे।
16. मैं तुम्हें जाने दे सकता था।
17. राम ये किसी से भी करवा सकते हैं।
18. मैं तुम्हें खाने को कुछ दिलवा सकता हूँ।
19. राम मुझे पानी दिला सकता है।
20. क्या तुम मुझे इग्ज़ैम में पास करवा सकते हो ?
21. मैं तुम्हें पास करवा सकता हूँ।
22. पैसा तुम्हें प्यार नहीं दिलवा सकता।
23. मेरे पापा ने मुझे महसूस करवाया कि पैसा बचाना ही सब कुछ नहीं है बल्कि हमें ज़रूरतमंदों की मदद करनी चाहिए ।
24. समय मुझे मेरी गलतियों का अहसास करवा रहा है जो मैंने पहले की ।
25. तुम हर किसी को खुश नहीं कर सकते।
26. पापा आपको कार नहीं दिलवा सकते क्योंकि उनके पास पैसे बिल्कुल नहीं हैं।
27. मैं तुमसे नहीं खरीदवा सकता।
28. क्या वो उसे हँसा सका ?
29. उसे मुझे अहसास दिलवाना होगा कि वो सबसे अच्छा है।
30. तुम्हें ये काम करवाना पड़ेगा।
31. वो मुझे बर्गर खिलाता है।
32. वो मुझे अच्छा खाना खिलाता है।
33. तुम मुझे अमेरिका कब भिजवाओगे ?
34. राम हमें पानी पिलवा रहा था।
35. उस बच्चे ने हर किसी को हँसाया ।
36. तुमने मुझे रूलाया/रूलवाया है।
37. वो हास्य कालाकार है। वो लोगों को हँसाता है।
38. मैं तुमसे गवा नहीं सकता क्योंकि तुम्हारी आवाज़ सुरीली नहीं है।
39. राहुल मुझसे अपना होमवर्क करवायेगा।
40. तुम उससे अपना होमवर्क क्यों करवाते हो ?
41. उसने तुमसे किसे कॉल करवाई ?
42. उसने ये पैन तुम्हें कैसे दिलवाया ?
43. तुम्हारे प्यार ने मुझे महसूस करवाया।
44. तुमने मुझे प्यार की कीमत समझायी।
45. तुम्हारे भाषण ने मुझे प्रेरित किया।
46. तुम राम को उससे नहीं पिटवा सकते।
47. तुम राम से उसे नहीं पिटवा सकते ।
48. मैं तुम्हें समझा नहीं सकता।
49. मैंने तुमसे बाल्टी भरवाई।
50. उसने तुमसे पैसे क्यों खर्च करवाये ?
51. मैं क्या करवाता हूँ ?
52. लोग जबरदस्ती तुम्हें वहाँ भिजवायेंगे ।
53. मैं केवल उससे ही किताब पढ़वाऊँगा।
54. राम तुमसे ये काम करवायेगा।
55. मैं बाल कटवाने जा चुका था।
56. तुमने बाल कहाँ से कटवाये ?
57. मुझे ये काम करवाना है।
58. राम मुझसे काम करवा सकता था।
59. हम राम से गाना गवा सकते हैं।
60. वो मुझे पिटवायेगा।
61. मैं तुम्हें क्या समझा रहा हूँ ?
62. वो मुझसे अपने 2 बैच पढ़वा रहा है।
63. हमने उसे बाहर भिजवाया ।
64. तुम ये किससे करवाओगे ?
65. जब कोई नहीं आया, तब पापा ने हमसे ये करवाया।
66. मैंने हर किसी को उस होटल में खाना खिलवाया ।
67. तुमने मुझसे झूठ बुलवाया।
68. राम मुझे रोज़ रूलाता है।
69. तुम कब तक ये काम खत्म करवा दोगे ?
70. क्या तुम मुझे डाँस सिखवा सकते हो ?
71. हमने उसे भिजवाया पर उसने वहाँ काम नहीं किया।
72. वे तुम्हें अमेरिका भिजवायेंगे बशर्ते तुम उन्हें साबित करो कि तुम सबसे अच्छे हो ।
73. भले ही आज वो मुझसे काम करवाये पर भविष्य में मैं उसे साबित कर दूँगा कि मैं वास्तव में क्या हूँ।
74. बॉबी ने मुझे अच्छा खाना खिलाया, जो उसकी मम्मी ने पकाया था।
75. तुमने मुझे कम्प्यूटर सिखवाया।
76. तुम्हारे प्यार ने मुझे तुम्हारे पास वापस बुलाया।
77. उसने हमें कोक पिलाई/पिलवाई।
78. राहुल ने हमें एक्सरसाइज़ कराई/करवाई।
79. तुमने मुझे पिटवाया।
80. तुमने उसे मुझसे पिटवाया।
81. राहुल ने उससे मुझे कुछ पैसे दिलवाये ।
82. मैंने बाल कटवाए।
83. राहुल यहीं से बाल कटवाता है।
84. क्या तुम बाल कटवाओगे ?
85. मैं ये काम कैसे करवा सकता हूँ ?

Answers

1. He makes me write.
2. He makes me go.
3. He makes me go where I really don't want to.
4. She makes me work.
5. She makes me write the letter./ She gets the letter written by me.
6. She is making me go.
7. She is making me fool.
8. She made me understand.
9. I will make you work.
10. I will have made him go.
11. You are making me fight with him.
12. You are making me realize that you don't love me, rather you love my money.
13. Children are making me fool.
14. My love is making me cry.
15. You used to make us laugh.
16. I could have let you go.
17. Ram can get it done by anyone.
18. I can get you something to eat.
19. Ram can get me water.
20. Can you make me pass the exam?
21. I can make you pass.
22. Money can't get you love.
23. My dad made me realize that saving money is not everything; rather we should help needy people.
24. Time is making me realize my mistakes that I made in past.
25. You can't make everyone happy.
26. Dad can't get you a car as he doesn't have money at all.
27. I can't make you purchase.
28. Could he make her laugh?
29. He will have to make me realize, he is the best.
30. You will have to get this work done.
31. He makes me eat Burger.
32. He makes me eat good food.
33. When will you make me go America?
34. Ram was making us drink water.
35. That child made everyone laugh.
36. You have made me cry.
37. He is a comedian. He makes people laugh.
38. I can't make you sing as your voice is not fine.
39. Rahul will make me write his homework.
40. Why do you make him write your homework?
41. Whom did he make you call?
42. How did he get you this pen?
43. Your love made me realize.
44. You made me understand the value of love.
45. Your lecture motivated me.
46. You can't make him beat Ram.
47. You can't make Ram beat him.
48. I can't make you understand.
49. I made you fill the bucket.
50. Why did he make you spend the money?
51. What do I get done?
52. People will forcefully make you go there.
53. I will make only him read the book.
54. Ram will make you do this work.
55. I had gone to get the hair cut.
56. From where did you get the hair cut?
57. I have to get this work done.
58. Ram could have got the work done by me.
59. We can make Ram sing the song.
60. He will make me be beaten.
61. What am I making you understand?
62. He is making me teach his 2 batches.
63. We made him go out.
64. From whom will you get this done?
65. When nobody came, then Dad made us do it.
66. I made everyone eat the food in that hotel.
67. You made me tell a lie.
68. Ram makes me cry every day.
69. Until when will you get this work finished?
70. Can you make me learn dance?
71. We made him go but he didn't work there.
72. They will make you go America provided you prove them to be the best.
73. Even if he makes me work for him today, but in future I will show him what actually I am.
74. Bobby made me eat the delicious food, which his mom had cooked.
75. You made me learn computer.
76. Your love made me come back to you.
77. He made us drink coke.
78. Rahul made us exercise.
79. You made me be beaten.
80. You made me beat him.
81. Rahul made me get some money from him.
82. I got the hair cut.
83. Rahul gets the hair cut from here.
84. Will you get the hair cut?
85. How can I get this work done?

Causative Verbs (Get & Make) – Test Papers

<u>Test – I</u>

Q1: Translate the following sentences into Hindi: 50 x 1 = 50

1. I got it done myself.
2. Can you make him come?
3. Ram made him go.
4. People makes you fool.
5. Pen made me remember you.
6. They should not make you work in place of study.
7. Get me something to read.
8. He got me nothing to eat.
9. Rohit is making me understand.
10. He used to make me eat the food.
11. By whom will you get this done?
12. Rahul got the bucket filled by me.
13. He makes only me write his homework.
14. My circumstances made me work there.
15. Your thinking got you good money.
16. He makes you smile.
17. I made him join there.
18. Computer was got repaired.
19. He made me drink coke.
20. Do you want to get this done by me?
21. I made him beat Rahul.
22. I made Rahul beat him
23. I am getting the hair cut.
24. I couldn't make you feel happy.
25. Seeta makes Ram cry.
26. He can never make me go there.
27. I got this mobile repaired by Sagar.
28. He was making me understand.
29. Saleem made Sagar call Rahul.
30. Saleem made Sagar come.
31. Why are you making us fool?
32. I will make him fool.
33. They both make her do their homework.
34. Aren't you getting food prepared?
35. Life is making me go where I don't want to.
36. As soon as Dad came, he made us work.
37. Mom makes us feel comfortable.
38. His personality makes us feel that we should also work on our personality.
39. Ram made us realize how important money is.
40. You make me realize how bad I am.
41. I am trying to make to understand.
42. I have to get this work done.
43. From where did you get the hair cut?
44. Life will make you realize one day.
45. That boy makes me angry.
46. I was in exam. She got me answers.
47. Such incidences make us realize.
48. Nobody can make you fool.
49. How can you make him go there?
50. You made me tell a lie.

<u>Answers</u>

1. I got it done myself. मैंने ये खुद करवाया ।
2. Can you make him come? क्या तुम उसे बुलवा सकते हो ?
3. Ram made him go. राम ने उसे भिजवाया ।
4. People makes you fool. लोग तुम्हें बेवकूफ बनाते हैं।
5. Pen made me remember you. पैन ने मुझे तुम्हारी याद दिलाई ।
6. They should not make you work in place of study.
   उन्हें तुमसे पढ़ाई के बजाय काम नहीं करवाना चाहिए।
7. Get me something to read. मुझे पढ़ने को कुछ दिलवा दो।
8. He got me nothing to eat. उसने मुझे खाने को कुछ नहीं दिलवाया।

9. Rohit is making me understand.	रोहित मुझे समझा रहा है।
10. He used to make me eat the food.	वो मुझे खाना खिलवाता था।
11. By whom will you get it done?	तुम ये किससे करवाओगे ?
12. Rahul made me fill the water.	राहुल ने मुझसे पानी भरवाया ।
13. He makes only me write his homework.	वो केवल मुझसे अपना होमवर्क लिखवाता है।
14. My circumstances made me work there.	मेरे हालातों ने मुझसे वहाँ काम करवाया ।
15. Your thinking got you good money.	तुम्हारी सोच ने तुम्हें अच्छा पैसा दिलवाया ।
16. He makes you smile.	वो तुम्हें हँसाता है।
17. I made him join there.	मैंने उसे वहाँ जॉईन करवाया ।
18. Computer was got repaired.	कम्प्यूटर ठीक करवाया गया ।
19. He made me drink coke.	उसने मुझे कोक पिलाई/पिलवाई।
20. Do you want to get this done by me?	क्या ये तुम मुझसे करवाना चाहते हो ?
21. I made him beat Rahul.	मैंने राहुल को उससे पिटवाया ।
22. I made Rahul beat him	मैंने उसको राहुल से पिटवाया ।
23. I am getting the hair cut.	मैं बाल कटवा रहा हूँ ।
24. I couldn't make you happy.	मैं तुम्हें खुश नहीं कर पाया ।
25. Seeta makes Ram cry.	सीता राम को रूलाती है।
26. He can never make me go there.	वो मुझे वहाँ कभी नहीं भिजवा सकता ।
27. I got this mobile repaired by Sagar.	मैंने ये मोबाइल सागर से ठीक करवाया।
28. He was making me understand.	वो मुझे समझा रहा था।
29. Saleem made Sagar call Rahul.	सलीम ने राहुल को सागर से कॉल करवायी ।
30. Saleem made Sagar come.	सलीम ने सागर को बुलवाया ।
31. Why are you making us fool?	तुम हमें बेवकूफ क्यों बना रहे हो ?
32. I will make him fool.	मैं उसे बेवकूफ बनाऊँगा ।
33. They both make her do their homework.	वो दोनों उससे अपना होमवर्क करवाते हैं ।
34. Aren't you getting food prepared?	क्या तुम खाना नहीं बनवा रहे ?
35. Life is making me go where I don't want to.	ज़िन्दगी मुझे वहाँ भिजवा रही है, जहाँ मैं जाना नहीं चाहता।
36. As soon as Dad came, he made us work.	जैसे ही पापा आये, उन्होंने हमसे काम करवाया ।
37. Mom makes us feel comfortable.	माँ हमें आराम महसूस करवाती है।
38. He makes us feel that we are nothing.	वो हमें महसूस करवाता है कि हम कुछ नहीं हैं।
39. Ram made us realize how important money is.	राम ने हमें महसूस करवाया कि पैसा क्या मयाने रखता है।
40. You make me realize how bad I am.	तुम मुझे अहसास दिलाते हो कि मैं कितना बुरा हूँ।
41. I am trying to make you understand.	मैं तुम्हें समझाने की कोशिश कर रहा हूँ।
42. I have to get this work done.	मुझे ये काम करवाना है।
43. From where did you get the hair cut?	तुमने बाल कहाँ से कटवाये ?
44. Life will make you realize one day.	ज़िन्दगी तुम्हें एक दिन महसूस करवायेगी ।
45. That boy makes me angry.	वो लड़का मुझे गुस्सा दिलाता है।
46. I was in exam. She got me answers.	मैं इग्ज़ाम में था। उसने मुझे उत्तर दिलवाये।
47. Such incidences make us realize.	ऐसी घटनाएँ हमें महसूस करवाती है।
48. Nobody can make you fool.	तुम्हें कोई भी बेवकूफ नहीं बना सकता ।
49. How will you make him go there?	तुम उसे वहाँ कैसे भिजवाओगे ?
50. You made me tell a lie.	तुमने मुझसे झूठ बुलवाया ।

Test – II

Q1: Translate the following sentences into Hindi: 30 x 1 = 30

1. Child made me come.
2. Rahul had got the work done.
3. I wanted to make you meet Seeta.
4. I must get the work done by you.
5. You can make me do this.
6. I will make them go somewhere else.
7. We have to get the hair cut.
8. Ram used to make me go.
9. I have to get mom a saree.
10. Ram will get it done himself.
11. Children will make you happy.
12. Papa got me a watch.
13. Friend made me meet his family members.
14. I had made Rahul purchase a pen.
15. Why did he get the hair cut from there?
16. I made my mom apply Mahendi onto my hair.
17. He made me spend money.
18. You always make me cry.
19. I can make him laugh.
20. Meet him lest he should make you go America.
21. Get the food cooked.
22. Get the poor few clothes.
23. You must get us something.
24. Make me meet him once.
25. Make us listen to this story once.
26. Make Ram come from there lest he should die.
27. I got my heart broken.
28. Don't make me fool.
29. He is making us laugh.
30. They were making us fight each other.

Answers

1. Child made me come.	बच्चे ने मुझे बुलवाया।
2. Rahul had got the work done.	राहुल ने काम करवाया था।
3. I wanted to make you meet Seeta.	मैं तुम्हें सीता से मिलवाना चाहता था।
4. I must get the work done by you.	मुझे तुमसे काम ज़रूर करवाना चाहिए।
5. You can make me do this.	तुम मुझसे ये करवा सकते हो।
6. I will make them go somewhere else.	मैं उन्हें कहीं और भिजवा दूँगा।
7. We have to get the hair cut.	हमें बाल कटवाने हैं।
8. Ram used to make me go.	राम मुझे भिजवाता था।
9. I have to get mom a saree.	मुझे मम्मी को एक साड़ी दिलवानी है।
10. Ram will get it done himself.	राम ये खुद करवायेगा।
11. Children will make you happy.	बच्चे तुम्हें खुश करेंगे।
12. Papa got me a watch.	पापा ने मुझे घड़ी दिलवायी।
13. Friend made me meet his family members.	दोस्त ने मुझे अपने घरवालों से मिलवाया।
14. I had made Rahul purchase a pen.	राहुल को मैंने एक पैन खरीदवाया था।
15. Why did he get the hair cut from there?	उसने बाल वहाँ से क्यों कटवाये ?
16. I made my mom apply Mahendi onto my hair.	मैंने अपनी मम्मी से बालों में मेंहदी लगवाई।
17. He made me spend money.	उसने मुझसे पैसे खर्च करवाये।
18. You always make me cry.	तुम हमेशा मुझे रूलाते हो।
19. I can make him laugh.	मैं उसे हँसा सकता हूँ।
20. Meet him lest he should make you go America.	उससे मिलो ऐसा न हो वो तुम्हें अमेरिका भिजवा दे।
21. Get the food cooked.	खाना बनवा लो।
22. Get the poor few clothes.	गरीबों को कुछ कपड़े दिलवा दो।
23. You must get us something.	तुम्हें हमें कुछ तो दिलवाना ही चाहिए।
24. Make me meet him once.	मुझे उससे एक बार मिलवा दो।
25. Make us listen to this story once.	हमें ये कहानी एक बार सुनवा दो।
26. Make Ram come from there lest he should die.	राम को वहाँ से वापस बुलवा लो कहीं वो मर न जाए।
27. I got my heart broken.	मैंने अपना दिल तुड़वा लिया।
28. Don't make me fool.	मुझे बेवकूफ मत बनाओ।
29. He is making us laugh.	वो हमें हँसा रहा है।
30. They were making us fight each other.	वो हमें एक दूसरे से लड़वा रहे थे।

Lesson – 26

Active & Passive Voice {ऑडियो लैक्चर भी सुनिये}

Active Voice में वे वाक्य होते हैं जिनमें Subject भी दिया होता है व Subject के द्वारा किये गये कार्य का भी वर्णन होता है। वे सभी वाक्य जो हमने "Tense" चैप्टर में पढ़े थे, सभी Active Voice में माने जाते हैं।

Passive Voice में वे वाक्य होते हैं जिनमें क्रिया तो होती है पर या तो वाक्य में Subject का जिक्र ही नहीं होता और अगर ज़िक्र होता भी हो तो ऐसे वाक्यों में Subject के साथ "द्वारा" का प्रयोग किया जाता है।

आइए विस्तार से समझें। ऑडियो लैक्चर को भी ज़रुर सुनें।
Let's understand in detail. Do listen to audio lecture as well.

Concept – Passive of Tenses

There are two voices of the Tense Sentences: **1) Active Voice 2) Passive Voice**

चलिए, नीचे दिए गये उदाहरणों से समझते हैं –
Let's understand with the help of following examples –

वाक्य (Sentence)	***Active Voice / Passive Voice***	***Explanation***
मैं जा रहा हूँ।	Active Voice	Subject है "मैं" जो क्रिया को कर रहा है। क्रिया है "जाना"। चूँकि Subject दिया गया है इसलिए यह Active Voice है।
मुझे भेजा जा रहा है।	Passive Voice	मुझे भेजा जा रहा है किसी के द्वारा। पर कौन भेज रहा है, ये नहीं बताया गया। जो मुझे भेज रहा है वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।
मुझे राम के द्वारा भेजा जा रहा है।	Passive Voice	जो मुझे भेज रहा है वो है राम यानि भेजने की क्रिया को राम कर रहा है। इसलिए राम Subject है। इस वाक्य में Subject दिया तो गया है पर "द्वारा" के साथ प्रयोग किया गया है इसलिए यह Passive Voice है।
हमें बताया गया था।	Passive Voice	हमें बताया गया था किसी के द्वारा। पर कौन बता रहा है, ये नहीं बताया गया। जो हमें बता रहा है वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।
राम को पीटा जायेगा।	Passive Voice	राम को पीटा जायेगा किसी के द्वारा। पर कौन पीटेगा, ये नहीं बताया गया। जो राम को पीटेगा, वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।

मैंने खाना खा लिया है।	Active Voice	Subject है मैं जो क्रिया को कर चुका है। क्रिया है "खाना"। चूँकि Subject दिया गया है इसलिए यह Active Voice है।
उसे पूछा गया।	Passive Voice	उसे पूछा गया किसी के द्वारा। पर किसने पूछा, ये नहीं बताया गया। जिसने पूछा, वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।

ये पहचान करना बहुत ज़रुरी है कि वाक्य Active Voice में है या Passive Voice में।
It's vital to recognize whether the sentence is in active voice or in passive voice.

अगर Active Voice में है तो Tense के हिसाब से helping verb लगाइए। जैसा आपने Tense के चैप्टर में पढ़ा है। अगर Passive Voice में है तो helping verb नीचे टेबल के हिसाब से ही लगाइए। और एक बहुत ज़रुरी बात ये है कि Passive Voice में हमेशा Verb की 3rd form का ही प्रयोग होता है।

If the sentence is in active voice, then you need to simply follow the rules taught in 'Tenses' chapter. If in passive voice, then the helping verbs are to be used exactly the way written in the table below. Also note that in passive sentences, 3rd form of the verb is to be used.

Tense	***Active Voice (AV) Helping Verbs***	***Passive Voice (PV) Helping Verbs***
Present Indefinite (ता, ते, ती)	Do, Does	Is, Am, Are
Present Continuous (रहा है, रही है, रहे हैं)	Is, Am, Are	Is, Am, Are + being
Present Perfect (चुका है, चुकी है, चुके हैं, लिया है, दिया है, ली है, दी है, की है)	Has, Have	Has been, Have been
Present Perfect Continuous (रहा है, रही है, रहे हैं। समय के साथ से का प्रयोग)	Has been, Have been	-
Past Indefinite (आया, गया, लिया, दिया, ली, दी, की)	Did	Was, were
Past Continuous (रहा था, रही थी, रहे थे)	Was, Were	Was, Were + being
Past Perfect (चुका था, चुकी थी, चुके थे, लिया था, दिया था, ली थी, दी थी, की थी)	Had	Had been
Past Perfect Continuous (रहा था, रही थी, रहे थे। समय के साथ से का प्रयोग)	Had been	-
Future Indefinite (गा, गे, गी)	Will	Will be

Future Continuous (रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे)	Will be	-
Future Perfect (चुका होगा, चुकी होगी, चुके होंगे, लिया होगा, दिया होगा, ली होगी, दी होगी, की होगी)	Will Have	Will have been
Future Perfect Continuous (रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे। समय के साथ से का प्रयोग)	Will have been	-

चार ऐसे Tense हैं जिनके Passive Voice नहीं होते –
There are four tenses that don't have their passive voices –

1. Present Perfect Continuous Tense
2. Past Perfect Continuous Tense
3. Future Continuous Tense
4. Future Perfect Continuous Tense.

Examples:

वाक्य ***Sentences***	***Tense पहचानिए*** ***Identify the Tense***	***Active/ Passive***	***अनुवाद*** ***Translation***
मुझे स्कूल भेजा गया।	Past Indefinite	Passive	I was sent to school.
राम को बताया गया है।	Present Perfect	Passive	Ram has been told.
पापा को बुलाया जायेगा।	Future Indefinite	Passive	Dad will be called.
मैंने सोचा था।	Past Perfect	Active	I had thought.
तुम्हारा नाम क्यों लिया जा रहा है ?	Present Continuous	Passive	Why is your name being called?
उसे दिल्ली में देखा गया।	Past Indefinite	Passive	He was seen in Delhi
बच्चों ने पत्थर फेंके।	Past Indefinite	Active	Children threw the stones.
उसे डाँटा जा रहा था।	Past Continuous	Passive	He was being scolded.
पत्थर फेंके जाऐंगे।	Future Indefinite	Passive	Stones will be thrown.
हमें क्यों डाँटा जाता है ?	Present Indefinite	Passive	Why are we scolded?
क्या अमन को भेजा गया होगा ?	Future Perfect	Passive	Will Aman have been sent?

यशी को क्यों बुलाया गया ?	Past Indefinite	Passive	Why was Yashi called?
पापा को क्या कहा गया है ?	Present Prefect	Passive	What has Dad been told?
हमें इतना क्यों परेशान किया जा रहा है ?	Present Continuous	Passive	Why are we being bothered this much?
मैंने क्या कहा था ?	Past Perfect	Active	What had I said?
मुझे क्या कहा गया था ?	Past Perfect	Passive	What had I been said?

<u>Concept – Passive of Modals</u>

चलिए, नीचे दिए गये उदाहरणों से समझते हैं –
Let's understand with the help of following examples –

Sentence	***Active Voice / Passive Voice***	***Explanation***
मैं जा सकता हूँ।	Active Voice	Subject है "मैं" और क्रिया है "जाना"। चूँकि Subject दिया गया है इसलिए यह Active Voice है।
मुझे भेजा जा सकता है।	Passive Voice	मुझे भेजा जा सकता है किसी के द्वारा। क्रिया है "भेजना"। पर कौन भेज सकता है, ये नहीं बताया गया। जो मुझे भेज सकता है वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।
मुझे राम के द्वारा भेजा जा सकता है।	Passive Voice	जो मुझे भेज सकता है वो है राम यानि भेजने की क्रिया को राम कर सकता है। इसलिए राम Subject है। इस वाक्य में Subject दिया तो गया है पर "द्वारा" के साथ प्रयोग किया गया है इसलिए यह Passive Voice है।

ये पहचान करना बहुत ज़रुरी है कि वाक्य Active Voice में है या Passive Voice में।
It's vital to recognize whether the sentence is in active voice or in passive voice.

अगर Active Voice में है तो Modal के हिसाब से helping verb लगाइए। जैसा कि आपने Modal चैप्टर में पढ़ा है। पर अगर वाक्य Passive Voice में है तो आपको सिर्फ इतना करना है कि जिन modals के साथ क्रिया की फर्स्ट फार्म लगती है जैसे can, could, should, must, may, might, has to, have to, had to, will have to, would like to आदि, उनके साथ 'be' लगा देना है और जिन modals के साथ क्रिया की थर्ड फार्म लगती है जैसे could have, should have, must have, may have, might have आदि, उनके साथ 'been' लगा देना है। नीचे टेबल के माध्यम से समझिए। और एक बहुत ज़रुरी बात ये कि Passive Voice में हमेशा Verb की 3rd form का ही प्रयोग होता है।

If the sentence is in active voice, then you need to simply follow the rules taught in 'Modals' chapter. If in passive voice, then what you have to do is: the modals which use 1st form of the verb like can, could etc, you have to just add 'be' with them in passive voice and the modals which use 3rd form of the verb like could have, should have etc, you have to add 'been' with them. Let's understand with the following table:
Also to be noted that you have to always use the 3rd form of the verb in passive voice sentences.

Sentence	***Modal***	***Active/ Passive Voice***	***Translation***	***Explanation***
मुझे भेजा जा सकता है।	Can	Passive voice	I can be sent.	can एक ऐसा modal है जिसके साथ क्रिया की फर्स्ट फार्म लगती है इसलिए Passive voice में can के साथ be लगा देंगे। We use 1st form of the verb with 'can' that's why in passive voice, we'll use 'be' with 'can'.
राम को पैसे दिए जाने चाहिए।	Should	Passive voice	Ram should be given money.	should एक ऐसा modal है जिसके साथ क्रिया की फर्स्ट फार्म लगती है इसलिए Passive voice में should के साथ be लगा देंगे। We use 1st form of the verb with 'should' that's why in passive voice, we'll use 'be' with 'should'.
बच्चों को पढ़ाया जा सकता था।	Could have	Passive voice	Children could have been taught.	Could have एक ऐसा modal है जिसके साथ क्रिया की थर्ड फार्म लगती है इसलिए Passive voice में could have के साथ been लगा देंगे। We use 3rd form of the verb with 'could have' that's why in passive voice, we'll use 'been' with 'could have'.
तुम्हें अमेरिका भेजा जाना चाहिए था।	Should have	Passive voice	You should have been sent to America.	Should have एक ऐसा modal है जिसके साथ क्रिया की थर्ड फार्म लगती है इसलिए Passive voice में should have के साथ been लगा देंगे। We use 3rd form of the verb with 'should have' that's why in passive voice, we'll use 'been' with 'should have'.
आज तुम्हें स्कूल में गिफ्ट दिया जाना है।	Have to	Passive voice	You have to be given a gift in school today.	Have to एक ऐसा modal है जिसके साथ क्रिया की फर्स्ट फार्म लगती है इसलिए Passive voice में have to के साथ be लगा देंगे। We use 1st form of the verb with 'have to' that's why in passive voice, we'll use 'be' with 'have to'.

Examples:

Sentences	*Identify the Modal*	*Active/ Passive*	*Translation*
मुझे स्कूल भेजा जा सकता है।	Can	Passive	I can be sent to school.
राम को पूछा सकता है कि वो कहाँ था।	Can	Passive	Ram can be asked where he was.
पापा को बुलाया जाना चाहिए।	Should	Passive	Dad should be called.
तुम्हें किताब दी जानी है।	Have to	Passive	You have to be given a book.
उसे डाँटा जाना चाहिए था।	Should have	Passive	He should have been scolded.
उसे दिल्ली बुलाया जा सकता था।	Could have	Passive	He could have been called Delhi.
हमें पढ़ाया जाता था।	Used to	Passive	We used to be taught.
हमें नहीं पढ़ाया जाता था।	Used to	Passive	We didn't use to be taught.
क्या हमें पढ़ाया जाता था ?	Used to	Passive	Did we use to be taught?
क्या हमें नहीं पढ़ाया जाता था ?	Used to	Passive	Did we not use to be taught?

Concept – Passive of Let

Let एक क्रिया है इसलिए जिस तरह हमने Tense के Passive Voice बनाये थे, ठीक उसी तरह बनायेंगे।

इस चैप्टर को पढ़ने से पहले आपको नीचे दिये गये दोनों चैप्टर पढ़े होने चाहिए और समझ भी आने चाहिए।

1. Let
2. Passive of Tenses

बिना ये दोनों चैप्टर पढ़े और समझे आप इस चैप्टर को अच्छी तरह नहीं समझ पायेंगे।
चलिए, नीचे दिए गये उदाहरणों से समझते हैं।

Sentence	*Active Voice / Passive Voice*	*Explanation*
राम मुझे सोने देता है।	Active Voice	Subject है "राम" जो क्रिया को करने देता है। प्रमुख क्रिया है "करने देना" और दूसरी क्रिया "सोना"। चूँकि Subject दिया गया है इसलिए यह Active Voice है।
मुझे सोने दिया जा रहा है।	Passive Voice	मुझे सोने दिया जा रहा है किसी के द्वारा। पर कौन मुझे सोने का काम करने दे रहा है, ये नहीं बताया गया। जो मुझे इस काम को करने दे रहा है वही तो Subject है। इस वाक्य में Subject नहीं दिया गया है इसलिए यह Passive Voice है।

सीता ने राम को पूछने दिया।	Active Voice	Subject है सीता। इस वाक्य में Subject दिया गया है इसलिए यह Active Voice है।
राम को पूछने दिया गया।	Passive Voice	किसने राम को पूछने का काम करने दिया, ये नहीं बताया गया। Subject नहीं दिया गया है। इसलिए यह Passive Voice है। अगर Subject दिया भी जाता तो कुछ इस तरह से कि "राम को सीता के द्वारा पूछने दिया गया।" सीता जो कि Subject है उसे "द्वारा" के साथ प्रयोग किया जाता। तब भी तो वाक्य Passive Voice ही होता।

अगर वाक्य Active Voice में है तो वाक्यों को उसी तरह से बनायेंगे जैसा आपने 'Let' चैप्टर में पढा था।
अगर वाक्य Passive Voice में है तो helping verb उसी टेबल के हिसाब से ही लगाऐंगे जो टेबल आपने 'Passive of Tenses' में देखी।
आपको बताया जा चुका है कि Passive Voice में हमेशा Verb की 3rd form का ही प्रयोग होता है।
बस ये ध्यान रहे कि "Let" की तीनों forms "Let" ही हैं।

Examples:

Sentences	Identify the Tense	Active/ Passive	Translation
मुझे स्कूल जाने दिया गया।	Past Indefinite	Passive	I was let go to school.
राम को इग्ज़ैम में बैठने नहीं दिया गया है।	Present Perfect	Passive	Ram has not been let sit in the exam.
पापा को आने दिया जायेगा।	Future Indefinite	Passive	Dad will be let come.
उसे खेलने दिया जा रहा था।	Past Continuous	Passive	He was being let play.

Active & Passive Voice - Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

1. तुम्हें डाँटा जाता है।
2. हमें पीटा जा रहा था।
3. मुझे एक किताब दी जायेगी।
4. इस पुरस्कार के लिए केवल एक आदमी चुना जाता है।
5. मुझे तुम्हारे बारे में बताया गया है।
6. भारत को शान्तिप्रिय देश के रुप में जाना जाता है।
7. क्या उसे भेजा गया ?
8. तुम्हारे लिए स्पैशल खाना बनाया जा रहा है।
9. उनके साथ वहाँ बुरा बर्ताव किया गया।
10. उसे एक महान योद्धा के रुप में जाना जाता था।
11. ये लिखा जा चुका है।
12. क्या उसे प्यार किया जाता है ?
13. फिल्म के मेगा हिट होने की घोषणा हो चुकी है।
14. गैंग के मुखिया को 2 बजे मार्केट में देखा गया है।
15. क्या उन्हें इस शरारत के लिए डाँटा गया ?
16. दोनों दोषियों की पहचान की जा चुकी है।
17. चाय हर सुबह पी जाती है।
18. उसे किसके साथ भेजा गया ?
19. उसे मर्डर के बारे में क्यों नहीं पूछा जाता ?
20. 4 टिकटें बुक कर ली गयी हैं।
21. किस्मत से मुझे वहाँ भेजा गया और मैं तुमसे मिला ।
22. मुझे एक अध्यापक के रुप में जाना जाता है।
23. बच्चों को बाहर भेजा गया।
24. मुझे इसके बारे में सूचित नहीं किया गया।
25. किताबें छापी जा रही हैं।
26. इस जगह से कुछ कुर्सियाँ हटाई गई हैं।
27. इस इलाके में कारें नहीं चलाई जाती।
28. उसे कब तक नहीं पूछा गया ?
29. हर जगह मिठाइयाँ बाँटी जा रही हैं।
30. वहाँ एक बिल्डिंग बनाई जा चुकी है।
31. वो पुलिस के द्वारा पकड़ा गया ।
32. प्याज और आलू काफी अधिक मात्रा में काटे गये ।
33. अपराधियों को ढूँढा जा रहा है।
34. उसे गोली से मार दिया गया ।
35. बारिश के कारण मीटिंग रद्द कर दी गयी ।
36. घड़ी ठीक कराई गयी।
37. हमें ऐसा कुछ नहीं दिया गया है।
38. हमें वहाँ फालतू में क्यों भेजा जाता है ?
39. मुझे कहीं भेजा गया है।
40. क्या तुम्हें बताया गया है कि हम कहाँ हैं ?
41. एक विधार्थी को उसके सहपाठी द्वारा प्रताड़ित किया गया।
42. उसे ट्रक की ओर धक्का दिया गया ताकि वो मर जाए।
43. दीवाली खुशी से मनाई गई ।
44. क्या तुम्हें तुम्हारी लापरवाही के लिए दंड दिया जाएगा ?
45. हमें कहीं और भेजा जा रहा है।
46. पैन उठा लिया गया है।
